धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
13.02.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 211



12 रणबीर की रामायण में बिग बी की एंट्री

## न्यूज डायरी

### सौरभ तिवारी ने क्रिकेट को अलविदा कह दिया

**जमशेदपुर।** स्टार बल्लेबाज बल्लेबाज सौरभ तिवारी ने प्रोफेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। झारखंड का यह बल्लेबाज बड़े-बड़े छक्के लगाने के लिए मशहूर रहे। उन्हें कभी 'नेक्स धोनी' कहा जाता था। हालांकि, सौरभ का इंटरनेशनल करियर कभी धोनी की तरह परवान नहीं चढ़ पाया। 2010 में भारत के लिए तीन वनडे मैच खेले। तीन वनडे मैच खेलने के बाद टीम इंडिया के दरवाजे बंद हो गये। वह अभी रणजी ट्रॉफी में खेल रहे हैं। 15 फरवरी से झारखंड बनाम राजस्थान रणजी उनके करियर का अंतिम मुकाबला होगा। (विस्तार से पेज दस पर)

### मोदी ने रोजगार मेले में 1 लाख नियुक्ति पत्र बांटे

**नयी दिल्ली।** पीएम् मोदी ने सोमवार को वीसी के जरिये से नवनियुक्त एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिया। उन्होंने यहां एकीकृत परिसर कर्मयोगी भवन के पहले चरण की आधारशिला भी रखी। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न स्तंभों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देगा।

### परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की हादसे में मौत

**कोडरमा।** गिरिडीह-कोडरमा मार्ग के इंदरवा लोकाई के पास सोमवार को भीषण सड़क दुर्घटना में मैट्रिक की परीक्षा देकर बाइक से लौट एक छात्र की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल है।

### 100 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हजारीबाग।** रांची-रामगढ़ मार्ग पर स्थित चोरदाहा चेकपोस्ट पर सोमवार को हजारीबाग पुलिस ने पिकअप वैन पर लोड करीब 100 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गयी है।

### 14 को फिर झारखंड पहुंचेगी राहुल की यात्रा

**रांची।** राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर दूसरी बार 14 फरवरी को झारखंड की सीमा में प्रवेश करेंगे। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर के रास्ते भारत जोड़ो न्याय यात्रा गढ़वा की सीमा में प्रवेश करेगी। प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति उर्फ रिंकू तिवारी ने कहा कि इस दौरान 15 को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे भी शामिल होंगे।

### बस और कार की भिड़ंत में पांच लोग जिंदा जले

**मथुरा।** महाबन थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार को एक बस और एक कार की भिड़त में पांच लोग जिंदा जल गये। दादसे की सूचना पर डीएम और एसएसपी मौके पर पहुंचे।

### खिड़की काट सुधार गृह से भागे 22 बाल बंदी

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके के सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार अलसुबह 22 बाल अपचारी खिड़की की जाली काट फरार हो गये। एक साथ 22 बच्चों के फरार होने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## महिला महासम्मेलन में बोले सीएम चंपई सोरेन, राज्य के विकास में आपका बड़ा रोल

# आधी आबादी को सबल-सफल बनाना लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड की महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार कई तरह के प्रयास कर रही है। आधी आबादी को सफल और सबल बनाना झारखंड सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। राज्य की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर उन्हें हुनरमंद बना रहे हैं। घरेलू महिलाओं को उद्यमी बनाकर उनका आर्थिक विकास करने में जुटे हैं। रांची में सोमवार को आयोजित महिला महासम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम चंपई सोरेन ने उक्त बातें कही। मोरहाबादी मैदान में आयोजित इस सम्मेलन में राज्य भर से आयीं करीब 30 हजार महिलाओं ने हिस्सा लिया। सीएम समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर चंपई सोरेन ने महिलाओं के बीच 855 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण किया।



### बेहतर दिशा दे रही एसएचजी ग्रुप

मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-परिवार के साथ-साथ समाज और राज्य को सही दिशा देने में हमारे एसएचजी ग्रुप की बहन-बेटियां निरंतर बेहतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह समझने की जरूरत है कि महिलाएं हमारे समाज की आधारशिला होती हैं। उनके योगदान के बिना हमारा समाज अधूरा है। उन्होंने कहा कि पिछले 4 वर्षों में पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगातार सखी मंडल के माध्यम से राज्य में विकास से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है। साथ ही, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से लेकर अब तक करीब 1 लाख 40 हजार एसएचजी समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज के जरिए 8 हजार 247 करोड़ रुपए उपलब्ध कराये गये। वहीं, वर्ष 2019 से पहले यह राशि महज 642 करोड़ रुपये थी। महिला स्वयं सहायता ग्रुप के माध्यम से राज्य में छोटे-बड़े ग्रामीण उद्यमिता को भी जमकर बढ़ावा देने का कार्य हमारी सरकार निरंतर करती रही है। मुख्यमंत्री ने 55 हजार महिला सखी मंडलों के बीच 825 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं राज्यभर से पहुंचे महिला सखी मंडल की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**महिलाएं हर क्षेत्र में सक्षम :** सखी मंडल द्वारा आयोजि राज्यस्तरीय एक्स्पोजर एवं क्षमता संवर्धन शिविर सह महिला महासम्मेलन में उन्होंने कहा कि अब महिलाएं पुरुषों के बराबर सब कुछ करने में सक्षम हैं। महिलाओं के अनगिनत प्रेरक उदाहरण हम सभी के बीच मौजूद हैं। समाज सुधार, राजनीति, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, विज्ञान व अनुसंधान, व्यवसाय, खेलकूद और सैन्य बलों सहित कई क्षेत्रों में हमारी महिला बहनों और बेटियों ने अमूल्य योगदान दिया है। झारखंड की हमारी परिश्रमी बहनें और बेटियां राज्य की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। मैं आज इस मंच से यहां उपस्थित सभी महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों से अपील करना चाहता हूं कि आप अपनी प्रतिभा पहचाने और विश्वास के साथ आगे बढ़ें। हर कदम हर स्थिति में यह सरकार आपके साथ सदैव खड़ी रहेगी। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार जिस तरह आप दीदियों के साथ खड़ी थी, उसी तरह हम भी आपके हर दुःख और सुख में साथ रहेंगे।

**फ्लोर टेस्ट में नीतीश कुमार जीते,** राजद के तीन विधायकों ने पलटी मारी

## लालू राज में शाम को निकलना तक मुश्किल होता था : सीएम

- सरकार के पक्ष में 129 वोट पड़े, विपक्ष का वॉक आउट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार में नयी सरकार के गठन के 15 दिन बाद नीतीश सरकार ने सोमवार को विधान सभा में विश्वासमत प्राप्त कर लिया। सरकार के पक्ष में 129 वोट मिले जबकि इस दौरान विपक्ष ने वॉक आउट किया, इसलिए उसे 0 वोट मिले। इससे पहले राजद खेमे के तीन विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव सीएम नीतीश कुमार के समर्थन में आ आ गये थे। इससे पूर्व सदन में चर्चा के दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में 15 सालों तक लालू राबड़ी की सरकार थी, उन दिनों शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। 2005 से हमें काम करने का मौका मिला। हमारी सरकार में राजद को जब शिक्षा मंत्रालय मिला, तो वहां गड़बड़ी ये लोग करने लगे। (शेष पेज 11 पर)

### लालू-राबड़ी के बहाने तेजस्वी पर साधा निशाना



विश्वासमत पर चर्चा के दौरान नीतीश कुमार अपने पुराने रंग में दिखे। तेजस्वी यादव के सवालों पर पलटवार करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि मुझे 2005 से काम करने का मौका मिला है। तब से काम कर रहा हूं। जबकि आपके लालू-राबड़ी ने 15 साल काम किया। तब बिहार में क्या होता था। यह किसी भी बिहार के लोगों से पूछा जा सकता है। लेकिन जब हम लोगों को मौका मिला तो काम किया। तब और अब के बिहार का अंतर देखा जा सकता है। नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में 15 सालों तक लालू राबड़ी की सरकार थी, उन दिनों शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। 2005 से हमें काम करने का मौका मिला। हमारी सरकार में राजद को जब शिक्षा मंत्रालय मिला, तो वहां गड़बड़ी ये लोग करने लगे। इनके (तेजस्वी) माता पिता को 15 साल तक काम करने का मौका मिला, लेकिन इन्होंने क्या किया। हमने हिंदू मुस्लिम का झगड़ा बंद कराया। मैं अपनी पुरानी जगह (एनडीए) पर आ गया जहां मैं बहुत पहले था।

### झारखंड विस का बजट सत्र 23 से 2 मार्च तक

**रांची।** विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा जो 2 मार्च तक चलेगा। पंचम विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल की ओर से प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों को सदन के पटल पर रखा जायेगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का भी रखा जायेगा। वर्ष 24, 25 फरवरी को कोई बैठक नहीं होगी। 26 फरवरी को प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक पर चर्चा होगी। 27 फरवरी को प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय व्यय रखा जायेगा। 28 फरवरी को प्रश्नकाल और बजट के आय-व्यय पर सामान्य चर्चा होगी। 29 को प्रश्नकाल, वाद- विवाद और इस पर सरकार का उत्तर आने के अलावा मतदान होगा। 1 मार्च को प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान के अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय के विनियोग विधेयक का रखा जायेगा।

**कृषि ऋण ब्याज में चार फीसदी छूट समेत 25 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

## राज्य में जेट परीक्षा का रास्ता साफ

**चंपई कैबिनेट की बैठक**

- डिप्लोमा-इंजीनियरिंग के लिए छात्राओं को मिलेगी राशि
- छात्रों-किसानों के हित में कई अहम फैसले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इनमें झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेट परीक्षा) से संबंधित नियमावली के गठन की स्वीकृति समेत राज्य के किसानों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। अब किसानों को कृषि ऋण ब्याज में तीन नहीं चार प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह फायदा उन्हीं किसानों को मिलेगा जो एक साल में ऋण चुका देते हैं।

### युवाओं को खुशखबरी

चंपई कैबिनेट नें राज्य में लंबे समय से जेट परीक्षा आयोजित होने की प्रतिक्षा कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। कैबिनेट ने इस परीक्षा से संबंधित नियमावली को मंजूरी देते हुए इसके आयोजन का रास्ता प्रशस्त कर दिया है। इसके तहत झारखंड राज्य के विश्वविद्यालय अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति एवं एचडी में प्रवेश हेतु झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी जेट के आयोजन से संबंधित नियमावली के गठन की स्वीकृति प्रदान की गयी।




### छात्र-किसान हित में बड़ा फैसला

कैबिनेट की बैठक में राज्य के किसानों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। अब किसानों को कृषि ऋण ब्याज में तीन नहीं, चार प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह फायदा उन्हीं किसानों को मिलेगा, जो एक साल के अंदर ऋण चुका देते हैं। इसके अलावा कैबिनेट मंत्रियों के आवास निर्माण में राशि बढ़ोतरी के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इसके अलावा छात्रों के लिए बड़ी घोषणा की है। राज्य में दसवीं कक्षा पास करने वाले छात्रों को डिप्लोमा कोर्स के लिए 15000 रुपये देगी। इसका लाभ 3000 छात्राओं को मिलेगा। वहीं, 12वीं पास इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक के लिए 30 हजार का राशि हर साल मिलेगी।

**सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति को मंजूरी :** कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने कहा कि झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों, अंगीभूत एवं संबद्ध कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति स्वीकृति दी गयी। (शेष पेज 11 पर)

## हेमंत की याचिका पर अब 27 को हाइकोर्ट में सुनवाई

**इडी को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** इडी की कार्रवाई के खिलाफ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की संशोधित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इडी से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। ऐसे में अब मामले में अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। जस्टिस चंद्रशेखर की खंडपीठ में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। इडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और अधिवक्ता अमित दास ने दलील पेश की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने हेमंत सोरेन की ओर से दायर संशोधित पिटिशन पर जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को दो हफ्ते का समय दिया है। हेमंत सोरेन के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बताया कि पूर्व में आइए दायर हुआ था, जिसे कोर्ट ने स्वीकृत कर लिया है। इसको रिट पिटिशन माना गया है। उन्होंने कहा कि 5 फरवरी को हमारी तरफ से याचिका में संशोधन के लिए आइए दायर किया गया था। उसपर ईडी ने आपत्ति जताई थी। इडी की ओर से कहा गया था कि संशोधन नहीं हो सकता। (शेष पेज 11 पर)

### तीन दिन और रिमांड पर रहेंगे हेमंत

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन से इडी की पूछताछ आगे भी जारी रहेगी। कोर्ट ने इडी की मांग पर पुलिस रिमांड अवधि 72 घंटे और बढ़ा दी है। इससे पूर्व विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हेमंत सोरेन को 10 दिनों की ईडी रिमांड की अवधि समाप्त होने पर सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया। साथ ही और चार दिन की पुलिस रिमांड बढ़ाने की मांग करते हुए आवेदन दिया गया। इस पर दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने 72 घंटे पूछताछ करने और समय दिया। इडी ने हेमंत सोरेन को पुनः अपने साथ ले गयी। अगली पेशी अब 15 फरवरी को होगी। बहस के क्रम में इडी की और वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने कानूनी हवाला के तहत और पुलिस रिमांड पर बहस की। उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे जांच में और पूछताछ की जरूरत है। वहीं हेमंत सोरेन के वकील प्रदीप चंद्रा ने पुलिस रिमांड का विरोध किया। उन्होंने कहा कि मामले बहुत पहले दर्ज किया गया है, जो जांच होनी थी, हो चुकी है। अब आगे पुलिस रिमांड की जरूरत नहीं है। इडी कोर्ट ने दो फरवरी को पहली बार पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति दी थी। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

## फांसी से मुक्त हो कतर से लौटे सात भारतीय

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दुनिया में एकबार फिर दिखी कूटनीतिक कूटनीतिक सफलता। कतर में मौत की सजा पाये 8 पूर्व भारतीय नौसैनिक रिहा कर दिये गये। उनमें से 7 की वतन वापसी भी हो गयी। कतर की जेल में बंद भारतीयों को रिहा करवाने के लिए काफी लंबे समय से कूटनीतिक चर्चा चल रही थी। उसी का नतीजा सामने आये। भारतीय दवाब में कतर की एक अदालत ने सोमवार को भारतीय नौसेना के सभी आठ पूर्व नौसैनिकों को रिहा कर दिया है। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी किये बयान में इसकी जानकारी दी गयी। दरअसल, आठों पूर्व नौसैनिक कतर के खिलाफ जासूसी करने के आरोप में मिडिल ईस्ट के इस छोटे से देश की जेल में कैद थे। इन्हें कतर की अदालत ने मौत की सजा भी सुना दी थी। (शेष पेज 11 पर)

- भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता
- पीएम मोदी के साथ पर्दे के पीछ डोभाल की रही अहम भूमिका



### परिजनों ने लगायी थी रिहाई की गुहार

दरअसल, आठों भारतीयों की रिहाई के लिए कतर और भारत के बीच राजनयिक वार्ता चल रही थी। इसका नतीजा ये हुआ कि नौसैनिकों की मौत की सजा को बढ़ी हुई जेल की सजा में बदल दिया गया। जेल में रहने की अवधि और भी ज्यादा छोटी गयी। जब भारतीयों के परिजनों ने विदेश मंत्रालय से रिहाई के लिए गुहार लगायी। परिजनों की परेशानी को समझते हुए मंत्रालय ने सभी कानूनी उपायों और कूटनीतिक रास्तों के जरिए उन्हें रिहा करवा लिया है।

### विदेश मंत्रालय ने क्या कहा

विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा- भारत सरकार कतर में हिरासत में लिये गये अल-दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है। उनमें से आठ में से सात भारतीय सुरक्षित भारत लौट आये हैं।

### किस केस में कैद थे पूर्व नौसैनिक :

कतर की जेल में कैद आठों भारतीय पहले नौसैना में काम करते थे। इनपर कथित तौर पर कतर के सबमरीन प्रोग्राम की जासूसी का आरोप था, जिसके बाद आठों को गिरफ्तार किया। ये लोग अक्टूबर, 2022 से ही कतर की जेल में बंद थे।

अष्टम् पुण्यतिथि



स्व. वेद प्रकाश भाटिया जी
(10.12.1937-13.02.2016)

। न जायते म्रियते वा कदाचि - न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः ।
।। अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो - न हन्यते हन्यते हन्यमाने शरीरे ।।

अश्रूपूरित श्रद्धांजलि
समस्त भाटिया परिवार व समस्त कर्मचारीगण

# विधानसभा के अधिकारी समेत अन्य से पूछताछ जारी, बड़ा नेटवर्क होने की आशंका

**जेएसएससी पेपर लीक मामला**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी पेपर लीक मामले में रांची पुलिस ने जिस विधानसभा के अधिकारी समेत अन्य को गिरफ्तार किया है, उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। जांच कर रही एसआइटी की टीम को आशंका है कि प्रश्न पत्र लीक मामले में एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। पुलिस उन पंजाब की गाड़ियों के नंबर के आधार पर उन लोगों की भी तलाश कर रही है, जो परीक्षा के दिन रांची की सड़कों पर दौड़ रही थीं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से कई कागजातों के साथ साथ ब्लैंक चेक भी बरामद किया है। उन ब्लैंक चेक की भी छानबीन की जा रही है।

**क्या है पूरा मामला**

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (जेएसएससी) प्रश्न पत्र लीक मामले रांची पुलिस ने विधानसभा के अवर सचिव समेत तीन को गिरफ्तार किया था। झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो शमीम और उसके दो बेटों की गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस गिरोह में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है। इस मामले में रांची एसएसपी ने चार अलग अलग टीमें बनाई थी, जिसके बाद इस मामले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी, इसी दौरान मो शमीम के बारे में पुलिस को सूचना मिली जिसके बाद शमीम के साथ साथ उसके दो बेटों को धर दबोचा गया।

**छापेमारी अब भी जारी** : एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के मुताबिक, पेपर लीक मामले में कार्रवाई लगातार जारी है। मामले में झारखंड विधानसभा के अफसर की भूमिका सामने आई है, उसके खिलाफ कई सबूत भी पुलिस को हासिल हुए हैं। फिलहाल पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए छापेमारी अभी भी जारी है।

### ब्लैंक चेक, मोबाइल और एडमिट कार्ड बरामद

जेएसएससी पेपर लीक मामले की जांच कर रही एसआईटी को झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो शमीम के बारे में यह पुख्ता जानकारी मिली थी कि वह और उसके दो बेटे पेपर लीक मामले में संलिप्त हैं। जिसके बाद एसआईटी उनपर लगातार नजर रखे हुए थी. सूचना कन्फर्म होने पर एसआईटी ने शमीम के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान शमीम के ठिकानों से कई अभ्यर्थियों के द्वारा दिये गए ब्लैंक चेक, दर्जनों एडमिट कार्ड के साथ-साथ कई मोबाइल फोन भी बरामद किए गए।

## महासम्मेलन में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बतायी सरकार की उपलब्धि

# 33 हजार से ज्यादा महिलाओं को मिला फूलो-झानो आशीर्वाद योजना का लाभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि पिछले 4 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले महिला पुरुषों के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई गई हैं। फूलो झानो आशीर्वाद योजना के माध्यम से हड़िया-दारु के व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। चिह्नित महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए ₹50 हजार तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। राज्य में अब तक 33,000 से ज्यादा महिलाओं ने इसका लाभ उठाया और सम्मान जनक जीवन की शुरूआत की। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण परिवारों को रोजगार के एक या एक से अधिक साधनों से जोड़कर उनकी आय में गुणात्मक बढ़ोतरी का प्रयास कर रही है। मजदूर एवं किसानों को खेती के साथ-साथ गैर कृषि साधनों से भी जोड़ा जा रहा है।




**पीएम आवास योजना से वंचित परिवारों को देंगे अबुआ आवास** : मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के सोच को हम हर हाल में आगे बढ़ायेंगे। पीएम आवास योजना से वंचित हमारे गरीब जरूरतमंद परिवारों तक हम अबुआ आवास योजना का लाभ पहुंचायेंगे। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत अबुआ आवास योजना के लिए 30 लाख से ज्यादा आवेदन मिले हैं। हमारी सरकार 20 लाख पात्र परिवारों को अबुआ आवास देने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि हम यह मानते हैं कि रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य जीवन के लिए नितांत आवश्यक है।

### राज्य में शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के प्रयास जारी

सीएम श्री सोरेन ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार हो, इस निमित्त कई कार्य किया जा रहे हैं। हमारी सरकार राज्य के कई सरकारी स्कूलों को स्कूल आफ एक्सीलेंस में परिवर्तित करने का कार्य किया है। शिक्षा का दीया सदैव चमकता रहता है। राज्य के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने स्तर से पुरजोर कोशिश की। राज्य सरकार अब यहां के गरीब जरूर बच्चों को भी क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की ओर से यहां के आदिवासी दलित सहित सभी वर्ग समाज के बच्चों को भी विदेश में पढ़ाई करने के लिए मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत हर वर्ष 50 बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण के लिए विदेश के कई संस्थानों में राज्य सरकार द्वारा भेजा गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बच्चे-बच्चियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सके। इस निमित्त हमारी सरकार आगे भी निरंतर कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना राज्य सरकार की एक बेहतर योजना है। अब हमारे बच्चे भी डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, बीडीओ, सीओ सहित अन्य सरकारी अफसर बन सकेंगे। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना अध्यनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य संवारने में मददगार साबित होगी।

**21 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिया** : मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि 2019 से पहले राज्य में किसानों की हालत ठीक नहीं थी। 2019 से अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 21 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराया। राज्य में कृषि ऋण माफी योजना का लाभ भी किसानों को मिला। एक लाख एकड़ से अधिक भूमि में बिरसा हरित ग्राम योजना से फलदार पौधे लगाये गये। खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य जारी है। राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू की गई।

## व्हाट्सएप में विनोद कुमार सिंह ने हेमंत सोरेन को भेजा था नक्शा

# जिस जमीन के मामले में हेमंत सोरेन फंसे वहां पर थी बैंक्वेट हॉल बनाने की तैयारी

**इडी ने कहा: जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं हेमंत सोरेन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिस जमीन मामले में इडी की रिमांड पर हैं, उस जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की तैयारी थी। इडी हेमंत के खिलाफ सबूत एकत्र कर उनसे सवाल जवाब कर रही है। हालांकि, रिमांड नोट के मुताबिक बड़गाईं अंचल की जिस जमीन को अपनी जमीन मानने से हेमंत सोरेन इनकार कर रहे हैं, उसी जमीन पर वह बैंक्वेट हॉल बनाना चाहते थे। इसके लिए आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह ने उनके साथ बैंक्वेट हॉल का नक्शा भी साझा किया था। दोनों के बीच हुई व्हाट्सएप चैटिंग से एजेंसी को यह तथ्य हाथ लगा है। एजेंसी ने दावा किया है कि बड़गाईं अंचल की 8.5 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने के लिए विनोद कुमार सिंह ने 6 अप्रैल 2021 को हेमंत सोरेन को नक्शा भेजा था। इससे साफ है कि संबंधित जमीन पर हेमंत सोरेन का अवैध रुप से कब्जा था। एजेंसी की रिमांड नोट के मुताबिक पीएमएलए के सेक्शन 16 के तहत 10 फरवरी 2024 को अमीन, विनोद सिंह, भानु प्रताप की मौजूदगी में संबंधित प्लॉट का सर्वे किया गया था।

आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह ने बैंक्वेट हॉल का जो नक्शा शेयर किया है वह 8.5 एकड़ जमीन के लिहाज से ही तैयार किया गया था। जांच में पता चला है कि उस इलाके में इतना बड़ा खाली प्लॉट है ही नहीं। इससे साफ है कि उसी 8.5 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हॉल के लिए वृहद कंस्ट्रक्शन करने की तैयारी थी। तीसरी बार रिमांड मांगने के लिए इडी की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि पहले समन के दिन से ही हेमंत सोरेन अपने पावर का गलत इस्तेमाल कर साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। एजेंसी का कहना है कि इतने दिनों से जारी पूछताछ के दौरान हेमंत सोरेन कई चीजों को छिपा रहे हैं। वह जांच एजेंसी को सहयोग नहीं कर रहे हैं।

इडी का कहना है कि हेमंत सोरेन से उस मोबाइल को मांगा गया है जिसके जरिए उन्होंने अपने करीबी आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह के साथ चैटिंग की थी, लेकिन वह लगातार टाल मटोल कर रहे हैं। इडी ने कोर्ट को यह भी बताया है कि बड़गाईं में 8.5 एकड़ वाले प्लॉट पर बैंक्वेट हॉल बनाने और विशाल स्ट्रक्चर खड़ा करने से जुड़ी लंबी चौड़ी चैटिंग हुई है।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों के नए चैट का भी खुलासा

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों का नया चैट निकाला गया है। इडी का दावा यह भी है कि इस चैट में बरियातू की 8.5 एकड़ हेमंत सोरेन के कब्जे वाली जमीन पर होने वाले निर्माण से संबंधित कई मामले है जो पीएमएलए 2022 के अंतर्गत आते हैं। इसके साथ ही पूछताछ में हेमंत सोरेन द्वारा इडी को सहयोग नहीं करने का दावा किया गया है।

## 15 प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला

# अनवर हुसैन बने रांची नगर निगम के उप नगर आयुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरकार ने 15 झाप्रसे के अधिकारियों का तबादला किया है। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कल्याण उपनिदेशक निरंजन कुमार को उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक दंडाधिकारी जामताड़ा भेजा गया है। मो सादात अनवर को धनबाद का उप विकास आयुक्त बनाया गया है। परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव दिलेश्वर महतो को उप विकास आयुक्त गुमला, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त सचिव पशुपति नाथ मिश्रा को उप विकास आयुक्त गढ़वा, अतुल कुमार को सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार दुमका, दिनेश कुमार रंजन को सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार सिंहभूम प्रमंडल, अनवर हुसैन को उप नगर आयुक्त रांची नगर निगम, चंद्रभूषण सिंह को बंदोबस्त पदाधिकारी दुमका, मनीष कुमार को भूमि सुधार उप समाहर्त्ता गुमला, पदस्थापन की प्रतीक्षारत सुधीर कुमार को क्षेत्रीय निदेशक झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार रांची में पदस्थापित किया गया है। गोडडा के अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह को झारखंड पर्यटन विकास निगम सह उप निदेशक पर्यटन रांची, विशालदीप खलखो को समेकित जनजाति विकास अभिकरण पूर्वी सिंहभूम तथा जयदीप तिग्गा को समेकित जनजाति विकास अभिकरण सरायकेला- खरसांवा में पदस्थापित किया गया है।

## 19 आइएएस अधिकारियों का तबादला

# साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव उच्च शिक्षा विभाग के बने निदेशक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य में पदस्थापित भारतीय प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं वंदना दादेल को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का को प्रधान सचिव बनाया गया है। वे प्रधान सचिव के तौर पर अगले आदेश तक महिला बाल विकास के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगी। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव मनीष रंजन को राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड रांची का प्रभार सौंपा गया है। एससी-एसटी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अरवा राजकमल को ग्रेटर रांची विकास एजेंसी का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। जमशेदपुर के उपायुक्त मंजूनाथ भंजत्री को प्रशासक सुवर्णरेखा परियोजना, जमशेदपुर के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रभारी सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के उमा शंकर सिंह को मुख्य कार्यपालक दंडाधिकारी सिद्दो कान्हो कृषि वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पवन कुमार को झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी का परियोजना निदेशक बनाया गया है। श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा को कौशल विकास मिशन सोसायटी का अतिरिक्त प्रभार मिला है। आकांक्षा रंजन को निदेशक हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प माटी कला बोर्ड का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। सत्येंद्र कुमार को झारखंड राज्य खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक बनाया गया है।

वहीं अनन्य मित्तल को जमशेदपुर डीसी बनाया गया है। माधवी मिश्रा को झारखंड मेडिकल हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरेंट कॉरपोरेशन लि. का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। साहेबगंज डीसी राम निवास यादव को उच्च शिक्षा विभाग का निदेशक बनाया गया है। अपर सचिव योजना एवं विकास विभाग रांची के पद पर पदस्थापित जाधव विजया नारायण राव को चाईबासा जिला का उपायुक्त बनाया गया है।

### लोस चुनाव को लेकर 100 पुलिस का तबादला

**रांची।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए 3 साल व इससे अधिक समय से एक ही जिले में पदस्थापित रहे पुलिस सब-इंस्पेक्टर का तबादला कर दिया गया है। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने पत्र लिखा था कि जो भी पुलिस अधिकारी एक ही जिले में 3 साल या 3 साल से अधिक समय से हैं उनका जिला ट्रांसफर किया जाए। तबादला किए गए सभी पुलिस 2018 बैच के हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–31/2023–.24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 21.02.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.02.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Government Middle School Meru, Block- Sadar, District- Hazaribagh | 4960700/- | 100000/ | 5000/- | 04 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 318760 (Building) 23-24 (D)

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Very Short Term e-Procurement Notice Date –10-02-2024**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/19/ 2023-24 | Day to Day Maintenance work in Yojana Bhawan, Doranda Ranchi (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 5780900.00 | 12 Month |
| 2 | Date of Publication of Tender of Website | | 17-02-2024 at 3.00 PM | |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | | 17-02-2024 at 3.30 PM | |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 25-02-2024 at 02.00 PM | |
| 5 | Date/Time of Opening of Bid | | 26-02-2024 at 03.00 PM | |
| 6 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 7 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 8 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

PR 318731 (Building)23-24*D

Executive Engineer Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय रामगढ़**
**(समाज कल्याण शाखा)**
*E-mail Id- awc24.monitoring@gmail.com*

**-: आम सूचना :-**

महिला बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड सरकार राँची द्वारा जिला अतंर्गत संचालित सखी वन–स्टॉप सेंटर, रामगढ़ में विभिन्न सेवा प्रादाताओं को अनुबंधित करने के लिए कार्यालय पत्रांक 153/स0क0 रामगढ़ दिनांक 23.09.23 के द्वारा प्रथम/प्रारंभिक औपबंधिक मेधा सूची दावा आपत्ति हेतु **JAP-IT**के **Website**पर प्रकाशित किया गया था। दावा आपत्ति निस्तारण के पश्चात समिति के निर्देशानुसार द्वितीय औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशन के साथ शैक्षणिकप्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु तिथि निर्धारित करने का निदेश प्राप्त है।

उपरोक्त के आलोक में दित्तीय औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशित करते हुए शैक्षणिकप्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु निम्नवत तिथि के साथ स्थान निर्धारित किया जाता है :–

| क्र0 | पद का नाम | आवेदकों की संख्या | योग्य आवेदकों की संख्या | तिथि | स्थान एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | केन्द्र प्रशासक | 16 | 01 | 17.02.2024 | समाहरणालय ब्लॉक B सभाकक्ष, समय 11:00 बजे से 03:00 बजे तक |
| 2 | केस वर्कर | 25 | 01 | 17.02.2024 | |
| 3 | इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी | 66 | 03 | 17.02.2024 | |
| 4 | बहुउद्देशीय सहायक | 27 | 12 | 17.02.2024 | |
| 5 | सिक्युरिटि गार्ड | 28 | 08 | 17.02.2024 | |
| 6 | परामर्शदाता | 12 | 0 | - | |

सभी योग्य अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त के अनुसार निर्धारित तिथि को मूल प्रमाण–पत्रों के साथ उपस्थित होकर अपना शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण–पत्र का सत्यापन करायेंगे, साथ ही अपने आवेदन के साथ संलग्न अनुभव प्रमाण–पत्र में वर्णित अवधि का पारिश्रमिक राशि भुगतान से संबंधित साक्ष्य के रूप में **Bank Statement** की प्रतिप्रस्तुत करेंगे। वैसे अभ्यर्थी जो उक्त अवधि का पारिश्रमिक भुगतान से संबंधी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करेंगे उनकी अभ्यर्थिता को रद्द माना जायेगा।

दित्तीय औपबंधिक मेधा सूची **JAP-IT**के **Website**पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उपायुक्त, रामगढ़

PR 318652 District (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – 12/2023–24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान। | :– | दिनांक 19.02.2024 को 10.00 बजे पूर्वाह्न से 01.00बजे अपराह्न तक। (क)कार्यपालक अभियंता,ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला। (ख) सहायक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य अवर प्रमण्डल, गुमला–1 । (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान। | :– | दिनांक 20.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक। जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | :– | दिनांक 20.02.2024 को 4.00 बजे अपराह्न में। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला। |
| 5 | कार्य मद | :– | Critical Gap |
| 6 | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पालकोट | Construction of PCC Road from Banidega to Kanharkona Pujartoli, Part-A | 2476700.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह | प्रथम |
| 2 | पालकोट | Construction of PCC Road from Banidega to Kanharkona Pujartoli, Part-B | 2496600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह | प्रथम |

निविदा की शर्तें:–

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2- S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) देना अनिवार्य होगा।
3. निविदा संबंधित सभी कागजात स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड– 835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा संबंधित सभी कागजात निर्धारित तिथि एवं समय (20.02.2024 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 318761 Rural Work Department(23-24)#D

**राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)**
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
ए–23, सेक्टर–62, (संस्थागत क्षेत्र), नोएडा–201309 (उ0प्र0)

**स्वरोजगार हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रम**
(अपना व्यवसाय शुरू करने का सुनहरा अवसर)
अहर्ता: 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार/ड्रॉप आउट
**प्रतिभागियों का चयन 16.02.2024**
स्थान: गांधी हाई स्कूल मायापुर, पांडेबारा, पी.एस. चौपारण, हजारीबाग, पिन कोड 825406
**सीमित सीटें : 60**
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:–
कोर्स निदेशक मनीश कुमार मो0 88268 94375
manish@niesbud.gov.in www.niesbud.nic.in
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार**
(आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प))

**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़**
**इच्छा की अभिव्यक्ति**

नगर परिषद् रामगढ़ के कार्यालय एवं अन्य कार्यो के लिए नवीनतम बोलेरो/स्कॉर्पियो वाहन (Bolero/Scorpio) की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति किराया पर वाहन नगर परिषद्, रामगढ़ में देना चाहे तो वे दिनांक 21.02.2024 तक वाहन के सभी कागजातों की फोटो कॉपी एवं मासिक दर का उल्लेख करते हुए लिखित आवेदन समर्पित कर सकते है। न्यूनतम दर के आधार पर वाहन मासिक किराया पर लिया जायेगा। वाहन किराये में देने के पूर्व एकरारनामा भी सम्पादित कराना आवश्यक होगा। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय की अवधि में कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोट :– मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत क्रय किये गये वाहनों को कार्यालय में रखने हेतु प्राथमिकता दी जायेगी।

प्रशासक
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR.NO.318670 District(23-24):D

## खबर एक नजर में

### सीएम को श्री शिव बारात में शामिल होने का आमंत्रण



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से सोमवार को श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा आगामी आठ मार्च को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया है। मौके पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने महासमिति के सदस्यों से महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री शिव बारात के आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली।

### फैयाज खान की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाले के आरोपी फैयाज खान को अभी जेल में रहना पड़ेगा। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सोमवार को पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने फैयाज खान की जमानत अर्जी खारिज कर दी। वह इस मामले में 14 अप्रैल 2023 से जेल में है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए सात फरवरी को अर्जी दाखिल की थी। इसी मामले में छवि रंजन, कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल भी आरोप है।

### भगवान भगत की अर्जी पर सुनवाई जारी

**वीरेंद्र राम समेत पांच आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी**

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोपी पंकज मिश्रा के फंड मैनेजर भगवान भगत की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख निर्धारित की गई है। भगवान भगत ने अपने आप को आरोप मुक्त की गुहार लगाते हुए 9 फरवरी को अर्जी दाखिल की है। वहीं मामले के आरोपी टिंकल भगत की डिस्चार्ज अर्जी पर भी 17 फरवरी को ही सुनवाई होगी। इधर, मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी जेल में बंद वीरेंद्र राम एवं चचेरे भाई आलोक रंजन समेत पांच आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। सोमवार को जेल में बंद आरोपियों की वीसी के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 27 फरवरी निर्धारित की है।

### युवती के अपहरण मामले में तीन साल कैद

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने युवती का अपहरण से जुड़े एक मामले में अभियुक्त मैना उरांव उर्फ महेंद्र उरांव को दोषी करार कर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अपहरण और दुष्कर्म की घटना को लेकर नगड़ी थाना में 2020 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन सुनवाई के दौरान सिर्फ अपहरण का ही दोषी साबित हो सका। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पाचं गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### डॉ भीम सिंह को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाने पर चंद्रवंशी समाज में खुशी की लहर

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रीय महासभा ने बयान जारी कर भाजपा के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ भीम सिंह को राज्यसभा सदस्य का उम्मीदवार बनाये जाने पर खुशी जाहिर की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद ने कहा कि डॉ भीम सिंह को राज्य सभा का उम्मीदवार बनाए जाने से जीत तो पक्की है, साथ ही इससे चंद्रवंशी समाज को एक गति मिलेगी। बधाई देने वालों में राष्ट्रीय महामंत्री अशोक सिंह,झारखंड प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार, उत्तरी छोटानागपुर झारखंड चंद्रवंशी दीपक नवीन, कोलहान प्रभारी झारखंड सीताराम रवानी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### 'दवा' ने पीएम केयर फंड में दिया 3 लाख



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा)ने सोमवार को केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को 3 लाख का चेक सौंपा। यह चेक पीएम केयर फंड में दिया गया है। इस मौके पर मीरा मुंडा को सम्मानित किया गया। मौके पर चेयरपर्सन विनीता शरण, फाउंडर को-चेयरपर्सन झूमा सरकार अध्यक्ष (2023) सीमा माहेश्वरी सचिव (2023) मधु गुप्ता अमृता वैद्य (कोषाध्यक्ष)और उनकी टीम जिसमें रिंकू चौधरी अंजू सिंह, पल्लवी शरण,सहित अन्य डीडब्ल्यूए सदस्य मौजूद थी।

### अंतिम दिन 39981 लोगों ने देखा राजभवन उद्यान

**रांची।** राज भवन उद्यान 11 दिनों के लिए आम लोगों के लिए खुला रहा। इस दौरान 2,70,530 से अधिक लोगों ने उद्यान का भ्रमण किया। राज भवन उद्यान पहुंचने वालों में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल थे। अलग-अलग दिनों में विभिन्न स्कूलों से छात्र-छात्राओं को राज भवन भ्रमण के लिए लाया गया। अंतिम दिन रविवार को 39981 लोगों ने राज भवन का भ्रमण किया। राज भवन उद्यान में लगभग 400 किस्म के 17 हजार से अधिक गुलाब के पौधे आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। उद्यान में 45 प्रकार की हजारों की संख्या में मौसमी फूल भी लगाये गये हैं।

# भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक तक

**झारखंड के 30 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के घर घर पहुंचेंगे पार्टी के कार्यकर्ता : बाबूलाल**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि 25 फरवरी से 5 मार्च तक तक भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान चलेगा। श्री मरांडी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान पीएम मोदी के आह्वान को पूरा कराने का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र ने 10 वर्षों तक देश की जनता के लिए अपना पल पल समर्पित किया है। एक घंटे की भी छुट्टी नहीं ली। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, दलित, महिला, आदिवासी, पिछड़े सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि चाहे उज्जवला योजना हो, प्रधानमंत्री आवास हो, आयुष्मान कार्ड हो, 5 किलो अनाज हो, मुद्रा योजना हो, शौचालय निर्माण हो, कोरोना का टीकाकरण हो, पेंशन योजना हो सभी ने बढ़ते भारत को महसूस किया है। उन्होंने कहा कि आज जनता के बीच में विपक्षी पार्टियां भ्रम फैलाने में जुटी हैं। मोदी सरकार के कार्यों को अपना कार्य बताकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान अबकी बार 400 पार को पूरा करने के लिए संकल्पित है। अभियान के प्रदेश प्रभारी बाबूराम निषाद ने कहा कि मोदी सरकार ने संपूर्णता में कार्य किया है। सबका साथ सबका विकास संकल्प के साथ आम जन को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया, साथ ही देश का सांस्कृतिक गौरव भी पुनर्स्थापित हुआ। मौके पर अभियान के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद, सत्यनारायण सिंह, शोभा यादव, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय आदि शामिल हुए।

### जेएमएम ने हेमंत सोरेन की रिमांड को बताया साजिश

**15 फरवरी से पंचायत स्तर पर प्रतिरोध सप्ताह मनाने का निर्णय**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बिहार की राजनीति पर कहा कि 12 फरवरी इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। नीतीश कुमार ने 18 सालों में नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है जो कहीं ना कहीं देश के लिए दुर्भाग्य है। वहीं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को तीसरी बार रिमांड पर लिये जाने को उन्होंने विपक्ष की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार रिमांड पर लेना आज तक ऐसा इतिहास में नहीं हुआ था। ईडी के द्वारा लगातार तहखाना में रखकर जो पूछताछ हो रही है यह पूरी तरह विपक्षी साजिश है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि किसान आंदोलन को लेकर 16 फरवरी को समर्थन में तमाम विपक्षी पार्टियां भी हड़ताल पर रहेंगी। साथ ही 15 फरवरी से पंचायत स्तर पर पार्टी के द्वारा प्रतिरोध सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है।

## लोस चुनाव 2024 को लेकर प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक आयोजित

# हर लोस सीट के लिए तीन-तीन उम्मीदवारों के नाम, अंतिम निर्णय आलाकमान का

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर नवगठित झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे। बैठक में झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों को लेकर चर्चा की गई। इस क्रम में प्रत्येक लोकसभा के तीन-तीन संभावित प्रत्याशियों के नाम का चयन कर अंतिम निर्णय के लिए आलाकमान के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अंतिम निर्णय आलाकमान ही लेगा।

**उम्मीदवारों के चयन के लिए आलाकमान अधिकृत : राजेश**
प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव समिति के सभी सदस्यों ने प्रत्येक सीट पर अपनी राय जाहिर की है और चुनाव समिति के सभी सदस्यों की राय से लोस सीटों पर चुनाव लड़ने और गठबंधन तथा प्रत्याशियों के चयन के लिए आला कमान को अधिकृत करने का निर्णय लिया गया है। आलाकमान का निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी दल चुनाव लड़ने के लिए सभी सीटों पर तैयारी करती है परंतु गठबंधन की भी बातें सामने हैं, समय अनुसार गठबंधन पर निर्णय होने के पश्चात सीटों एवं प्रत्याशियों के संबंध में अंतिम निर्णय आला कमान द्वारा लिया जाएगा।




**जनता केंद्र की मोदी सरकार को सत्ता से करेगी बेदखल : मीर**
प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस सभी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए कमर कसकर तैयार हो चुकी है। कार्यकर्ता पूरे उत्साह में हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता से झारखंड में कार्यकर्ताओं के बीच एक नया जोश पैदा हुआ है जो लोकसभा चुनाव तक केंद्र की जन विरोधी सरकार के खिलाफ जुनून के रूप में बदल जाएगी और केंद्र की नापाक सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार की हर गतिविधि पर गहरी नजर रख रहे हैं। देश में बदलाव का दौर आने वाला है और इसके लिए हमें पूरी ताकत से चुनाव में लगना होगा।

**स्क्रीनिंग कमिटी के सदस्य के सामने संभावित उम्मीदवार रख सकते हैं अपनी बात :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव स्क्रीनिंग कमिटी के सदस्य के सामने अगर चाहे तो संभावित उम्मीदवार अपनी बात रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार में पुराने चेहरे ही कांग्रेस की ओर से रहेंगे या कोई नया चेहरा आएगा, इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।

**बैठक में प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति के ये सदस्य थे शामिल :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नवगठित झारखंड प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल नेता आलमगीर आलम, डॉ. रामेश्वर उरांव, सुबोध कांत सहाय, प्रदीप बालमुचू, सुखदेव भगत, गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, फुरकान अंसारी, बन्ना गुप्ता,बादल पत्रलेख, प्रदीप यादव, दीपिका सिंह पांडे सिंह, काली चरण मुंडा, बृजेंद्र सिंह, रमा खलको, अशोक चौधरी, भीम कुमार, सुल्तान अहमद,बिमला कुमारी, मणि शंकर, निरंजन पासवान,अमूल्य नीरज खलको, सतीश रजक, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, गुंजन सिंह, नेली नाथन एवं आमिर हाशमी शामिल थे।

# अधिवक्ता को गोली मारने के मामले का कारण तलाश कर रही है पुलिस

**क्लाइंट से मिलकर लौट रहे थे अधिवक्ता रवि शंकर मिश्रा, तीन अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात घर लौट रहे अधिवक्ता रविशंकर मिश्रा को अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग कर जख्मी कर दिया। उन्हें गोली मारने के कारणों की तलाश में पुलिस जुट गयी है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के मुताबिक, पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जायेगा।

गौरतलब हो कि झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता रवि शंकर मिश्रा सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के चूना भप्ता स्थित संस्कृत विद्यालय वाली गली में रहने वाले अपने क्लाइंट से मिलने के लिए गए थे। क्लाइंट से मिलने के बाद रविवार की देर रात सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित अपने घर के लिए निकले थे तभी कुछ अपराधियों ने उन्हें घेर कर गोली चला दी। अपराधियों द्वारा की गई फायरिंग में अधिवक्ता रविशंकर मिश्रा के कमर के नीचे गोली लगी और वो जमीन पर गिर पड़े। गोली



मारने के बाद सभी अपराधी फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकटठा हो गए और मामले की जानकारी सुखदेव नगर पुलिस को दी। गोलीबारी की सूचना पाकर सुखदेव नगर थाना प्रभारी रमाकांत ओझा मौके पर पहुंचे और तुरंत घायल अधिवक्ता को अस्पताल भेजा।

रविवार की रात में जिस तथाकथित अधिवक्ता को गोली मारने की बात की जा रही है। पुलिस छानबीन में यह बात सामने आई है कि रवि शंकर मिश्रा पेशे से अधिवक्ता नहीं है। बल्कि वह हल्दी वगैरह का पार्टनर के साथ बिजनेस करता है। उसका रांची में घर में भी नहीं है। वह प्रतिदिन रात में कभी दोस्त या कभी किसी के यहां रूकता है। इस बाबत सुखदेवनगर थाना पुलिस ने बताया कि जल्द ही पुलिस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

## स्थायी समायोजन की मांग को लेकर झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का आंदोलन प्रारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्थाई समायोजन की मांग को लेकर झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का आंदोलन सोमवार से शुरू हुआ। सभी जिलों के एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर काम किया और विरोध दर्ज कराया।

**आंदोलन की रूपरेखा :** 12 से 14 फरवरी, 2024 तक राज्य भर के सभी एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी काम करते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज करेंगे। 15 से 18 फरवरी तक सभी कर्मी अपने अपने शरीर पर स्थाई समायोजन की मांग का बैनर/तख्ती लगाकर कार्य करेंगे और विरोध दर्ज करेंगे। वहीं 19 फरवरी को सभी कर्मी एक दिन का उपवास रखेंगे। जबकि 20 फरवरी सभी जिलों में एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी स्थाई समायोजन को लेकर अपने-अपने सिविल सर्जन को मांग पत्र सौपेंगे।

**मंत्रालय का घेराव :** संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार और महासचिव मंगल हेम्ब्रम ने कहा कि मांगों पर 20 फरवरी तक विभाग या सरकार के संज्ञान नहीं लेने पर 21 फरवरी को रैली निकालकर झारखंड स्वास्थ्य मंत्रालय का घेराव किया जाएगा।

## सीटू की गेट मीटिंग में हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ 16 फरवरी को कोयला उद्योग में हड़ताल आहूत की गई है। इसे सफल बनाने के लिए सीएमपीडीआई में सीटू ने सोमवार को गेट मीटिंग की। मीटिंग की अध्यक्षता समीर विश्वास ने की। सीटू के सचिव प्रलय भट्टाचार्यी ने कहा कि श्रमिकों को सरकार के इन दमनकारी नीतियों को डटकर मुकाबला करना होगा।

सचिव ने श्रमिकों से प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। इस मीटिंग में विनोद कुमार सिंह, राजेश सिन्हा एवं सीटू के तमाम सदस्य शामिल थे।

## एकता से ही विश्व गुरु बन सकता है भारत : भैय्या जी जोशी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राष्ट्र संवर्द्धन समिति की ओर से रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित सामाजिक सद्भाव विषय पर राकेश लाल ने कहा कि हमसब हिंदू हैं अपना समाज संगठित हो ताकि राष्ट्र सशक्त हो क्योंकि हिंदू समाज को तोड़ने का अथक प्रयास चलता आ रहा है। मौके पर भैय्या जी जोशी ने कहा कि वर्तमान समय भारत का स्वर्णिम काल है। देश और समाज बदल रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में एक अलग स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि अपने समाज की आंतरिक शक्ति यदि ठीक हो तो कुरीतियों पर अंकुश लग जता है। उन्होंने समाज में उत्पनन विकृतियों पर कहा कि अठारह पुराणों में परोपकार को श्रेष्ठ बताया गया है। ऐसी विसंगति यानी जातिवाद को हम कब तक ढोते रहेंगे? हम सब एक हैं, यह एक ऐसा भाव है जो जब तक विकसित नहीं होगा तबतक हम समाज को एक और श्रेष्ठ नहीं बना सकते। उन्होंने जातिवाद के साथ-साथ दहेज प्रथा, कन्या जन्म, भ्रष्टाचार, नारी सम्मान के प्रति सोच जैसी विसंगति को दूर करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक दूसरे को अपना मानकर आगे बढ़ें यही सार्थक प्रयास देश को समृद्ध बनाएगा तभी भारत विश्व गुरू बन सकेगा।

मौके पर राजीव कमल बिट्टू, देवव्रत पाहन, गोपाल महापात्र, सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, अशोक कुमार श्रीवास्तव, गोपाल शर्मा, पद्मश्री अशोक भगत, विजय घोष, राकेश लाल, विनायक शर्मा, सिद्धि नाथ सिंह, अर्जुन राम, जिज्ञासा ओझा, शालिनी सचदेव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अखिल झारखंड छात्र संघ ने पूरे प्रदेश में चलाया हस्ताक्षर अभियान

# जेएसएससी परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** जेएसएससी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, मुख्यालयों और कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान चलाया। राज्य स्तरीय इस हस्ताक्षर अभियान में हजारों छात्रों और अभ्यर्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। हस्ताक्षर अभियान को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि राज्य के छात्र -छात्राएं अपने इन सैंकड़ों हस्ताक्षरों के माध्यम से राज्य सरकार की विफलता और इस मामले में उनकी सहभागिता पर उंगुली उठा रहे हैं। सभी हस्ताक्षर सीबीआई जांच की मांग सरकार पर युवाओं के टूटते विश्वास का प्रतीक है। इस अभियान के जरिए हमने छात्रों और अभ्यर्थियों को सीबीआई जांच पर जोर देने के लिए एक सशक्त मंच देने का काम किया है।

**आजसू का राज्य स्तरीय मशाल जुलूस आज :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर अखिल झारखंड छात्र संघ ने इस संवेदनशील और गंभीर मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की है। इसके तहत आजसू द्वारा पूरे राज्य में 13 फरवरी को मशाल जुलूस का आयोजन किया जायेगा। आजसू के महासचिव विशाल महतो ने राज्य के सभी युवाओं से इस मशाल जुलूस में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ आजसू का नहीं, पूरे राज्य का आंदोलन है। सबकी सहभागिता से हमें राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले दोषियों को सजा दिलाना है। यह आंदोलन सभी युवाओं को न्याय मिलने का जारी रहेगा। मशाल जुलूस के बाद 15 फरवरी को सभी जिले के उपायुक्तों को मांग पत्र सौंपा जाएगा और 17 फरवरी को राजभवन के सामने प्रदर्शन किया जाएगा।

**हस्ताक्षर अभियान में ये थे शामिल**
हस्ताक्षर अभियान में रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक राज, विनोबा भावे विश्वविद्यालय अध्यक्ष अनुराग भारद्वाज देवा महतो, कोल्हान विश्वविद्यालय अध्यक्ष हेमंत पाठक धर्मराज प्रधान, सिद्दो कान्हु विश्वविद्यालय अध्यक्ष निर्मल मंडल, कामेश्वर प्रसाद, राजेश महतो, श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय प्रभारी आशुतोष सिन्हा, राजेश सिंह, आनंद यादव, सूर्या, सभी जिलाध्यक्ष छात्रसंघ - जमाल गद्दी, दीपक दुबे, विशाल यादव, विजय महतो, फूल सिंह बड़ाईक, रविन्द्र ठाकुर, शानू कुमार, विशाल प्रजापति, अमित यादव, तनवीर हसन, विनोद रजक, जानकी महतो, सूरज कुशवाहा, तापस महतो, कुणाल किशोर ठाकुर, मुकेश कुमार, कुंदन चंद्रवंशी, कामेश्वर प्रसाद, राजेश महतो समेत कई लोग शामिल हुए।

# सांसद संजय सेठ सहित 1328 रामभक्त आस्था ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना

**बाबूलाल मरांडी ने भगवा ध्वज दिखाकर किया रवाना**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सांसद संजय सेठ सहित 1328 रामभक्तों को लेकर आस्था ट्रेन सोमवार को अयोध्या के लिए रवाना हुई। इसमें रांची लोकसभा के रामभक्त शामिल थे। ये सभी अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भगवा ध्वज दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सभी रामभक्त भाग्यशाली हैं कि चंद घंटों में अयोध्या में भव्य एवं दिव्य मंदिर में रामलला का दर्शन करेंगे। राम मंदिर सिर्फ प्रभु राम का मंदिर नहीं बल्कि भारत का मंदिर है। उन्होंने कहा कि 1992 में जब मैं गया था, तब वहां प्रभु श्रीराम टेंट में थे। भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को दुनिया के पटल में प्रकाशमय कर रहा है। इस अवसर पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम ने आप सभी को अपने पास बुलाया है। हमारे पूर्वजों के लंबे संघर्ष के बाद आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर मिला है।

कार्यक्रम में सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल, शशिभूषण भगत, योगेंद्र प्रताप सिंह, बबन गुप्ता, वरुण साहू, सुरेंद्र महतो, सुबोध सिंह गुड्डू, संजीव विजयवर्गीय, रामकुमार पाहन, रमेश सिंह, नीरज सिंह, बलराम सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र पटेल, जितेंद्र वर्मा, सूरज चौरसिया, संजय जायसवाल, अनिल कुमार सिंह, चंदन गुप्ता, धीरज महतो, विश्वजीत सिंह, रोमित नारायण सिंह, अश्विनी सिखुजा, अनिता वर्मा, रामलगन राम, गुरुविंदर सिंह सेठी, सोनू सिंह, ज्योति सिन्हा, दिव्या साहू, वीणा मिश्रा, नम्रता सोनी, धर्मवीर सिंह आदि थे।

# लाइटनिंग और अर्थिंग सिस्टम के लिए सीएमपीडीआइ ने हासिल किया कॉपीराइट

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआइ ने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसइसीएल) के कोरबा एरिया के सराईपाली ओसीपी में लाइटनिंग और अर्थिंग सिस्टम के लिए जोखिम मूल्यांकन और पर्याप्तता अध्ययन पर रिपोर्ट कार्य के लिए कॉपीराइट कार्यालय, इंटेले^्यूअल इंडिया, भारत सरकार से कापीराइट अनुमोदन हासिल किया है। रिपोर्ट में ओपकास्ट खदानों के संबंध में बिजली संरक्षण के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है, जो मानसून के मौसम के दौरान खुली खदानों में ब्रजपात होने से प्रतिष्ठानों और जनशक्ति की सुरक्षा को बढ़ाएगा जिससे डाउनटाइम कम होगा।

इसके अलावा, सीएमपीडीआई के वरीय प्रबंधन (उत्खनन) आलोक कुमार झा द्वारा लिखित यह अग्रणी अध्ययन डीजीएमएस (तकनीकी) परिपत्र के निर्देशों के अनुरूप है। डीजीएमएस के इस परिपत्र में कहा गया है कि सभी खदानों में बिजली संरक्षण अध्ययन किया जाए, ताकि खदानों में तैनात कर्मियों और मशीनरी को बज्रपात होने से जुड़े खतरों से बचाया जा सके। सभी खदानों में डीजीएमएस द्वारा अनिवार्य अध्ययन की आवश्यक प्रकृति को देखते हुए, कापीराइट सीएमपीडीआई के लिए राजस्व सृजन का एक आशाजनक अवसर बनाता है। यह कापीराइट सीएमपीडीआई की तकनीकी कौशल का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि विगत दो वित्तीय वर्ष 2022-2024 में सीएमपीडीआई को दो पेटेंट हासिल हुआ है। पहला दिसम्बर, 2022 में फ्यूगिटिव धूल के उत्पादन और संचरन को नियंत्रित करने के लिए एक प्रणाली और विधि, विकसित करने के अभिनव कार्य के लिए था।

दूसरा दिसंबर, 2023 में विभिन्न प्रकार के विस्फोटकों और इनीसिएटर्स के विस्फोट के वेग और एसेसरी उत्पाद के स्कैटरिंग/विलंब के समय को मापने के लिए एक बेहतर और अत्यधिक किफायती उपकरण / टूल के आविष्कार एवं उसके लिए विधि के लिए कापीराइट कार्यालय, इंटेले^्यूअल इंडिया, भारत सरकार ने पेटेंट प्रमाण-पत्र जारी किया।

## आज का राशिफल
### 13 फरवरी 2024

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : शिशिर। **सूर्य** उत्तरायण। **मास** : माघ, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : चतुर्थी 14:43 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : उत्तरभाद्रपद 12:36 बजे समाप्त। **योग** : साध्य 23:05 बजे समाप्त। **करण** : विष्टि 14:43 बजे तक, तदनंतर बव 01:22 बजे रात्रि में समाप्त। **सूर्य** : मकर राशि में 03:45 बजे तक, तदुपरांत कुंभ राशि में। **चंद्रमा** : मीन राशि में दिन-रात। **दिशाशूल** : उत्तर।

**मेष** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो, यही ध्यान रहे। कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृष** : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**मिथुन** : अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी।

**कर्क** : उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनेंगे।

**सिंह** : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कन्या** : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**तुला** : शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**वृश्चिक** : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु** : बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मकर** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**कुंभ** : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य रहेगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं।

**मीन** : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

# जलवायु परिवर्तन पर कल से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

## 30 देश के प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा, भविष्य की अर्थव्यवस्था पर होगी चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** देश में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते संकट को रोकने के लिए विजन 2070 के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 14-15 फरवरी को आहूत किया जा रहा है। यह जानकारी सोमवार को सीड्स के सीइओ रमापति कुमार ने पत्रकारों को दी।

उन्होंने कहा कि झारखंड में सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स अहम भूमिका निभा रहा है। देश का पहला ऐसा राज्य झारखंड है, जहां नवंबर 2022 से टास्क फोर्स गठन के बाद से सक्रिय है। रांची में इसी के तहत 14-15 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में 30 देशों से एक्सपर्ट शामिल होंगे। वहीं, 60 से ज्यादा वक्ता, 300 प्रतिनिधि, केंद्र व राज्य सरकार के पदाधिकारी शामिल होंगे। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कार्बन उत्सर्जन के चैलेंज को कम करने और ऐसे में अर्थव्यवस्था के नये स्वरूप विषय पर अतिथि अपने सुझाव रखेंगे। सम्मेलन का आयोजन होटल रेडिसन ब्लू में होगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कार्बन उर्त्सजन को कम करना है। झारखंड में 60 प्रतिशत क्षेत्र कोयला आधारित इकोनॉमी और कारोबार पर निर्भर है। यहां भी जलवायु परिवर्तन का प्रभाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में कार्बन उत्सर्जन कम या समाप्त करने के उद्देश्य को लेकर नये अर्थव्यवस्था की रूपरेखा को तय करना जरूरी हो गया है। इस सम्मेलन में भावी अर्थव्यवस्था पर अपने-अपने क्षेत्र के एक्सपर्ट विचार रखेंगे। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों के अलावा सरकार के वरीय पदाधिकरी शामिल होंगे।

इस अवसर पर सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स के चेयरपर्सन एके रस्तोगी ने बताया कि इस सम्मेलन पर देश दुनिया की नजर है। तभी लोग लगातार कार्यशाला के लिए रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। देश में पहली बार इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इसमें जापान, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया सहित दुनियाभर के 30 देशों के 300 डेलीगेट्स अनुभव साझा करेंगे। क्लिन एनर्जी, एनर्जी सेविंग के साथ कैसे सब आगे बढ़ेंगे, सम्मेलन के माध्यम से एक्सपर्ट इसपर चर्चा करेंगे।

उन्होंने बताया कि टिकाऊ ऊर्जा स्त्रोतों में परिवर्तन न केवल एक पर्यावरण और जलवायु अनिवार्यता है, बल्कि आर्थिक विकास और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य न्यायसंगत और समानता के सिद्धांत के आधार पर जलवायु लचीले विकास और टिकाऊ ऊर्जा संक्रमण को बढ़ावा देने के लिए सीखों का आदान-प्रदान करना है।

# श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति के अध्यक्ष बने गुलशन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) कि बैठक संस्थापक नंद किशोर सिंह चंदेल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। मुख्य आयोजक दीपक ओझा ने कहा कि श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) के बैनर तले निकलने वाले शिव बारात का मार्ग पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से शुरू होते हुए बानो मंजिल रोड, हरमू शनि मंदिर, बकरी बाजार, कोतवाली थाना, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक से वापस होते हुए, अप्पर बाजार गांधी चौक, महावीर चौक, किशोरी सिंह यादव चौक, रातू रोड चौक से पिस्का मोड़ स्थित विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न होगा। मौके पर शिव बारात के आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया। मुख्य संरक्षक- राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ मांजी, अजय नाथ शाहदेव, मुख्य संयोजक- संजय पांडे, ललित नारायण ओझा, अध्यक्ष गुलशन, सचिव -सागर कुमार सिंह, बिप्तू सिंह, मोनू शर्मा, गिरजा शंकर पेड़ीवाल और महासचिव सह कोषाध्यक्ष -जीतू अरोड़ा को चुना गया।

## नवनिर्मित खीस्त राजा गिरजाघर का हुआ उद्घाटन

**रांची।** आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने नवनिर्मित खीस्त राजा गिरजाघर का हुआ उद्घाटन सोमवार को आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एस जे एवं बिशप थियोदोर मस्करेन्हास ने रांची कैथलिक महाधर्मप्रांत के नवाटाड़ पल्ली के कानीजाड़ी गांव में एक ग्राम खीस्त राजा गिरजाघर का अशीष और उद्घाटन किया। आशीष एवं उद्घाटन समारोह की शुरुआत में ही ग्रामवासियों ने दोनों धर्माध्यक्ष का बड़ी जोरदार से स्वागत किया उसके पश्चात पवित्र मिस्सा बलिदान संपन्न हुआ।

# तुषार कांति ग्लोबल लीजेंड अवार्ड से सम्मानित

## एमटी टीवी न्यूज मीडिया ने दिया 'ग्लोबल सोशल आइकॉन' का खिताब

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता तुषार कांति शीट को ग्लोबल लीजेंड अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान एमटी टीवी न्यूज मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दिया गया है। एमटी टीवी न्यूज के संस्थापक सुशील पाल और प्रबंध निदेशक आशीष व्यास ने श्री शीट को सम्मानित करते हुए अपनी संस्था की ओर से उन्हें वर्ष 2024 का ग्लोबल सोशल आईकॉन के खिताब से नवाजा है।

बता दें कि श्री शीट लगभग तीन दशक से पर्यावरण संरक्षण, गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा सहित अन्य सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। उन्होंने अब तक लगभग पांच हजार फलदार व औषधीय पौधे लगाये हैं और उसके संरक्षण-संवर्धन की दिशा में तत्पर हैं। उन्होंने लगभग छह हजार लावारिस लाशों की अंत्येष्टि अपने स्तर से करायी है। गरीब परिवार के लगभग दो दर्जन बच्चियों की शादी संपन्न कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मानव सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं। उन्होंने अब तक 27 बार रक्तदान किया है। श्री शीट वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के जेनरल सेक्रेटरी एवं श्री रामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव हैं। वे विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों से भी जुड़े हैं।

उन्हें एमटी टीवी न्यूज मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्लोबल लीजेंड अवार्ड मिलने पर विवेक राय, डॉ स्मिता डे, आलोक मजूमदार, आलोक सिन्हा, राकेश सिंह, राजकुमार, तन्मय मुखर्जी, मंतोष मजूमदार, इंद्रजीत चटर्जी, तनय शीट सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड की संतोषी उरांव को रजत, विकास उरांव को मिला बेस्ट साइकिलिंग प्लेयर का पुरस्कार

**रांची।** झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं राज्य शिक्षा परियोजना की मेजबानी में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2023-24 अंतर्गत व-14/17/19 बालक बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। अंडर 19 बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में कर्नाटक की छाया नागनाथ को स्वर्ण पदक, झारखंड की संतोषी उरांव को रजत पदक और तमिलनाडु की जे निरायिमथी को कांस्य पदक मिला। अंडर 19 बालक वर्ग साइकिलिंग में कर्नाटक के धनंजय एस तिपन्नावर को स्वर्ण पदक, राजस्थान के लक्ष्मण डूडी को रजत और गुजरात के सेलर अरिक को कांस्य पदक मिला। झारखंड के विकास उरांव को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार दिया गया। झारखंड को ट्रैक और रोड इवेंट मिलाकर कुल 26 अंक मिले। महाराष्ट्र कुल 34 अंको के साथ ट्रैक इवेंट का ओवरआल चैंपियन बना। 41 अंको के साथ राजस्थान साइकिलिंग रोड इवेंट का चैंपियन बना।

### बाबा अजीत सिंह का प्रकाश पर्व मनाया गया

**रांची।** कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, स्त्री सत्संग सभा ने सोमवार को बाबा अजीत सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में दोपहर से विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरुआत समूह साध संगत द्वारा सुखमनी साहिब के सामूहिक पाठ के साथ हुई। दीवान में प्रकाश गिरधर, गिरीश मिड्ढा,अमर सिंह मुंजाल समेत सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ ने धरना-प्रदर्शन किया

**रांची।** झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ ने सोमवार को अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उनकी मांगों में कंप्यूटर ऑपरेटर को वित्त विभाग के संकल्प संख्या 1284 दिनांक 03.05.2023 द्वारा निर्धारित मानदेय का भुगतान करना भी शामिल है।

### रोटोप्लास्ट ने आयोजित किया वनभोज

**रांची।** रोटोप्लास्ट ने सोमवार को वन भोज का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों के लिए खेल-कूद का आयोजन किया गया। मौके पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य कर सबका मनमोह लिया। मौके पर सुनील गुप्ता, एसके राय आदि मौजूद थे।

### रसोइया सह सहायिका कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**रांची।** प्रखंड स्तरीय रसोइया सह सहायिका कुकिंग कंपटीशन का आयोजन प्रखंड संसाधन केन्द्र सदर में सोमवार को किया गया। जिसमें कुल 11 संकुलों से 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### गाड़ी के धक्के से बुजुर्ग की मौत

**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर थाना के गेट के सामने एक बुजुर्ग आदमी चलते-चलते सड़क के किनारे किसी गाड़ी के धक्का लगने से गिर पड़े जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। वहां से गुजर रही है एक एंबुलेंस को लोगों ने रोका। उस पर सवार सिस्टर ने जब इस बुजुर्ग आदमी के नब्ज चेक की तो कहा उनकी नब्ज नहीं चल रही है, यह अब दुनिया में नहीं रहे।

### मारपीट के दोषी कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने रांची के महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव से दोषी कर्मचारी पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है 11 फरवरी को सिमडेगा विद्युत विभाग में नियमित कर्मचारी अरनव नाथ तिर्की द्वारा कर्मचारी शिवनारायण साहू को नशे की हालत में आकर मारपीट की गयी है। इस मामले में दोषी पर कार्रवाई की जाये।

## अपने वैलेंटाइन को दें खूबसूरती का तोहफा




**रांची।** वैलेंटाइन वीक अपने शबाब पर है। प्रेमी जोड़ों ने अपने चहेतों के लिए तरह-तरह के उपहारों की सूची भी तैयार कर ली है। वैसे तो वैलेंटाइन को इंप्रेस करने के लिए बाजार में विभिन्न तरह के उपहार भरे पड़े हैं। लेकिन, खूबसूरत जोड़ों को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए इस मौके पर रांची क्लब कांप्लेक्स परिसर में मौजूद केरैटिन केयर प्रतिष्ठान विशेष छूट दे रहा है। प्रतिष्ठान की संचालिका श्रीमति माधुरी सिंह ने बताया कि वे ग्राहकों की जरूरतों को बखूबी पूरी करते हैं। ग्राहकों की संतुष्टि ही उनका मुख्य लक्ष्य है। वैलेंटाइन डे के मौके पर ग्राहकों को विशेष छूट का लाभ दिया जा रहा है। आज बुकिंग करनेवाले ग्राहक यहां आई ब्रो, फेशियल, मैनीक्योर, पैडिक्योर, हेयर ट्रीटमेंट, बॉडी पॉलिशिंग सहित हेयर और नेल एक्सटेंशन एवं आई लैशेज के साथ-साथ यहां उपलब्ध सभी सुविधाओं का लाभ 50 प्रतिशत की छूट के साथ उठा पायेंगे। आम ग्राहकों के लिए जरूरी जानकारी देते हुए कहती हैं कि मेकअप और सौंदर्य का अपना अलग विज्ञान है। इससे चेहरे की खूबसूरती बिना नुकसान पहुंचाये बढ़ायी जा सकती है। कोई भी प्रोडक्ट का उपयोग करने से पहले उसके फायदे-नुकसान और उसकी विधि को जानना आवश्यक है।

# रांची में 23 मार्च को लगेगा हास्य कवियों का जमावड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन मे कवि सम्मेलन आयोजन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के अवसर पर 23 मार्च को कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा मारवाड़ी भवन हरमू रोड में हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कवि सम्मेलन में देश के कई नामी गिरामी सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा दिल्ली, अनिल अग्रवंशी, साक्षी तिवारी लखनऊ, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी, ज्ञानी बैरागी, सहित अन्य कई हास्य कवि भाग लेंगे। जो कि अपने हास्य व्यंग कविताओं से लोगों को खूब हंसते हुए होलियाना अंदाज में भरपूर मनोरंजन करेंगे। बैठक में हास्य व्यंग कवि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सुरेश चंद्र अग्रवाल को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया, तथा सहयोगी के रूप में 10 सदस्यों मनोज चौधरी, संजय सर्राफ, मनीष लोधा,सौरभ बजाज, विकास अग्रवाल,सनी टिंबडेवाल, अंकित बजाज, अमित चौधरी, रौनक झुनझुनवाला एवं निर्भय शंकर हरित को विशेष रूप मे शामिल किया गया। बैठक में सदस्यों को विभिन्न विभागों की जिम्मेवारियां दी गई। जिसमें मंच व्यवस्था विभाग- अनिल कुमार अग्रवाल, स्वागत समिति- किशोर मंत्री एवं कमल कुमार जैन, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी- संजय सर्राफ, सभागार विभाग- सौरभ बजाज, कार्यालय विभाग-मनीष लोधा एवं अमित चौधरी, मंच संचालन विभाग- सुरेश चंद्र अग्रवाल, धन व्यवस्था विभाग- ललित कुमार पोद्दार, प्रशासनिक कार्य विभाग-पवन शर्मा, आदि शामिल है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक में- सचिव अनिल कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, राजेश भरतिया आदि उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य मुक्त विवि में क्षमता निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीइएमसीए और झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, रांची द्वारा संयुक्त रूप से झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय के सिटी कार्यालय में सोमवार को क्षमता निर्माण पर दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। कार्यशाला का शीर्षक था जेएसओयू के शिक्षण सहायता केंद्र और कर्मचारियों का क्षमता निर्माण।

नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय, कोलकाता के प्रोफेसर डॉ अनिरभान घोष और डॉ पापिया उपाध्याय प्रमुख संसाधन व्यक्ति थे। डॉ घोष ने दूरस्थ शिक्षा के अपने अनुभव को केंद्र समन्वयक के साथ साझा किया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि शिक्षार्थियों की सहायता कैसे की जाये और उचित परामर्श कैसे दिया जाये। उन्होंने बताया कि दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, यूजीसी की आवश्यकताएं क्या हैं और उनके लिए दस्तावेज कैसे तैयार करें। डॉ पापिया उपाध्याय स्व-शिक्षण सामग्री विकास और दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता कैसे बनाए रखें, के बारे में बताया।

## आइएचएम में 16 से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**रांची।** होटल प्रबंधन संस्थान (आइएचएम) में पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा विभाग, झारखंड सरकार के सहयोग से डिजिटल दुनिया में संस्कृति एवं व्यंजन विषय पर यात्रा, पर्यटन, आतिथ्य और संस्कृति पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 16 और 17 फरवरी को किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश शिक्षा जगत के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और निर्णय निमार्ताओं को एक साथ लाने के उद्देश्य से और दुनिया भर में उद्योग संस्कृति और भोजन, संवर्द्धन और विकास से संबंधित ज्ञान, अनुभव और अनुसंधान नवाचारों का आदान-प्रदान करने और किसी गंतव्य की संस्कृति और स्थानीय व्यंजन पर डिजिटल दुनिया में परिवर्तन के प्रभाव पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जाएगा।

# बालाजी चैलेंजर्स पांचवीं बार बना वाईपीएल चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय युवा प्रीमियर लीग क्रिकेट 9,10, एवं 11 फरवरी को रांची जिमखाना क्लब में खेला गया। इसमें कुल आठ टीमों ने भाग लिया। ऋषभ स्ट्राइकर, श्याम सुपर किंग्स, अयोध्या 11, त्रिनेत्र रॉयल्स, पैराफ्लेक्स टाइगर्स, सालासर रॉयल्स, कृष्णा समशर्स, एवं बालाजी चैलेंजर्स के बीच कुल 12 लीग मैच, दो सेमी फाइनल और एक फाइनल मैच खेला गया।

शाखा अध्यक्ष अमित चौधरी ने आये हुए सभी आगंतुकों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया। पहला सेमीफाइनल मैच अयोध्या 11 एवं कृष्ण'एसमैसेज के बीच खेला गया, जिसमें अयोध्या 11 ने मैच जीत कर फाइनल में अपनी जगह बनायी।

दूसरा सेमीफाइनल मैच श्याम सुपर किंग्स एवं बालाजी चैलेंजर्स के बीच खेला गया। इसमें बालाजी चैलेंजर्स ने जीत हासिलकर फाइनल में जगह बनायी। संध्या 7:00 बजे से रांची जिमखाना क्लब में फाइनल मुकाबला अयोध्या 11 एवं बालाजी चैलेंजर्स के बीच खेला गया। इसमें बालाजी चैलेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी की और कप्तान उमंग सुल्तानिया ने शतकीय पारी खेल कर टीम को एक मजबूत स्थिति में खड़ा कर दिया। उसके बाद अयोध्या 11 के खिलाड़ी जैसे ही मैदान पर उतरे एक-एक कर बालाजी चैलेंजर्स के गेंदबाजी के सामने धराशायी होते चले गये। उसके बाद प्रवीन शर्मा एवं विशाल शर्मा ने पारी को संभालने की कोशिश की, पर जीत में नाकाम रहे।

मैच खत्म होने के बाद खिलाड़ियों के बीच मेडल ट्रॉफी एवं आये हुए अतिथियों को प्रतीक चिह्न देखकर उनका सम्मान किया गया। आज के समापन समारोह में रुण गुप्ता, सार्थक अग्रवाल, ज्ञान रंजन, विशाल पड़िया, पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, ललित नारायण ओझा, मुकेश जालान, सौरव बजाज, श्वेता भाला आदि द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अमित चौधरी, सचिव विकास गोयल, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सहसचिव सन्नी आदि ने अहम भूमिका निभायी।

# भगवान श्रीराम के आचरण का करें अनुसरण

## श्रीराम लला के दर्शन को रामभक्तों का जत्था रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** श्रीराम लाल के दर्शन को ओरमांझी से 32 रामभक्तों का जत्था सोमवार को रवाना किया गया। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने सभी रामभक्तों को माता की चुनरी ओढ़ा कर विदा किया और कहा कि बहुत भाग्यशाली हैं वे जो आज अयोध्या जाकर रामलला का दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि श्रीराम जी की जन्मस्थल अयोध्या में नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में हमारे रामलाला पधारे हैं। उन्होंने सभी से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आचरण का अनुसरण करने की अपील भी किया। बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक प्रखंड से रामलाला का दर्शन करने हेतु 36-36 श्रीराम भक्तों को भेजने का कार्य कर रही है। इसी के तहत ओरमांझी से बालक पाहन, लक्ष्मण साहू, कृष्ण कुमार, रामकिंकर पाहन, सोनाराम मुंडा, त्रिथनाथ महतो, चैतु मुंडा, रामइकबाल तिवारी, रमेश महतो सहित 32 भाजपा कार्यकर्ता व श्रीराम भक्तगण श्रीराम लला के दर्शन को गए हैं। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि इसी तरह आगे भी रामभक्तों को रामलला के दर्शन को भेजा जाएगा।



रामभक्तों को विदा करते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर प्रमुख अनुपमा देवी, जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, महामंत्री अलखनाथ महतो, अमरनाथ चौधरी, विक्रांत तिवारी, शशि मेहता, संतोष गुप्ता, कामेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

# मुंडा समाज के सम्मेलन में आपस में भिड़े लोग

## झारखंड सहित कई राज्यों से मुंडा समाज के जुटे थे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिठोरिया।** पिठोरिया स्थित मुड़हर पहाड़ में मुंडा महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पिठोरिया सूतीअंबे क्षेत्र के मुंडा समाज के लोग ने आरोप लगाया कि बाहर से आए हुए लोग पहाड़ पर कई जगहों पर धार्मिक स्थलों एवं धार्मिक चिन्हों को छेड़छाड़ किया। पहाड़ में लगे बजरंगबली का झंडा भी उखाड़ के फेंक दिया गया। जब इसकी सूचना स्थानीय लोगों को मिली तो पहाड़ पर पहुंचकर विरोध प्रकट किया। लोगों का कहना था कि सदियों से यहां पर मुंडा समाज के साथ सनातन समाज भी कई देवी देवताओं की पूजन करते आ रहे हैं। इस बात को लेकर सम्मेलन में भगदड़ सा महोल हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पिठोरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को मिल बैठकर उचित निर्णय लेकर समाधान करने को कहा। इस मामले में रांची जिला मुखिया महासंघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने कहा कि जनजातीय समाज भी हिंदू ही है। जनजातीय समाज को तोड़ने के लिए कई संगठन लगे हुए हैं। जिसमें चर्च की बड़ी भूमिका है उनसे सावधान रहने की जरूरत है। वही महाराज मदरामुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष बीना मुंडा ने कहा महाराज मदरा मुंडा के कई स्थलों पर कई देवी देवताओं की पूजा सदियों से क्षेत्र के सभी लोग मिलकर करते आ रहे हैं। बिना मुंडा ने बतलाया कि जनजातीय समाज में कई देवी देवताओं की को खुश करने के लिये बकराए भेड़ एवं मुर्गी की बलि दी जाती है। उन्होंने कहा कि खूंटी क्षेत्र के तथाकथित धर्म गुरु दुर्गावती ओड़िया मुंडा समाज के लोगों को बरगलाकर इस तरह के कार्य करवा रही है। क्षेत्र के मुंडा समाज समेत सनातन समाज के लोग भी इस तरह के कृतियों को दुर्भाग्यपूर्ण बतलाया। वहीं निर्णय लिया गया कि मंगलवार को बैठक कर उखाड़ा गया बजरंगबली का झंडा फिर से स्थापित किया जाएगा। सम्मेलन में झारखंड समेत कई राज्य से मुंडा जनजाति समाज के लोग जुटे थे।

## सनातन विद्या निकेतन जमुआरी में लगा स्वास्थ्य जांच कैंप

**पिठोरिया।** सनातन विद्या निकेतन जमुआरी में स्कूल प्रबंधन एवं बुद्धिस्ट मिशन के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने छात्र .छात्राओं एवं अभिभावकों के साथ विद्यालय के सदस्यों को कई बीमारियों के बारे में जानकारी दी एवं उनके उपचार के बारे में बतलाया। स्वास्थ्य जांच करने में डेंटल सर्जन डॉक्टर संजय कुमार दुबे, महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रीति बालासाहेब, जनरल फिजिशियन डॉक्टर वसुधा तिवारी, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शैलेंद्र मोहन शुक्ला समेत कई डॉक्टरों ने जांची की विद्यालय प्रबंधन के निर्देशक एवं प्राचार्य ने बतलाया कि लोगों को स्वास्थ के प्रति जागरूक करने के लिए भविष्य में इस तरह के और कैंप लगाये जायेंगे।

# बेड़ो : बारीडीह में घर का ताला तोड़कर संपत्ति उड़ा ले गये चोर

## भुक्तभोगी गया था मजदूरी करने, घात लगा कर बैठे चोरों ने दिन में ही खंगाल दिया घर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बारीडीह बेड़ो में सोमवार को दिन में ही अज्ञात चोरों ने महादेव गोप के घर से जेवर व नगदी लेकर फरार हो गए। घटना के समय महादेव आरकेडी द्वारा सड़क निर्माण कार्य में काम करने के लिए गया था। मां और पत्नी खेत गए हुए थे। वहीं चोरों ने घात लगाकर बंद घर को अपना निशाना बनाया। इसी दौरान मौका पाकर घर में जा घुसे। साथ ही घर में लगी ताले व घर के अंदर में रखे अलमीरा के लॉक को तोड़कर उसमें रखे सोनेए चांदी के जेवरातों के अलावा पंद्रह हजार रुपये की राशि लेकर फरार हो गए। महादेव ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह वह सड़क निर्माण कार्य में काम करने के लिए चला गया था। जब वह दोपहर 12 बजे अपने घर खाना खाने के लिए पहुंचा तो घर में लगे ताले टूटे मिले। साथ ही अंदर जाकर देखा तो कमरे के सामान बिखरे पड़े थे। घर के कमरे में रखा अलमीरा भी टूटा पड़ा था। यह देख उनके होश उड़ गए। सामानों को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में रखे एक बोरी चावलएनकद 15 हजार रुपयेए हजारो रुपए सोने व चांदी की जेवरात सहित अन्य सामान चुरा कर ले गए। उन्होंने कहा कि चोरों ने कमरे को पूरी तरह से खंगाला और घटना को अंजाम दिया। इधर बरीडीह गांव में हुई इस चोरी की वारदात के बाद गांव वासियों में दहशत व्याप्त है। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## लोगों की सुरक्षा का केंद्र बनेगा राहे थाना

**राहे।** विधायक सुदेश महतो और ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने संयुक्त रूप में राहे थाना का विधिवत पूजन के बाद उद्घाटन किये। उद्घाटन के अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि जनता के हित में सभी के भरोसे को लेकर सुरक्षा के केंद्र राहे थाना बनेगा प्रयास किया जा रहा है कि राहे प्रखंड के सभी 9 पंचायत को राहे थाना के अधीन रखा जायेगा। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि पुलिस मैत्री संबंध को मजबूत करते हुए राहे थाना बेहतर सेवा देना का काम करेगा। थाना में सभी संसाधन जल्द पूरा किया जायेगा। लोगों की मांग है 9 पंचायत को राहे थाना के अधीन रखा जाय। लोगों की मांग को वरीय अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा। मौके पर इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह, सोनाहातू थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल, राहे प्रभारी रामरेखा पासवान, सिल्ली, मुरी, अनगड़ा के थाना प्रभारी, उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया कृष्णा पातर, समाज सेवी मनोज चटर्जी मौजूद थे।

# प्रखंड सभागार में राशन डीलर संघ ने की समस्याओं पर चर्चा

## कई बिंदुओं पर किया विचार-विमर्श

**मांडर।** प्रखंड सभागार में सोमवार को डीलर संघ के अध्यक्ष अमिताभ कुमार पाठक की अध्यक्षा में डीलरों की विशेष बैठक की गई। बैठक में वितरण को सुचारू रूप से सत प्रतिशत करने के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात पर विचार किया गया। श्री पाठक ने बतलाया कि पूर्व में जिस प्रकार से डीएसडी द्वारा खाद्यान्न की आपूर्ति प्रखंड गोदाम से ही किया जा रहा था, परंतु लगभग 50 से 55 की संख्या में प्रखंड के लाइसेंस धारी की खाद्यान्न की आपूर्ति अब अन्य विभिन्न प्रखंड के डीएसडी लाइसेंस धारी द्वारा की जाएगी। इन प्रखंडों में चान्हो बेड़ो इटकी रातू एवं बढ़मू के प्रखंड सम्मिलित है। इनके डीएसडी संवेदक द्वारा खाद्यान्न की आपूर्ति माह से की जाएगी अपने खाद्यान्न के उठाव के प्रति सचेत रहते हुए उचित वजन पर खाद्यान्न का आपूर्ति लेना है। अगर वजन में किसी भी प्रकार की संदेह या अन्य कोई भी दिक्कत होती हो तो प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को इसकी सूचना देकर उनके समक्ष ही खाद्यान्न का उठाव करना होगा, जिससे कि वितरण में अनाज की कमी नहीं हो और अगर बदले हुए प्रखंडों से ससमय खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं होने पर अपने संबंधित पदाधिकारी को इसके संबंध में समय रहते अवगत कराने पर भी प्रकाश डाला गया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

मौके पर मजीबुल रहमान शफीक खान सुनील सिंह, मुन्ना साहू, प्रकाश खलखो, राकेश कुमार, हसान अंसारी, मिकाइल अंसारी, सुमन देवी, विमला देवी, अनीता देवी एअनीता देवी एसफीक खानए इमरान अंसारी एमोहम्मद, जमील भुनेश्वर साहू, असलम अंसारी के अलावा बहुत से महिला ग्रुप एवं डीलर शामिल हुए।

## भाजपा का गांव चलो अभियान बूथ नंबर 297 में संपन्न

**नामकुम।** सोमवार को भाजपा का गांव चलो अभियान के तहत बूथ नंबर 297 का कार्यक्रम पूर्व कर्नल बीरेंद्र कुमार सिंह के आवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कर्नल बीरेंद्र कुमार सिंह ने मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में हुए विशेष कार्यों के उपर विषय प्रवेश करवाया, उसके बाद पूर्व सैनिक संजीत सिंह ने मामले पर विस्तार से चर्चा की। वहीं पूर्व विधायक डॉक्टर जीतू चरण ने केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# दफादार-चौकीदार पंचायत संघ ने सरकार के समक्ष रखी मागें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** प्रखंड के सालहन पतरा मैदान में झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ की आवश्यक बैठक एवं वनभोज का कार्यक्रम अनगड़ा के चौकीदार सुलेन्द्र मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन चौकीदार रंजीत करमाली ने किया। बैठक में अनगड़ा, सिकिदिरी, ओरमांझी, टाटीसिलवे, नामकुम, कांके थाना में कार्यरत एवं आश्रित चौकिदारों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मांडर थाना के चौकीदार राधा मोहन लोहरा व विशिष्ट अतिथि के रूप में इटकी थाना के चौकीदार सुरेन्द्र महली उपस्थित थे। बैठक में कहा गया कि झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत द्वारा सरकार को समय-समय पर मांग पत्र एवं ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि सेवाविमुक्त चौकिदारों को पुनः सेवा में योगदान कराया जाये एवं चौकीदार के रिक्त पदों के विज्ञापन को रद्द करें तथा नये पदों का सृजन कर नयें पदों पर विज्ञापन निकाला जाये। बैठक में चौकीदारों के आश्रितों के रिक्त पहली जनवरी 1990 से पूर्व एवं बाद में सेवानिवृत चौकीदारों के आश्रितों को बहाल किये जाने की मांग की गयी। कहा गया कि अभी भी चौकीदारों के आश्रित अपना योगदान बिना वेतन के अपने थाना में देते आ रहे हैं, जिससे आश्रितों के परिवार का भविष्य अंधकार में है। संघ ने वर्तमान मुख्यमंत्री से मांग की है कि उन्हें जो आश्वासन मिला है उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। बैठक में दिनेश विष्णुए रामेश्वर मनरखन सित रिंकु लालमोहन जगदीश गुरु चरण अघनु सुनील आसाराम अनुज राम दहिन सिताराम तुलसी नेपाल मयनी इत्यादि चौकीदार उपस्थित थे।



# मनुष्य की मौत के बाद अच्छे-बुरे कर्मों का होगा हिसाब

## अनगड़ा के सिरका गांव के पिपराटांड़ में पंकजजी महाराज का प्रवचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** मथुरा से आए बाबा जय गुरुदेव संस्था के अध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज ने अनगड़ा के सिरका गाव स्थित पीपरा टाड़ में आयोजित सत्संग में प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य को भौतिक शरीर निश्चित समय के लिए मिला है । कहा कि जिस दिन शरीर से जिवात्मा निकल जाएगा उस दिन शरीर मिट्टी मात्र रह जाएगा। कहा कि यह दुनिया मनुष्य के लिए स्वपन मात्र है जैसे रात में सपना देखते हैं लेकिन नींद खुलते सब कुछ समाप्त हो जाता है। उसी तरह जब शरीर से जीवात्मा समाप्त हो जाएगी तब पछताना पड़ेगा दुनिया एक सराय है। सब कुछ भूगतने के बाद शरीर को यहीं छोड़कर जाना है। शरीर सासों का भंडार है और मौत के समय में बहुत ही दुखदायी पीड़ा होती है ऐसी पीड़ा जो एक लाख से भी अधिक विश्रु एक साथ डंक मारने के बराबर है। कहा कि मरने के बाद अच्छे और बूरे कर्मो का हिसाब होगा बूरे कर्म करने वाले को नरख में डाल दिया जाएगा जहां उनकी दर्द भरी आवाज को कोई सुनने वाला नहीं होगा। कर्मो का पाप को तो भोगना ही पड़ेगा। कहा कि नरक भी अनेक प्रकार के हैं जैसा बुरा कर्म होगा उसके हिसाब से उस तरह के नरक में डाल दिया जाएगा।



### 84 लाख योनी के बाद मिलता है मनुष्य तन

उन्होंने कहा की मनुष्य युगो युगो तक नरक की पीड़ा को भोगता रहेगा बाद मे कर्मों के आधार पर उसे अलग अलग योनी मे जन्म दिया जाएगा। पेड़ कीड़े मकोड़ों जैसे 84 लाख योनियों में डाल दिया जाएगा। 84 लाख योनी का आखिरी योनी गाय और बैल है। 84 लाख योनि को भोगने के बाद बहुत मुश्किल से मनुष्य योनी में लोग पैदा लेते हैं। कहा कि इश्वर तुम्हारे अन्दर ही मिलेगा। सूमरन शब्द नाम योग की साधना करके ही परमात्मा को प्राप्त किया सकता हैं। उन्होंने कहा कि शाकाहारी बने और नशापान से दूर रहें इस अवसर पर जय गुरुदेव सत्संग के प्रांतीय अध्यक्ष रामचन्द्र बिहार प्रांत के अध्यक्ष मृत्युजय झा जिलाध्यक्ष अविनाश कुमार राजेन्द्र मुन्डा जनमजय महतो मुखिया रोशनलाल मुन्डा साहेबराम महतो सहित प्रवचन सुनने के लिए जयगुरुदेव के अनुयायी प्रबंधक सहित ग्रामीण सत्संग में उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पिंकी देवी बनीं वार्ड 14 की अध्यक्ष

**नामकुम।** सोमवार को रांची महानगर के वार्ड नंबर 14 में महिलाओं की एक बैठक हुई। इस दौरान वार्ड के विकास को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही सर्वसम्मति से पिंकी देवी को वार्ड नंबर 14 का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं आनंदनी देवी और रेशमा देवी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष संजय महतो, महिला अध्यक्ष वीणा देवी, वर्षा गाड़ी, रीतु रंजन सहाय, लाल बिहारी महतो आदि उपस्थित थे।

### खलारी बाजारटांड़ से दो बाइक की चोरी

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के साप्ताहिक रविवार बाजार खलारी बाजार टाँड़ से दो मोटरसाइकिल की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा भरे बाजार से ले उड़े। जानकारी के अनुसार भुक्तभोगी रितेश कुमार सिंह विश्रामपुर जेहली टांड़ व सरजू लोहरा लाला धौड़ा से रविवार को खलारी बाजार टांड़ सब्जी खरीदने लगभग तीन बजे आया था। दोनो भुक्तभोगी अपने अनुसार से बाइक को खड़ा कर बाजार करने चले गये। जब बाजार कर 1 घंटा के बाद वापस लौट कर आया तो दोनों का बाइक गायब थी। इस संबध में भुक्तभोगी ने मैक्लुस्कीगंज थाना में जाकर मामला दर्ज कराया गया।

### राप्रवि खरसीदाग का ताला तोड़ गैस सिलेंडर और चावल की चोरी

**नामकुम।** राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय खरसीदाग की प्रचार्या पूनम बाखला ने खरसीदाग ओपी में अज्ञात चोरों के विरुद्ध विद्यालय का ताला तोड़ कर दो गैस सिलेंडर, एक क्विटंल चावल सहित अन्य सामानों की चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाने में दिए गए आवेदन में प्रचार्या श्रीमती बाखला ने बताया कि 9 फरवरी को वे स्कूल बंद कर ताला लगाकर अपने घर चली गयी। अगले दिन वापस आने पर ताला टूटा पाया और गैस सिलेंडर और चावल चोरी करने का पता चला।

### टीएसपीसी ने जारी किया प्रेस रिलीज

**खलारी।** उत्तरी दक्षिणी सीमांत के सब जोनल कमिटी कमांडर टीएसपीसी के बलवंत जी के नाम पर पत्र जारी कर रांची पुलिस के नाम चेतावनी जारी किया गया। पत्र में रांची पुलिस के द्वारा पकड़े गए राजा शर्मा उर्फ सोबित शर्मा और इरफान अंसारी को 24 घँटे के अंदर न्यायालय में पेश करने की बात कही। सोबित शर्मा व इरफान अंसारी को पुलिस तय समय में न्यायालय के पास पेशी नही करती है तो झारखंड बंद करने की चेतावनी दी गई है।

### भैयाद पर लगाया पिता की हत्या का आरोप, मामला दर्ज

**नामकुम।** बुंडूबेड़ा के रहनेवाले तीर्थनाथ पाहन ने गांव के ही रहनेवाले अपने भैयाद विक्रम पाहन पर अपने पिता सबू मुंडा की हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाने में दिए आवेदन में तीर्थनाथ ने बताया है कि उनके पिता अपने घर से सब्जी बेचने तुंजु बाजार के निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नही लौटे। दूसरे दिन उनकी खोजबीन आने जाने वाले रास्ते में की तो उनका शव रास्ते के कोईरीबेड़ा और डउगगढ़ा के बीच एक गड्ढे में मिला। विक्रम ने कई बार उसके पिता सबु मुंडा को जान से मारने की धमकी भी दी थी। घटना के दिन से ही विक्रम भी अपने घर से फरार है। पुलिस छानबीन शुरू कर दी है।

### इटकी : प्रशिक्षु डीएसपी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**इटकी।** इटकी पुलिस ने प्रशिक्षु डीएसपी दशरू बान सिंह के नेतृत्व में थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो पहियाए चार पहिया वाहनों के कागजात व चालकों के लाइसेंस की जांच की गई। पुलिस ने बिना हेलमेट दो पहिये वाहन चला रहे दर्जन भर लोगों को पकड़ा बाद में सभी को हेलमेट पहन कर बाइक चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया।

# शांति समिति की बैठक : सरस्वती पूजा में डीजे बजाने पर रहेगी पाबंदी

## नये थानेदार का स्वागत और पुराने को दी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थानेदार शशिभूषण चौधरी ने पदस्थापन के दूसरे दिन थाने में शांति समिति की बैठक की। प्रमुख संगीता तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने सदस्यों को बसंत पंचमी की बधाई दी। सदस्यों का कुशलक्षेम जाना और परिचय लिया। श्री चौधरी ने अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता बताते हुये समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को साथ लेकर चलने, सरस्वती पूजा में डीजे पर पाबंदी व विधि-व्यवस्था में लोगों से सहयोग की उम्मीद जतायी। इससे पूर्व श्री चौधरी का स्वागत किया गया। वहीं तत्कालीन थाना प्रभारी सपन महथा को बिदाई दी गयी।

### बैठक में लिया हिस्सा

जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, दामोदर मिश्र, कामेश्वर महतो, राजीव रंजन मिश्र, असलम अंसारी, अक्लिमा खातून, मिथलेश दुबे, अरशद अयुब, अतुल राज, बंधु महतो, ज्योति भगत, अहिल्या कच्छप, शिवपूजन साहू, सुभान राय, कमरुल हक, राजकुमार वर्मन, एसआई चमरा मिंज, अंजन कुमार, कुलेश्वर महतो, एएसआई धमेंद्र कुमार व मनोज कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व सदस्य आदि।

## एक नजर में

### खलारी : झामुमो ने नवपदस्थापित अधिकारियों को किया सम्मानित



**खलारी।** खलारी प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने नवपदस्थापित अधिकारीए खलारी थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह एप्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमारए व खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ठ को पुष्प गुच्छ व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों से शिष्टाचार भेंट झामुमों प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान चितरंजन सिंह, इस्लाम अंसारी, नंदू मेहता राजकुमार गंझू राजेश प्रसाद सुभाष प्रजापति दिनेश्वर सिंह कमलेश चौहान प्रवीण चौहान शंभू दास कलम रिजवी महेंद्र चौहान सुधीर चौहान इस्लाम अंसारी अजय मुंडा सहित अन्य मौजूद थे।

### भाजपा का गांव प्रवास कार्यक्रम

**अनगड़ा।** भाजपा के गाव प्रवास कार्यक्रम के तहत बूथ नंबर 90 सालहन का प्रवास भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नरेश साहू ने किया और बूथ नंबर 94 बेरवाडी में बनमाली महतो ने प्रवास किया जिसमें साथ में अनीता देवी पूनम देवी झालो देवी पार्वती देवी मंजू देवी शीला देवी संतोषी देवी रेशमी देवी सुनीता देवी पूनम देवी वैष्णो देवी सुशीला देवी काजू देवी राहुल माली प्रदीप साहू विजय साहू श्याम सुंदर महतो जगमोहन साहू संजय साहू इत्यादि उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में कक्षा बारहवीं के छात्रों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या विकास समिति झारखंड प्रांत के रांची विभाग के निरीक्षक फन्नीनद्र नाथ झा विशिष्ट अतिथि विद्यालय के सचिव लोकनाथ राणा उपाध्यक्ष अवधेश सिंह डीएवी खलारी के प्राचार्य कमलेश सिंह थे। इस दौरान छात्रों के मंगलमय भविष्य की कामना की गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षेत्तर कर्मचारियों में बिद्यानंद झा बीरेंद्र झा वीरेंद्र पाठक रामनिवास पांडेय मनोरंजन ओझा रीता दास जिक्षु शर्मा सिकंदर झा आनंद जयसवाल नवीन सिंह लक्ष्मण महतो निकु वर्मनए ऋषिकेश सिंह अजय मिश्रा अर्चना सिंह शशि रंजन संदीप कुमार कर्ण विजय उपाध्याय अनुराग कुमार अनिता सिंह सरिता कुमारी अर्चना सिंह हरीनंदन नोनिया ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल को लेकर झामुमो ने बनायी रणनीति

**खलारी।** जनता मजदूर संघ की क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में 12 फरवरी को संघ के पदाधिकारी की बैठक हुई। अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादव व संचालन डीप सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन टुपा महतो ने किया। बैठक में आगामी 16 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को लेकर रणनीति बनाई गई। इस बैठक में मुख्य रूप संघ व सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक और औद्योगिक मजदूर विरोधी नीति के चलते देश की वर्किंग क्लास और आम जनता का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने हड़ताल को सफल करने का आह्वान किया। मौके पर अजय चौहान इशनगंज रविंद्र उरांव गणेश ठाकुर शर्मा वीरेन पासवान बटन चौहान बिरजू लोहार गुल्फी देवी तपेश्वर कुमार यादव टेक लाल महतो चंदन कुमार सिंह सिंह बंसी राम बंसी राम शमीम अख्तर उमेश कुमार सुधीर कुमार चौहान आदि लोग मौजूद थे।

# शिलान्यास : सोनाहातू में 9.16 करोड़ से बनेगी 12 किमी सड़क



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो ने सोमवार को सोनाहातू प्रखंड के हारिन, लोवाडीह, डोमाडीह, वनडीह और जिन्तुडीह गांव में सड़क निर्माण कार्य का आधारशिला रखी। बांकु, हारिन, करमटांड सड़क 1 करोड़ 74 लाख, लोवाडीह-जुड़गा 80 लाख, टिकर मुख्य मार्ग से जिन्तुडीह तक 1 करोड़ 6 लाख, प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत मुख्य मार्ग से वनडीह डोमाडीह तक 5 करोड़ 56 लाख लागत से सड़क निर्माण किया जायेगा। इस दौरान विधायक निधि से 22 लाख 23 हजार से 4 पीसीसी और एक वाचनालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। मौके पर विधायक ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य में गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मीडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा, लाइब्रेरी आदि की सुविधा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत की जाएगी। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। मौके पर सुनील सिंह, संजय सिर्द्धार्थ, चितरंजन महतो, संजय महतो, फणीभूषन सिंह, मुखिया मनोज मुंडा, विकास सिंह मुंडा, देवेंद्र मुंडा, धरनी देवी आदि मौजूद थे।

# पाक में अस्थिरता

पाकिस्तानी अवाम ने जो जनादेश हालिया आम चुनाव में दिया, वह पाक सेना के मंसूबों पर पानी फेरता नजर आया है। बहुत संभव है पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों द्वारा रची गई व्यूह रचना जेल के भीतर से जनादेश को प्रभावित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों को सत्ता से दूर रख दे, लेकिन पूरी दुनिया ने पाकिस्तानियों की स्वस्थ लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता को तो देख ही लिया है। यहां सवाल यह है कि क्या इमरान अब जल्दी जेल से बाहर आ पाएंगे? कुछ मुकदमें वापस हुए हैं। राजनीतिक अनिश्चितता, सेना द्वारा पैदा अवरोधों, इंटरनेट व सोशल मीडिया पर पाबंदी, कानूनी दांव-पेचों के बावजूद इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों का सबसे आगे रहना, पाकिस्तानी सेना के लिये करारा सबक तो है। बहुत संभव है कि सेना द्वारा पर्दे के पीछे रचे प्रपंच से सत्ता पर काबिज होने की कोशिश में पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज यानी पीएमएल और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी सफल हो जाएं, लेकिन पाकिस्तान के लोकतंत्र के इतिहास में यह बात दर्ज हो गई है कि पाक की जनता जेल के सीखचों में कैद लोकतंत्र के जायज प्रतिनिधि को जिताने का दमखम रखती है। अब पाकिस्तान में सत्ता के तमाम समीकरण तलाशे जा रहे हैं। कोशिश हो रही है कि छोटे दलों के सहयोग से 265 सीटों वाली नेशनल असेंबली में किसी तरह बहुमत का आंकड़ा 133 हासिल कर लिया जाए। बहुत संभव है सेनाश्रय में नवाज शरीफ फिर सत्ता की बागडोर हासिल कर लें और पीपीपी किंग मेकर की भूमिका निभाती नजर आए। पीटीआई के समर्थन से जीते निर्दलीय उम्मीदवारों में से कितने अपने स्टैंड पर कायम रहते हैं और कब तक। यह उनकी वफादारी दिखाने का भी समय है।

# महंगाई की दर गिरी

देश में खुदरा महंगाई दर जनवरी 2024 में कम होकर 5.1% पर पहुंच गई है। यह पिछले तीन महीने में सबसे न्यूनतम स्तर है। दिसंबर महीने में खुदरा महंगाई दर 5.69% था। खुदरा महंगाई आधारित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) दिसंबर 2023 में 5.69% पर था। जनवरी 2023 में यह आंकड़ा 6.52% पर था। अगस्त 2023 में खुदरा महंगाई दर 6.83% के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 8.3% पर रही उसे उससे पिछले महीने 9.53% पर थी। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई दर चार प्रतिशत पर (दोनों ओर दो प्रतिशत की मार्जिन के साथ) रखने का लक्ष्य दिया है।सब्जियों (27.6 फीसदी बनाम 27 फीसदी), दालों (19.5 फीसदी बनाम 20.7 फीसदी), मसालों (19.7 फीसदी की तुलना में 16.4 फीसदी) और फलों (11.1 फीसदी की तुलना में 8.7 फीसदी) की कीमतों में कम वृद्धि हुई और तेल और वसा (-15 फीसदी बनाम 15 फीसदी) के लिए कीमतों में गिरावट जारी रही।महंगाई से जुड़े आंकड़े साप्ताहिक रोस्टर पर एनएसओ और एमओएसपीआई के फील्ड ऑपरेशन डिवीजन के कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत यात्राओं के माध्यम से सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को कवर करने वाले चयनित 1114 शहरी बाजारों और 1181 गांवों से एकत्र किए जाते हैं। जनवरी 2024 में, एनएसओ ने 99.8% गांवों और 98.5% शहरी बाजारों से कीमतें एकत्र कीं, जबकि इसमें रिपोर्ट की गई बाजार-वार कीमतें ग्रामीण क्षेत्र के लिए 89.9% और शहरी के लिए 93.6% थीं। इस कम होते महंगाई दर से आम लोगों को बड़ी राहत मिलती है।

# नीतीश और लालू के बीच बिहार की राजनीति

बिहार में नीतीश सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया है। बिहार विधानसभा में 12 फरवरी (सोमवार) को वोटिंग से पहले ही विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया था। सत्ता पक्ष की मांग पर हुई वोटिंग में नीतीश कुमार के समर्थन में 129 वोट पड़े। विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा। पिछले दिनों वह महागठबंधन से अलग होकर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल हो गए थे। बीते कई दशकों से नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे हैं।

दोनों जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से निकले नेता हैं। दोनों अपना राजनीतिक गुरू जेपी, राम मनोहर लोहिया और कपूरी ठाकुर जैसे समाजवादी नेताओं को बताते रहे हैं। हालांकि एक आंदोलन से निकलने और एक तरह के नेताओं को आदर्श मानने के बावजूद दोनों में शुरू से ही कभी प्रत्यक्ष तो कभी अप्रत्यक्ष तौर पर मत भिन्नता रही।



1990 के दशक में लालू-नीतीश के बीच दरार गहरी हुई थी। वीपी सिंह की सरकार गिरने के बाद केंद्र की राजनीति से ब्रेक लेकर जब नीतीश कुमार पटना रहने पहुंचे थे तो लालू प्रसाद यादव ने उन्हें परेशान करने की कोशिश की थी। उन दिनों की घटनाओं को पत्रकार संकर्षण ठाकुर ने अपनी बहुचर्चित किताब ह्यबंधु बिहारीह्ल में दर्ज किया है।

**लालू यादव के कारण पटना में बेघर हो गए थे नीतीश कुमार**

1990 के अंत की बात है। नई दिल्ली में वी.पी. सिंह सरकार का नवंबर 1990 में पतन हो गया था। नीतीश अब केंद्रीय मंत्री नहीं रहे थे। ऐसे में वह पटना लौट गए और स्टेट गेस्ट हाउस में रहने लगे। संकर्षण ठाकुर लिखते हैं, लालू ने उन्हें स्टेट गेस्ट हाउस में जगह देने से मना कर दिया। फिर उन्हें पश्चिम पटना में पुनाई चौक में अपने इंजीनियर दोस्त अरुण कुमार के घर में जाकर रहना पड़ा। लालू ने नीतीश की वह सुविधा भी छीन ली, अरुण कुमार का तबादला पटना से बाहर कर दिया और पुनाई चौक का वह फ्लैट दूसरे सरकारी कर्मचारी को आबंटित कर दिया।

नीतीश पटना में दोबारा बेघर हो गए। इसके बाद नीतीश अपने पुराने परिचित और कारोबारी, विनय कुमार के घर ठहरे, जिस पर लालू का कोई अधिकार नहीं था। विनय कुमार का अतिथि-सत्कार नीतीश के लिए उस दिन तक उपलब्ध रहा जिस दिन वह मुख्यमंत्री बने और लालू को 1, अणे मार्ग से निकलना पड़ा। हालांकि इसमें लंबा वक्त लगा।



-संकर्षण ठाकुर

> सीएम लालू के कमरे में दाखिल होने के कुछ मिनट के अंदर ही ऐसा क्या हुआ कि बैठक अचानक गाली-गलौज में बदल गई और मुक्केबाजी होने लगी। लालू की चीख-चिल्लाहट सबसे ऊपर थी, उनका सारा गुस्सा लल्लन सिंह पर फूट रहा था, जिसे उन्होंने बड़े आक्रोश के साथ इशारा करते हुए कहा- निकल बाहर, बाहर निकल, साला।

**1990 के दशक का आरंभ और लालू का प्रभुत्व**

लालू यादव ने गांधी मैदान में भाषण देते हुए वादा किया था, अब कोई भ्रष्टाचार नहीं होगा, अब कोई बेईमानी नहीं होगी, यह कसम हम खाते हैं, नया लोक राज कायम करना है, जेपी और कपूरी के सपनों का बिहार बनाना है, वीपी सिंह के सिद्धांतों का बिहार बनाना है, लोक राज लाना है, एक नए बिहार का निर्माण करना है।

ठाकुर लिखते हैं, लालू ने बिहार को एक नए सपने का वचन दिया था और तत्काल उन्होंने एक लंबे बुरे सपने को न्योता देना शुरू कर दिया। कारणों का ढेर लगता गया और एक दिन नीतीश और लालू के बीच दीवार खड़ी हो गई। नई सरकार का संचालन कैसे किया जाना चाहिए, इस बात को लेकर दोनों के बीच मतभेद उत्पन्न हुए और बात बढ़ते- बढ़ते व्यक्तिगत शत्रुता तक पहुंच गई।

लेकिन जब तक नीतीश ने लालू यादव से उम्मीद नहीं छोड़ी थी, तब तक वह लालू यादव को उनके वादे और लोहिया के समाजवाद की याद दिलाते रहते थे। नीतीश कुमार ऐसा लगातार कर रहे थे। ऐसे में किए गए वादों की याद दिलाते रहने से लालू, नीतीश से थोड़े नाराज रहने लगे।

ठाकुर लिखते हैं, कभी-कभी तो लालू को वचन की याद दिलाने पर इतना गुस्सा आ जाता कि उन्हें नीतीश की नीयत पर संदेह होने लगता, एक बार तो लालू ने कह दिया था- सरकार हथियाना चाहता है का नीतीशवा? ठाकुर एक शाम की घटना का भी जिक्र करते हैं, जब बातचीत का कोई नतीजा न निकलने पर नीतीश हताश होकर चले गए थे। ठाकुर लिखते हैं, लालू ने उस शाम नीतीश की सलाह पर नाक-भौं सिकोड़ी थी और झिड़कते हुए यहां तक कह दिया था कि शासक का शिक्षक बनने की कोशिश मत करो। तुम हमको राज-पाट सिखाओगे? गवर्नेंस से पॉवर मिलता है का? पावर मिलता है वोट-बैंक से, पावर मिलता है पीपॅल से, क्या गवर्नेंस रटते रहते हो?

महिलाओं को ऐसे देखना बंद कीजिएजब नीतीश कुमार ने शरद यादव को दे डाली थी सलाह, जानिए क्या हुआ था उस दिन

**बिहार भवन में गाली-गलौज**

1992 के अंतिम महीनों की बात है। दिल्ली स्थित बिहार भवन अचानक गंदी-गंदी गालियों से गूंज उठा। ऐसा क्यों हुआ था? दरअसल नीतीश कुमार, बिहार के कुछ नेताओं के साथ बिहार भवन में लालू यादव से मिलने पहुंचे थे। नीतीश के नेतृत्व में पहुंचे शिवानंद तिवारी, बिशन पटेल और लल्लन सिंह के पास कार्यों की एक सूची थी। ये नेता चाहते थे कि उनके मुख्यमंत्री इस पर ध्यान दें। बीजेपी के सरयू राय भी गए थे, जो तब नालंदा और सोन क्षेत्र में किसानों की ओर से सिंचाई का मुद्दा उठाते आ रहे थे। वह गेस्ट हाउस मैं बैठे हुए, नीतीश तथा अन्य लोगों का मीटिंग से लौटने का इंतजार कर रहे थे।

ठाकुर लिखते हैं, मीटिंग में मौजूद लोगों में से किसी को भी याद नहीं कि मुख्यमंत्री के कमरे में दाखिल होने के कुछ मिनट के अंदर ही ऐसा क्या हुआ कि बैठक अचानक गाली-गलौज में बदल गई और मुक्केबाजी होने लगी। लालू की चीख-चिल्लाहट सबसे ऊपर थी, उनका सारा गुस्सा लल्लन सिंह पर फूट रहा था, जिसे उन्होंने बड़े आक्रोश के साथ इशारा करते हुए कहा- निकल बाहर, बाहर निकल, साला।हल्ला-गुल्ला बिहार भवन के ग्राउंड फ्लोर पर वी.वी.आई.पी. गलियारे में किसी विस्फोट की तरह गूंजने लगा। मां-बहन की गालियां गोलियों के माफिक छूट रही थीं। सरयू राय यह देखने के लिए बाहर निकलकर आए कि माजरा क्या है। उन्होंने वी.वी.आई.पी. दरवाजे पर धक्का- मुक्की होते देखी। लालू को अपने सभी सुरक्षाकर्मियों को आवाज लगाते सुना गया। ( साभार जनसत्ता )

## खास बात

# कूटनीतिक जीत

भारतीय नौसेना के पूर्व कर्मियों की कतर जेल से रिहाई के बाद स्वदेश वापसी हो चुकी है। ये भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। इससे पहले मोदी सरकार के कूटनीतिक प्रयासों से पूर्व नौसैनिकों की मृत्यु दंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया गया था और अब वे रिहा होकर सुरक्षित भारत लौट आए हैं।

कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर सुगुनाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और नाविक रागेश को अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया गया था और तभी से वे कतर की जेल में थे। 26 अक्टूबर 2023 को कतर की अदालत ने सभी आठ भारतीयों को मृत्यु दंड की सजा सुनाई। गौरतलब है कि सीओपी28 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा की।

इसके बाद दिसंबर में मृत्यु दंड की सजा को कम कर दिया गया था।

नौसेना के इन वरिष्ठ कर्मियों ने स्वदेश वापसी के लिए अपनी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सरकार को धन्यवाद दिया है। इनमें से एक ने कहा, ?हम बहुत खुश हैं कि हम सुरक्षित रूप से भारत वापस आ गए हैं। निश्चित रूप से, हम प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहेंगे क्योंकि यह केवल उनके व्यक्तिगत हस्तक्षेप के कारण ही संभव हो सका है। यह पहला मौका नहीं है जब संकट के समय में भारत अपने नागरिकों को विदेशी धरती से सुरक्षित स्वदेश वापस लेकर आया है। भारत ने सदैव अपने प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने भारतीय नागरिकों को असंभव परिस्थितियों से बचाने और स्वदेश लाने के लिए भारत के सभी संभावित राजनयिक और सैन्य कौशल का उपयोग करते हुए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की है।विश्व के कई महत्वपूर्ण नेताओं के साथ प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत संबंधों और भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय छवि को उजागर किया है।

# कुम्भकर्ण का वध

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**रावण** ने कुम्भकर्ण को बताया कि राम पूरी सेना सहित समुद्र पर पुल बना कर आ गये और चढ़ाई कर दिया है। अपने बहुत से वीर लड़ाई में मारे जा चुके हैं मेरे पास तुम्हें जगाने के अलावे कोई और दूसरा उपाय नहीं था। कुंम्भकर्ण को ब्रह्मा जी की बात याद आ गयी कि लंका का नाश होगा, भगवान का अवतार होगा। नारद जी ने भी कुम्भकर्ण से कहा था कि इस प्रकार की घटना होगी। उसने कहा भाई तुमने यह क्या कर दिया साक्षात जगदंबा का ही हरण कर लिया। अब किस तरह लंका का कल्याण होगा। जाने दो मैं अपना काम करूंगा। लंका के लिये मैं लड़ूंगा और मै मरकर सुगति को प्राप्त करूंगा। ऐसा कहकर वह रणोत्मत होकर विशाल पर्वत सा रणभूमि में चल पड़ा। उसने राम की सेना को नुकसान पहुंचाना आंरभ कर दिया। वानर और भालूओं के प्रतिकार का उस पर कोई असर नहीं हो रहा था। वह सेना का जबरदस्त संहार करने लगा। उससे रामजी की सेना में हाहाकार मच गया। राम ने देखा कि उनके सिवा अब कोई उसका बध नहीं कर सकेगा। राम ने बाण संधान कर उसके बाह काट डाले जिससे खून की धारा बहने लगी। वह चित्कार करते हुए धरती पर दौड़ा पर राम ने बाण से उसके शरीर के कई टुकड़ें कर दिये। इस प्रकार कुम्भकर्ण का अंत हो गया।

**प्रसंग का अध्यात्म**

शरीर का स्वभाग से कुम्भकर्ण पशुवत था लेकिन उसके अंदर भी एक विचार था। उसका विचार सात्यिक था। मनुष्य सात्विक विचार रखकर भी अगर निष्क्रय हो जाए तो उसका कोई लाभ नहीं होता है। काश वह छह माह नहीं सोता।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

भारत एक घायल सभ्यता है।

उन्होंने कहा कि भारत में उसकी सभ्यता को सुदृढ़ करने वाली नहीं बल्कि आघात करने वाली बातों को पढ़ाया और बढ़ाया जाता है। श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा उन घावों को भरने और नई चेतना के उभरने का एक प्रतीक है ।

**-सुधांशु द्विवेदी, भाजपा**

## आपके ट्वीट

**रांची** के मोरहाबादी मैदान में सखी मंडल की महिलाओं के राज्यस्तरीय एक्सपोजर एवं क्षमता संवर्धन शिविर -सह- महिला महासम्मेलन में शामिल हुआ।

महिलाएं समाज एवं राज्य के विकास में पुरुषों से ज्यादा योगदान दे रही हैं। **- चंपई सोरेन, सीएम**





दिन रात ह्यझूठ की खेतीह्ल करने वाले मोदी ने 10 वर्षों में किसानों को सिर्फ ठगा है।

दो गुनी आमदनी का वादा कर मोदी ने अन्नदाताओं को एमएसपी के लिए भी तरसा डाला।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस**

# बंसत की हवा और हमारा लांग लास्टिंग प्यार



**डॉ कुमार संजय**

(शिक्षक, मोटिवेशनल स्पीकर और नाटककार)

वसंत के आते ही फैज अहमद फैज का यह शेर खुद-ब-खुद जुबां पर आ जाता है-गुलों में रंग भरे बाद-ए-नौ-बहार चले, चले भी आओ कि गुलशन का कारोबार चले.

जी हां, वसंत ऋतु के आगमन से फूलों में निखार आ गया है, नई उम्मीदें, नई चाहतें सामने आ खड़ी हुई हैं, नई खुशियां हाथ थामने को बेचैन हैं. आइए, वसंत के आगमन का स्वागत करें. वसंत का हाथ थामे आता है वेलेंटाइन डे. एक साल के लंबे इंतजार के बाद प्रेमियों की दिलों की धड़कनें बढ़ा देता है. प्यार करने वालों के लिए इजहार करने का इससे बेहतर समय और क्या हो सकता है जब सारी कायनात इनका साथ देने के लिए आतुर है. तो बेशक आप वेलेंटाइन डे मनाएं, अपने प्यार का इजहार करें, लेकिन इन बातों को जरूर ध्यान में रखें: (यह आलेख 13 से 30 वर्ष के युवाओं पर केंद्रित है, जो अभी तक सिंगल हैं)

1. पेरेंट्स से झूठ न बोलें : झूठ बोलकर किया हुआ कोई भी काम सही नहीं हो सकता. अगर काम सही है तो छुपाना कैसा! इसलिए अपने प्यार के संग आप यह दिन कहीं मनाने जा रहे हैं, तो अपने पेरेंट्स की जानकारी में जाएं. अगर पेरेंट्स नहीं मान रहे तो आप पेरेंट्स की बात मानें, खासकर तब जब आप अपने पैरों पर खड़ा नहीं हैं. अपने पेरेंट्स को बैकवर्ड न समझें. वे हर हाल में आपका

## सामयिक

भला चाहते हैं. पेरेंट्स के नॉलेज में आप कोई काम करते हैं तो दिल से अच्छा और सुरक्षित महसूस करते हैं.

पेरेंट्स से अनुरोध है कि समय के साथ चलें. अपने बेटा-बेटी के फ्रेंड के बारे में पूरी जानकारी रखें. अगर वह फ्रेंड सही लगता है तो अपने बेटा-बेटी को वेलेंटाइन डे मनाने दें. निर्धारित समय के लिए जाने दें.

2. उपहार या गिफ्ट : अपने प्यार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना ही तो सबसे बड़ा गिफ्ट है. गिफ्ट दीजिए लेकिन किसी से उधार लेकर नहीं और न ही घर से पैसा चुराकर. आप अपने बजट के अंदर रहकर गिफ्ट दें. झूठे दिखावे के लिए बहुत महंगा गिफ्ट देना सरासर बेवकूफी है. सोच-समझकर ऐसे गिफ्ट दें जो भविष्य में आपके खिलाफ न चला जाए.

3. सुरक्षित जगह : शहर से दूर, एकांत जगह में जाने की कोई जरूरत नहीं है. असामाजिक तत्व ऐसे ही अवसरों की तलाश में रहते हैं. हर वर्ष कई अशुभ, बुरे समाचार सुनने को मिलते हैं. प्रेमियों को बुरी तरह पीटा गया, उनसे उठक-बैठक कराया गया और कुछ तो मर्डर वाले समाचार भी मिलते हैं. अच्छे पार्क, पिकनिक स्पॉट, रेस्तरां में जाएं जहां लोगों की उपस्थिति हो. वैसे पार्क और पिकनिक स्पॉट भी न जाना ही बुद्धिमानी होगी. वह तो आप समझ रहे हैं, क्यों. अच्छा होगा, सोच समझकर सही जगह का चयन करें.

4. मयार्दा : अपनी मयार्दा में रहकर वेलेंटाइन डे मनाएं. कुछ ऐसा न करें कि बाद में आपको पछताना पड़े. आप अपनी नजर में गिर जाएं. याद रखें- संयमित प्यार टिकता है, असंयमित प्यार चंद दिनों में अपना आकर्षण खो देता है.

5. ड्रेस : यह पॉइंट मुख्य रूप से गर्ल्स के लिए लिखा जा रहा है. आकर्षक दिखने के चक्कर में सस्ता मत दिखने लगें. कायदे के कपड़े पहनें, कायदे से बने संवरें. यह बात सिर्फ वेलेंटाइन डे के लिए नहीं कही जा रही बल्कि हर अवसर के लिए कही जा रही है. वैसे तो यह बात सभी के ऊपर लागू होती है.

मूल मंत्र हेलेन केलर ने बहुत खूबसूरत बात कही है - संसार की सबसे खूबसूरत चीजें न देखी जा सकती हैं, न सुनी जा सकती हैं, उन्हें बस दिल से महसूस किया जा सकता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### इंसानियत के दुश्मन

**देश** खतरनाक कोरोना वायरस महामारी के दूसरे दौर से गुजर रहा है, जिससे भारी संख्या में लोग संक्रमित होकर बेमौत मारे जा रहे हैं। स्थिति बहुत गंभीर है। कुछ समाज के गिद्ध, जिनमें इनसानियत तथा संवेदनशीलता नहीं है, वे लाशों के कफन उतार कर दोबारा बेच रहे हैं, मानवीय मूल्यों के पतन को रोकने के लिए ऐसे कालाबाजारियों को फांसी मिलनी चाहिए। **-विवेक सिंह, रांची**

### संवेदनशील पहल

**एमपी** के सीएम ने उन बच्चों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने की घोषणा की है जो महामारी के दौरान अपने माता-पिता या अभिभावकों को खो चुके हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा और परिवारों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था भी होगी। यह पहल सराहनीय है। झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों को भी ऐसी ही योजनाओं को अमल में लाना चाहिए। **-रविकांत सिन्हा, गढ़वा**

# हरि को भेज से हरि का होय

## धर्म

**शुभांगी उपाध्याय**

आचार्य श्री भाष्यम की रचना करते हैं। उनकी इसी महान रचना के कारण उन्हें श्री संप्रदाय शिरोमणि भी कहा जाता है।

**हरि को भजे, सो हरि का होय**

कावेरी नदी के किनारे बसा पर्वतीय क्षेत्र मेलुकोटे बहुत ही सुंदर क्षेत्र है। अपने जीवनकाल में आचार्य ने लगभग 12 वर्ष तक इस स्थान को अपना कार्यक्षेत्र बनाया और श्री चेलुव नारायण मंदिर में प्रभु की सेवा की। विभत्स आक्रांताओं ने भारत के अनेकों मंदिर तोड़े, बहुमूल्य रत्न लूटे और साथ ही हमारे अराध्य देवी-देवताओं के विग्रह भी चुरा कर साथ ले गए। इसी में से एक सुंदर विग्रह राम प्रिया भी थी, जो इस मंदिर की उत्सव मूर्ति थी और उत्सवों अथवा जात्रा के दौरान इस विग्रह की झाँकी निकलती थी। यह वही दिव्य मूर्ति थी जिसकी पूजा त्रेता युग में प्रभु राम और उनके वंशजों ने की और द्वापर में श्री कृष्ण ने भी की।

आचार्य को जब यह ज्ञात हुआ की वह मूर्ति दिल्ली के मुगल दरबार में है तो बिना विलंब वे अपने प्रभु को लेने पहुँच गए। उन्होंने आग्रहपूर्वक जब अपने प्रभु को ले जाने की मांग की तब मुगल शासक ने उन्हें मूर्ति लौटा दी। यह देखकर शहजादी अत्यंत द्रवित हो उठी और दीवानों की तरह आचार्य और उनके काफिले का पीछा करते हुए मेलुकोटे शहर जा पहुँची। मुस्लिम कन्या होने के कारण उसका मंदिर में प्रवेश वर्जित था, वह बाहर ही अपने आराध्य श्री हरि विष्णु के ध्यान में लीन हो गई। जब आचार्य को यह ज्ञात हुआ तब उन्होंने उसे मंदिर में प्रवेश की अनुमति दे दी और वह महान भक्त प्रभु में ही समा गईं। तत्पश्चात आचार्य ने स्वयं बीबी नाचियार की मूर्ति को मंदिर में स्थापित करवाया। वह मूर्ति आज भी मंदिर परिसर में स्थापित है और भक्तगण प्रभु की अनन्य प्रेमिका को भी पूजते हैं। निष्कर्षतः हम कह सकते हैं की संत रामानुजाचार्य का जीवन अत्यंत ही प्रेरणादायी है। भारतीय संत परंपरा में आदिगुरु शंकराचार्य जी के पश्चात श्रीपाद रामानुजाचार्य जी का ही नाम लिया जाता है। आचार्य शंकर के अद्वैतवाद से भिन्न इन्होंने विशिष्टाद्वैत की रचना की। वैष्णव धर्म के प्रचार प्रसार हेतु इन्होंने पूरे भारतवर्ष की यात्रा की और जन जागृति का कार्य किया। अपने जीवनकाल में इन्होंने बहुत सारी रचनाएं की, भाष्य लिखे परन्तु सर्वाधिक लोकप्रिय रचनाएं श्री भाष्यम और वेदान्त संग्रहम को माना जाता है। वेदान्त के अलावा सातवीं-दसवीं शताब्दी के रहस्यवादी एवं भक्तिमार्गी आलवार सन्तों के भक्ति-दर्शन तथा दक्षिण के पंचरात्र परम्परा को इन्होंने अपने विचारों का आधार बनाया।

संत रामानुजाचार्यजी की शिष्य परम्परा में ही रामानन्द हुए जिनके शिष्य कबीर, रैदास और सूरदास थे। सन् 1137 ई० में जब यतिराज रामानुजाचार्य 120 वर्ष की अवस्था में पहुँचते हैं तब वह ब्रह्मलीन हो जाते हैं। ऐसे तेजस्वी, समदर्शी दिव्यात्मा की सहस्राब्दी में सम्मान स्वरूप विश्व की दूसरी सबसे बड़ी बैठी हुई मूर्ति, स्टैच्यू ऑफ इक्विलिटी का अनावरण कर प्रधानमंत्री सहित समस्त भारतवर्ष ही नहीं अपितु समस्त संसार के भक्तजन उनके प्रति अपना आभार व्यक्त कर रहे हैं। यह भारतीय सांस्कृतिक क्रांति और चेतना का आगाज है।

आज धर्म के सनातन पताको को जिस प्रकार पूरी दुनिया में स्वामी जी ने फहराया उसका परिणाम था कि हजारों साल की गुलामी के बाद भी धर्म और अधिक तेजी से प्रवाहित हो गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कला क्राफ्ट और विज्ञान प्रदर्शनी



**रजरप्पा।** संत साई पब्लिक स्कूल ने बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी एव आर्ट एंड क्राफ्ट का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ संस्कार इंटरनेशनल ग्रुप के ओनर रितेश केसरी, श्रेया गुप्ता (संस्कार इंटरनेशनल ग्रुप की डायरेक्टर) संजय प्रभाकर , झलकू रजक, विशवनाथ प्रसाद अग्रवाल ने किया। केसरी ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए स्कूलों में निरंतर विज्ञान प्रदर्शनी एव आर्ट क्राफ्ट का कार्यक्रम प्रतिवर्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणांचल में शिक्षा की जो अलख जगाई हैं, वह काबिले तारीफ हैं। प्रदर्शनी में छात्रों ने जो हुनर दिखाया है वह इनके उज्वल भविष्य को दर्शाता है। विद्यालय के सचिव महोदय प्रो. विजय प्रभाकर, प्रशासनिक अधिकारी जयप्रकाश कसेरा, उप प्रशासनिक अधिकारी झुनको कुमारी, प्राचार्या जूही कुमारी, उप प्राचार्य आदित्य भारती विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाएं छात्र - छात्राओं एव अभिभावकों की उपस्तिथि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### वैष्णो देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव 14 को



**रामगढ़।** माता वैष्णो देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। कलश यात्रा में शामिल धर्म प्रेमी महिलाएं माता की लाल चुनरी में होंगी। सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान मनीष मारवाह एवं उनकी पत्नी नमिता मारवाह होंगे। कलश यात्रा 14 फरवरी को प्रातः 9 बजे मंदिर परिसर से निकलेगी, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी, यहां कलश में जल भरकर वापस वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व सचिव महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से बताया कि कलश यात्रा की सभी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

### मानवाधिकार के प्रवक्ता बने अमित



**रामगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण सगठन नई दिल्ली द्वारा रांची में आयोजित सम्मेलन में संगठन के ब्रांड एंबेसडर सह सह चेयरमेन मोहित नवानी, राष्ट्रीय संयोजक अजय मिश्रा, व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम द्वारा नया नगर निवासी अमित कुमार को झारखंड प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। अमित कुमार ने कहा कि मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित किसी भी प्रकार की मदद के लिए उनसे और संगठन से संपर्क कर सकते हैं।

### हड़ताल को लेकर पीट मीटिंग



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** 16 फरवरी को देश व्यापी हड़ताल की सफलता को लेकर भुरकुंडा हाथीढारी खदान के समीप सोमवार को बरका-सयाल क्षेत्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियन की पीट मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता अशोक गुप्ता व संचालन संजय वर्मा ने किया। संयोजक विंध्याचल बेदिया ने कहा कि हड़ताल को सफल बनाकर कोयला उद्योग को निजीकरण से बचाना है। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि 16 फरवरी को बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विशाल जनसभा किया जायेगा। सभा को लखेंद्र राय, विकास कुमार, नरेश मंडल, संजय मिश्रा, रामनरेश सिंह, दशरथ सिंह, पप्पू सिंह, असिम धर, विकास सिन्हा, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, नौषाद, बासुदेव साव, रामाकांत दुबे, आजाद भुंइया, उदय मालाकार आदि ने भी संबोधित किया। पीट मीटिंग में दर्जनों लोग मौजूद थे।

### महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती मनी



**रजरप्पा।** प्राथमिक विद्यालय, छोटकी लारी में सोमवार को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। मौके पर सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने उनके विराट व्यक्तित्व एव कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 में गुजरात के टंकारा नामक गांव में हुआ था। उनका बचपन का नाम मूलशंकर था। वे कुशाग्र बुद्धि के छात्र थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा - दीक्षा वैदिक रीति से घर पर हुई। वे महान समाज सुधारक, राष्ट्रभक्त, आर्य समाज के संस्थापक, प्रसिद्ध दार्शनिक तथा उच्च कोटि के लेखक भी थे। सत्यार्थ प्रकाश, ऋगवेद की भूमिका वेदांग प्रकाश आदि उनकी प्रमुख रचनाएं है। 30 अक्टूबर 1883 में धोखे से दूध के साथ विष पिला दिए जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। अतः हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर प्राचार्य भोला करमाली, कृपाल महतो, मोगिश अहमद सहित समस्त बच्चे उपस्थित थे।

# चौपारण में 100 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**पुलिस ने बरही की ओर से आ रहे पिकअप को चेक पोस्ट पर पकड़ा चौपारण होते हुए बिहार ले जाया जा रहा था गांजा : थाना प्रभारी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** चौपारण पुलिस को अवैध तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने बरही की ओर से आ रहे एक पिकअप वाहन सं. जीरो डी 14 एसी 1868 चोरदाहा चेक पोस्ट पर पीछा करते हुए पकड़ा। पकडाये पिकअप को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में विधिवत तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में गाड़ी पर लोड चार प्लास्टिक के बोरा में गांजा पाया गया। सभी बोरा को खोलने पर प्रत्येक बोरा में एक-एक किग्रा का 25-25 पैकेट कुल मिलाकर 100 पैकेट में 100 किग्रा0 गांजा पाया गया। थाना प्रभारी शम्भूनंद ईश्वर ने बताया कि गांजे को तस्करी करने के लिये चौपारण होते हुए बिहार ले जाया जा रहा था। जिसे विधिवत जब्त किया गया तथा गाड़ी पर सवार चालक सहित दो व्यक्ति जनेश्वर पासवान पिता स्व कन्हाई पासवान ग्राम पचमा थाना गुरुआ जिला- गया (बिहार) और रवि कुमार पिता स्व बबन ओझा ग्राम ईस्माइलपुर थाना- मेंहदिया जिला- अरवल (बिहार) को कडाई से पुछताछ किया गया तो उनके द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया तत्पश्चात उसे गिरफ्तार किया गया। जप्त सामान एवं गिरफ्तार अभियुक्त को थाना लाया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं- 46/24 दिनांक- 12/02/24 धारा 414/34 भादवि0 एवं 20(बी) एन.डी.पी.एस.एक्ट अंकित कर दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया तथा इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है। छापेमारी दल में नौशाद आलम डीएसपी बरही, शम्भूनन्द ईश्वर थाना प्रभारी चौपारण , सअनि मनोज कुमार सिंह, सअनिसचिदानन्द राय एवं चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# पदमा : बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम काटकर ले गये चोर

## सीसीटीवी कैमरे को कपड़े से ढककर किया चोरी

**एटीएम में 20,92,700 रुपये थे : शाखा प्रबंधक**



खबर मन्त्र संवाददाता

पदमा। जिले में अपराधियों ने हाइवे के बगल में स्थित एक एटीएम की चोरी कर ली। घटना जिले के पदमा प्रखंड की है, जहां बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को चोर काटकर ले गए। जानकारी के मुताबिक, एटीएम में 20,92,700 रुपये थे। चोरों ने रविवार की रात करीब सवा 12 बजे घटना को अंजाम दिया। सुबह जब लोगों ने एटीएम का शटर टूटा देखा, तो उन्हें शक हुआ। सामने जाकर देखा तो अंदर से एटीएम ही गायब था। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और बैंक के अधिकारी को दी। जानकारी मिलते ही पदमा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल शुरू की।

हजारीबाग में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि भीड़-भाड़ वाले इलाके से बड़ी बारिकी से एटीएम काट कर ले गए। एक तो एटीएम नेशनल हाइवे के बगल में स्थित है। इसके अलावा पास में ही मकान मालिक का घर भी है। इसके बावजूद चोरों ने ये हिम्मत की। इधर घटना के बाद बैंक अधिकारी मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी कैमरा जांच किया, तो पता चला कि घटना रविवार रात लगभग 12 बजकर 15 मिनट की है। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को कपड़े से ढक दिया था, जिसके कारण कुछ रिकॉर्ड नहीं हो पाया। शाखा प्रबंधक ने पदमा ओपी पुलिस को लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है, जिसमें उन्होंने बताया कि एटीएम में बीस लाख बानवे हजार सात सौ रुपये थे।

### भुरकुंडा काली मंदिर में कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन आज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** थाना चौक भुरकुंडा स्थित काली मंदिर प्रांगण में मंगलवार को न्यू कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए भुरकुंडा के मार्शल आर्ट कराटे कोच सेंसाई कंचन दास ने बताया की नये केंद्र उद्घाटन मुख्य अतिथि भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद द्वारा फीता काटकर किया जायेगा। इस दौरान एक दिवसीय कराटे कैंप का भी आयोजन किया जायेगा।

इस शिविर में आस्था सिंह ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान, स्मृति मुंडा, चित्रलेखा, जान्हवी, आलिया खान, सिमरन टोप्पो, अध्या कुशवाहा, सृष्टि बौद्ध सहित विभिन्न विद्यालय के बालक-बालिकाएं हिस्सा लेंगे। उद्घाटन के मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान उपस्थित होंगे।

# बेहतर शिक्षा देने में सक्षम है श्रीदस स्कूल : जयंत सिन्हा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्रीदस महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा,पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर एहसान उल हक, विद्यालय के संरक्षक रंजीत चंद्रवंशी, प्राचार्य रोहित सिंह और उप प्राचार्य राकेश कुमार और चेयरमैन कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से स्कूल के आदर्श स्व. दशरथ सिंह के तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। जयंत सिन्हा ने विद्यालय की भव्यता एवं उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय में आकर यहां के सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर अभिभूत हूं। यहां के बच्चों का प्रेम एवं अनुशासन को देखकर आत्मा प्रसन्न हुई। उन्होंने क्षेत्र की शिक्षा के विकास के साथ-साथ विद्यालय के बारे में कहा कि विद्यालय दिन प्रतिदिन नहीं ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल हजारीबाग जिला का बेहतरीन स्कूलों में से एक है जो बरही के लिए वरदान साबित हो रहा है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने मंच से श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल को बरही का सर्वोत्तम स्कूल बताते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में श्रीदसइंटरनेशनल स्कूल ने नया मुकाम स्थापित किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य रोहित सिंह ने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल की नींव सन 2013 में रखी गई थी। विधालय की नींव इस बात पर रखी गई थी कि समाज में विद्या की ज्योति जलाना है जिसकी लौ से पूरा संसार रौशन हो सकें। श्रीदस इंटरनेशनल विद्यालय का सपना समाजसेवी पूजनीय स्वर्गीय दशरथ सिंह जी देखा करते थे। जिनके नाम से आज श्रीदस जाना जाता है। अपने स्थापना के दिन से श्रीदस परिवार समाज में शिक्षा का भाव जगाने में कामयाब हुई है।

### बरही : बस और ट्रक में टक्कर, लगी आग



**बरही।** थाना क्षेत्र गडलाही मोड़ के पास जीटी रोड एनएच 2 पर दोपहर दो बजे गैड़ा ट्रेवल्स बस संख्या 02 बी के 0638और ट्रक संख्या एनएल 01ए ई9157 में सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर होते ही बस में आग लग गयी।यात्रियों के बीच अफरा तफरी मच गया।घटना को देखकर आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचकर यात्रियों को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया गया। स्थिति को देखते हुए ट्रक चालक व उपचालक किसी तरह भागने में सफल रहे। बस पर सवार लोगों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकालने में सहयोग किया। घटना की जानकारी मिलते ही बरही पुलिस ने अग्निशमन को फोन कर बुला लिया। वाहन के पहुंचते ही आग पर काबू पा लिया गया लेकिन गैडा ट्रेवल्स बस संख्या जेएच 02 बीके 0638 पूरी तरह जल चुंका था। वहीं ट्रक संख्या एनएल 01 एई 9157 में भी आग लगने के कारण काफी जल गया था।

# मनरेगा कर्मी होटलों में बैठकर कर रहे हैं कामों का निष्पादन

**बिरसा कूप, डोभा, टीसीबी, मेढबंदी सहित अन्य कार्य प्रखंड मुख्यालय में होना चाहिए : मुखिया संघ**

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** मनरेगा सहित कई कामों का निष्पादन होटलों में किया जाता है। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सिकंदर मेहता ने कहा कि विकास के सारे कार्य बिरसा कूप, डोभा, टीसीबी, मेढबंदी सहित अन्य कार्य प्रखंड मुख्यालय में होना चाहिए। लेकिन मुख्यालय से गायब रहकर ये कर्मी इचाक प्रखंड के बाहर होटल में बैठकर कार्यो का संपादन कर रहे हैं। मुखिया ने कहा कि पदाधिकारी अपनी मनमर्जी से बाज नही आ रहें हैं। घूसखोरी चरम सीमा पर है। कई कर्मी तो ऐसे भी हैं जिनकों एक्जाम की ड्यूटी मिली हुई है। लेकिन वे वहां ना जाकर होटलों से मनरेगा सहित कई तरह के योजना का कार्य कर रहे हैं।

**क्या कहती हैं प्रमुख :** प्रमुख पार्वती देवी ने बताया कि हमने बार-बार डीसी को लिखित आवेदन देकर भ्रष्टाचारियों पर अंकुश लगाने पर अपील की है। भी तक कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। सांसद अन्नपूर्णा देवी की चिट्ठी भी पदाधिकारी इग्नोर कर रहे हैं। साथ ही यह भी कहा कि बहुत सारे प्रखंड में बीपीओ का स्थानांतरण हो रहा है लेकिन इचाक प्रखंड में स्थानांतरण नहीं हो रहा है आखिर क्यों?

इधर इस मामले पर बीडीओ से बात करने पर बताया गया कि मामला से मैं अवगत नहीं हूं। पता किया जाएगा। वहीं सांसद प्रतिनिधि मुकेश उपाध्याय से बात करने पर बताया कि हम लोग चाय पीने हेतु बैठे थे।



होटल में बैठे कर्मी।

# भाजपा किसान मोर्चा ने कुरसे में शुरू की ग्राम परिक्रमा यात्रा

- विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायेगी भाजपा : मो. अली
- किसानों के यंत्र-औजार व गौ माता की हुयी पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रामगढ़ जिला के तत्वावधान में सोमवार को कुरसे पंचायत भवन में ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया गया। इसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा व संचालन जिला महामंत्री शंभु लाल ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश गौ संवर्धन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मो. सफदर अली उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत पहान प्रेम चंद्र मुंडा द्वारा किसानों का यंत्र एवं औजारों का पूजन तथा गौ माता का पूजन कर किया गया। सफदर अली ने बताया कि ग्राम परिक्रमा यात्रा 12 फरवरी से 12 मार्च तक चलेगा। इस यात्रा में किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि योजना की जानकारी तमाम किसानों तक पहुंचाई जायेगी। साथ ही आगामी चुनाव के लिए सुझाव भी लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य विकास योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

किसान मोर्चा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारत का प्राण गांवों में बसती है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों का दुख-दर्द समझते हैं। साथ ही किसानों के समस्याओं के समाधान के लिए हितकारी योजनाएं बनाते हैं। उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश मुज्जफर नगर के जनपद से ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर द्वारा की गई है। जिसे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाजपाईयों, किसानों व ग्रामीणों को दिखाया गया। श्री कुशवाहा ने कहा की यह यात्रा किसानों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में किसानों को विकास योजनाओं सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि दीनबन्धु पोद्दार, मो. वारिस खान, शंभु लाल ठाकुर, प्रदीप महतो, सचिन कुमार, रामकृष्ण दुबे, मिहिलाल बेदिया, मणिशंकर ठाकुर, विद्यासागर ओझा, सत्यजीत सिंह, हरि महतो, महावीर महतो, अर्जुन तुरी, सामु बेदिया, हरिलाल महतो, दिनेश बेदिया, अरूण साव आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### धोखाधड़ी मामले में गुरूकुल कोचिंग के निदेशक के खिलाफ गैरजमानती वारंट

हजारीबाग। हजारीबाग जिले के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान, गुरूकुल कोचिंग के निदेशक जे.पी जैन उर्फ जयप्रकाश जैन के खिलाफ चतरा कोर्ट ने नन बेलेबल वारंट निकाला है। कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट हजारीबाग सदर थाना पुलिस को भेजा है। साथ हीं वारंट तामिल कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यह वारंट 29 जनवरी 24 को न्यायालय के सिल व मोहर के साथ जारी किया गया है। केस की अगली तारीख 28.02.24 निर्धारित की गयी है। ज्ञात हो कि शहर में गुरूकुल कोचिंग के संचालक जे.पी.जैन के विरूद्ध गैर जमानतिय धाराओ में दर्ज शिकायतवाद 1059/22 के तहत विभिन्न धाराओं 323,420,406,506 एवं 120बी के आधर पर कोर्ट द्वारा वारंट जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि चतरा जिला के ग्राम पितिज निवासी रामप्रवेश सोनी ने 2022 में चतरा कोर्ट में जेपी जैन व उनकी पत्नी शिप्रा जैन के खिलाफ परिवाद दाखिल किया था। जिसमें उन्होने इन दोनों पर जालसाजी कर रूपया ठगी का आरोप लगाया था। इस संबंध में 11 सितंबर 2023 को चतरा न्यायालय के द्वारा हजारीबाग सदर थाना को जमानती वारंट भेजा गया था। हालांकि उस वक्त किसी कारण इनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। जिसके बाद चतरा कोर्ट के द्वारा पुनः 29 जनवरी 2024 को गैरजमानती वारंट निर्गत की गयी है।

### `जयंत सिन्हा से मिले सूर्य मंदिर के सदस्य



**बरही।** सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ समिति के सदस्यों ने हजारीबाग सांसद जयंत सिंहा से देर शाम मुलाकात कर यज्ञ को लेकर आमंत्रित किया। उनके साथ पूर्व विधायक मनोज यादव भी मौजूद रहे। बरहीडीह छठ घाट स्थित सूर्य मंदिर परिसर में सार्वजनिक विवाह भवन, सार्वजनिक पार्क, नदी में पुलिया का निर्माण, छठ घाट के चारो तरफ हाईमास्क लाईट, सूर्य मंदिर के पीछे चाहरदिवारी निर्माण, छठ घाट के पास स्थाई यज्ञशाला निर्माण, छठ घाट बरहीडीह में पेयजलापूर्ति निर्माण करवाने का मांग किया। सांसद जयंत सिंहा ने मांगों को गंभीरता से सुना एवं पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, पूजा समिति के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, मुखिया समशेर आलम, उपाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर, विकास सिंह, अशोक सिंह, मोती सिंह, सहित पूजा समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### बीडीओ के खिलाफ मुखिया संघ हुए गोलबंद

**कटकमसांडी।** सोमवार को बीडीओ द्वारा मनमाने तरीके से प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में टारगेट से कम अबुआ आवास उपलब्ध कराए जाने के विरोध में प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पंचायत भवन में मुखिया संघ की बैठक अध्यक्षा कुमारी श्रीति पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायतों मे आबादी के मुताबिक अपेक्षित अबुआ आवास नही मिलने पर मुखिया संघ ने बीडीओ के विरुद्ध घोर नाराजगी जताते हुए डीसी से शिकायत करने की बात कही। मामले की जानकारी सदर विधायक मनीष जायसवाल से की गई। जिला उपायुक्त के आदेशानुसार अबुआ आवास योजनांतर्गत कटकमसांडी प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल लक्ष्य 746 आवंटित किया गया है। मगर बीडीओ द्वारा सबसे अधिक शाहपुर पंचायत में 86 व सबसे कम पेलावल उतरी पंचायत में 14 अबुआ आवास का आवंटन किया गया। जबकि आराभुसाई पंचायत में 34, बाझा पंचायत में 54, बरगड्डा पंचायत में 49, डांड़ पंचायत में 49, डांटो खुर्द में 58, ढौठवा पंचायत में 19, गदोखर पंचायत में 43, कंचनपुर पंचायत में 33, कंडसार पंचायत में 55, कटकमसांबडी पंचायत में 57, खुटरा पंचायत में 31, लुपुंग पंचायत में 30, पबरा पंचायत में 37, पेलावल दक्षिणी पंचायत में 29, रेबर पंचायत में 40 व रोमी पंचायत में 28 आवास को स्वीकृति मिली है। बैठक में कहा गया कि किसी पंचायत मे अधिक तो किसी पंचायत में कम आवास के आवंटन किया गया। जबकि पंचायतों में आबादी को नजरअंदाज कर जैसे तैसे आवासों को बांटा गया है, जो नियम विरुद्ध है। बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष कुमारी श्रीति पांडेय, मुखिया पिंकी राणा, मुखिया नूरजहां, मुखिया एखलाक अहमद, मुखिया आदित्य दांगी, मुखिया नारायण साव, मुखिया जयप्रकाश केसरी, मुखिया दिलीप कुमार पासवान,, मुखिया प्रतिनिधि सफीक अंसारी व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा मौजूद थे।

### फागू बेसरा और संजीव बेदिया का स्वागत

बड़कागांव ।झारखंड सरकार में मंत्री दर्जा प्राप्त स्वतंत्र प्रभार फागू बेसरा एवं झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया का बड़कागांव चौक पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने फूल माला गुलदस्ता देकर स्वागत किया । मौके पर श्री बेसरा ने कहा चंपई सोरेन सरकार बनते ही झारखंड में 125 यूनिट मुक्त बिजली झारखंड प्रदेश में लाभुकों को देने का घोषणा किए हैं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा कई प्रकार का योजना धरातल पर उतारा जा रहा है ।वही श्री बेदिया ने कहा आगामी 2024 में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन प्रत्येक जिला प्रत्येक प्रखंड में किया जा रहा है। पूरे झारखंड से बीजेपी को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे ।मौके पर केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी,जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, प्रखंड सचिव सरोज मेहता,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां,राकेश मिश्रा, सफीउल्लाह अंसारी,विशेश्वर राम, आनंद किशोर भुईंया,दिनेश राम,पवन पुरी,मो हेशाम,दिलीप,सुरेश गिरी आदि मौजूद थे।

### सरस्वती पूजा को ले शांति समिति की बैठक

दारू। सरस्वती पूजा को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक दारू थाना परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी आदिति गुप्ता ने की तथा संचालन अमित कुमार ने किया। श्री कुमार ने पूरे प्रखंड में सरस्वती पूजा को शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने का अपील की। उन्होंने सरकार के द्वारा दिए गए निदेर्शों का ध्यान रखते हुए सरस्वती पूजा मनाने को कहा ।आयोजक कमिटी के अध्यक्ष और सचिव समेत पांच व्यक्तियों एवं डीजे साउंड मालिकों का नाम व मोबाइल नंबर दो दिनों के अंदर दारू थाना में जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अश्लील गाना को ना बजाएं, सोसलसाइट पर आपतिजनक व भड़काऊ पोस्ट ना करें ताकि दूसरे समुदाय के लोगों की भावना को किसी प्रकार का ठेस न पहुंचे। चलन्त डी जे पर पूर्णत प्रतिबन्ध रहेगा ।नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध कानून कार्रवाई करने का हिदायत दिया। डीजे मालिको को शपथ पत्र जमा करने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, दिलीप प्रसाद, वीरेंद्र यादव,बिनोद कुमार, रंजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, विक्रम कुमार, रौशन राज ,रमेश कुमार राणा, रवि कुमार, ललन राम,निरंजन कुमार राम,विक्की कुमार, अप्पू यादव , सुरेंद्र कुमार सहित कई गण्यमान लोग उपस्थित थे ।

### सरस्वती पूजा में डीजे से करें परहेज : पुलिस



**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत में सरस्वती पूजा को लेकर बरही पुलिस पदाधिकारियों ने बैठक की। बैठक में प्रभारी थाना प्रभारी महेंद्र बैठा, सब इंस्पेक्टर चंदन साव मौजूद रहे। पुलिस ने पूजा समिति के लोगो से आग्रह किया कि वे लोग समय से पूजा, विसर्जन और डीजे से परहेज करे। डीजे के स्थान पर ढोल व ताशा बजा सकते है। मौके पर मुखिया गोविंद प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता तौकीर रजा, प्रेस क्लब बरही के अध्यक्ष सह पूर्व पंचायत समिति प्रत्याशी अनुज यादव, वार्ड सदस्य भिखारी साव, प्रकाश प्रजापति, शिवराज क्लब के अध्यक्ष राकेश कुमार, शंकर कुमार, कृष्णा कुमार, शानदार क्लब के सदस्य प्रभु साव, राजेश कुमार, शिक्षक मो अख्तर, मध्य विद्यालय बेंदगी के प्रभारी प्राचार्य मो रिजवान सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विकास की एक नई सुबह

**जी. किशन रेड्डी**

**केन्द्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री**

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के अनूठेएवं खूबसूरत पहाड़ों व घाटियों में बदलाव की बयार बह रही है।दस वर्षों के अथक प्रयासों के बाद, यहां शांति और विकास का एक नया युग शुरू हुआ है। जब माननीय प्रधानमंत्री ने इन आठ राज्यों को भारत की अष्टलक्ष्मी, विकास और समृद्धि का अग्रदूत कहा, तो पहली बार इनकी अंतर्निहित क्षमताओं को स्वीकार किया गया।इस क्षेत्र मेंतेज गति से स्थापित होती सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी के जरिए इतिहास रचा जा रहा है। जहां तक गुणवत्ता का प्रश्न है, तो ये अवसंरचनाएं शेष भारत में उपलब्ध विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे जैसी ही हैं। यहां का युवा अब बंद, चक्का जाम और हड़ताल से परेशान नहीं हैं, बल्कि अब उनके सपने पहले से कहीं ज्यादा सच हो रहे हैं। व्यापार को आसान बनाया गया हैऔर पर्यटकोंके लिए आकर्षण के नए केन्द्रबनाए गए हैं।यह सब बेहतर कनेक्टिविटी के कारण संभव हुआ है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, अपने आप में, अभूतपूर्व राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रेरणादायक समर्पण और प्रत्येक भारतीय के लिए बेहद प्रिय एक लक्ष्य के सामूहिक स्वामित्व की गाथा है और वह लक्ष्य है-भारत के ईशान कोण में प्रगति व विकास की एक नई सुबह की शुरूआत! जैसा कि माननीय गृह मंत्री ने हाल ही में संपन्न एनईसी की 71वीं पूर्ण बैठक के दौरान सही ही कहा है किपिछला दशक उत्तर-पूर्वी भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय रहा है।

इस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण ने न केवल इस क्षेत्र में संघर्ष-केंद्रित-प्रशासन के पारंपरिक मॉडल की अवधारणा को तोड़कर शासन के विकास-उन्मुख मॉडल को खड़ा किया है, बल्कि एक मजबूत एवं अपेक्षाकृतअधिक एकजुट भारत को बढ़ावा देते हुए सांस्कृतिक और सामाजिक एकीकरण के बीज बोए हैं। हाल ही में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पहली अंतर्राष्ट्रीय रेलवे कनेक्टिविटी, अगरतला-अखौरा रेल लिंक को हरी झंडी दिखाना, इस बात का गौरवपूर्ण उदाहरण है कि कैसे एक समय उपेक्षित रहा भारत का यह‟सुदूरवर्ती इलाका‟ अबअंतर्राष्ट्रीय व्यापार और पर्यटन मानचित्र पर उभर आया है।

जीवंत संस्कृतियों और प्रचुर संसाधनों से लैस भारत का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, एक ऐसा इलाका है जिसने काफी लंबे समय तक राजनीतिक उदासीनता का दंशझेला है। वास्तविक प्रतिबद्धता की कमी को छुपाने के लिए अक्सर हिंसा और अस्थिरता को एक सुविधाजनक ओट के रूप में इस्तेमाल किया जाता था और सिद्धांत एवं व्यवहार के बीच की बड़ी खाई बिल्कुल स्पष्ट दिखाई देती थी।

हालांकि, पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में किए गए निरंतर प्रयासों से इस क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में शांति और सुरक्षा का वातावरणबना है। सरकार भौगोलिक और सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए विकास एवं समृद्धि के राजमार्ग तैयार कर रही है। अरुणाचल के किबिथू को देश के अंतिम गांव के बजायभारत के पहले गांव और राष्ट्रव्यापी ‟वाइब्रेंट विलेज‟ कार्यक्रम के लॉन्च पैड के रूप में पुनर्कल्पित करना उत्तर-पूर्वी क्षेत्रएवं इसके सुदूरवर्तीइलाकों के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

वर्ष 2014 के बाद से 50 से अधिक मंत्रालयों द्वारा क्षेत्रीय विकास में पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ, यह क्षेत्र विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्ष 2014 से, यहां एक वित्तीय क्रांति जारी है, जिसके तहत 54 केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा व्यय में 233 प्रतिशत की भारी वृद्धि (2014 में 24,819 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 82,690 करोड़ रुपये) या डोनर मंत्रालय के लिए बजट आवंटन में 152 प्रतिशत की वृद्धि (2014 में 2,332 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 5,892 करोड़ रुपये)की गई है।यह तथ्य एक ऐसे ठोस वित्तीय परिदृश्य की ओर इंगित करता है, जो परिवर्तनकारी एजेंडे को बढ़ावा देता है। हालिया पीएम-डिवाइन योजना, जिसमें विभिन्न राज्यों की जरूरतों के लिए 6,600 करोड़ रुपये की सहायता का वादा किया गया है, इस




प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

वर्ष 2014 में, माननीय प्रधानमंत्री ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में ‟परिवहन से परिवर्तन‟के अपने दृष्टिकोण को साझा किया था। आज10 साल बाद,हम उनकेइस दृष्टिकोण को अद्भुत रूप से साकार होते देख रहे हैं। कनेक्टिविटी अब सबसे गतिशील क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। चाहे वह 75 वर्षों में मणिपुर में पहली माल ढुलाई से संबंधित कनेक्टिविटी हो या 100 वर्षों के बाद नागालैंड में राज्य के दूसरे रेलवे स्टेशन की स्थापना हो या कई राज्यों से पहली बार हवाई सेवाओं का उड़ान भरना हो या75 वर्षों में पहली मालगाड़ी का 2022 में मणिपुर पहुंचना हो याफिर दुनिया के सबसे ऊंचे गर्डर रेल ब्रिज के साथ जिरीबाम-इम्फाल रेलवे लाइन पर 141 मीटर ऊंचे पाए का निर्माण,एनईआर में कनेक्टिविटी में सुधार विस्मय एवं प्रेरणा का विषय रहा है।

वर्ष 2014 से पहले, विशाल भारतीय रेलवे कभी भी गुवाहाटी या त्रिपुरा से आगे नहीं बढ़ पाई थी। लेकिनआज इसका नेटवर्क दूर-दूर तक फैला हुआ है और सभी राज्यों की राजधानियों को जोड़ने की योजना लगभग पूरी होने वाली है तथास्वीकृत किए गए सेक्शनों में 170 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि हुई है, जो प्रति वर्ष औसत से दोगुने से भी अधिक है (यूपीए-2 अवधि के दौरान 66.6 किलोमीटर प्रति वर्ष से बढ़कर वर्तमान में 179.78 किलोमीटर प्रति वर्ष)। राजनीतिक इच्छाशक्ति और सहयोग के भरोसे आएएक उल्लेखनीय वित्तीय उछाल ने इस बदलाव को संभव बनाया।यूपीए-2 युग की तुलना में वार्षिक बजट आवंटन में 384 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 9,970 करोड़ रुपये हो गई।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह प्रसिद्ध कथन कि‟अमेरिका की सड़कें इसलिए अच्छी नहीं हैं क्योंकि अमेरिका अमीर है, बल्कि अमेरिका अमीर इसलिए है क्योंकि अमेरिका की सड़कें अच्छी हैं‟, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में बिल्कुल सटीक तरीके से चरितार्थ होता है। एनईआर के विकास को प्राथमिकता देने के साथ, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकल गया है। इस सरकार के तहत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में सड़कों का निर्माण कार्य दोगुना से अधिक हो गया है, जो यूपीए सरकार के तहत प्रतिदिन केवल 0.6 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग से बढ़कर 2014 से 2019 के बीच 1.5 किलोमीटर हो गया है।

परिणामस्वरूप, आजादी के बाद से 2014 तक, एनईआर में केवल 10,905 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे, लेकिन केवल 10 वर्षों की अवधि में, 2023 तक यह आंकड़ा बढ़कर इस क्षेत्र में 16,125 किलोमीटरराष्ट्रीय राजमार्ग हो गया। आज 1.11 लाख करोड़ रुपयेकी लागत से 5,388 किलोमीटर की विभिन्न परियोजनाओं पर काम चल रहा है!

इसी तरह, 2014 के बाद से आठ नए हवाई अड्डों के निर्माण के साथ हवाई कनेक्टिविटी को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला है। क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी योजना एनईआर में हवाई यात्रा की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुई है, जो चुनौतीपूर्ण मार्गों के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण की पेशकश करती है।उड़ान योजना के तहत आज 64 नए मार्गों पर परिचालन शुरू किया गया है। पहली बार, प्रत्येक राज्य में एक सक्रिय हवाई अड्डाउपलब्ध है। हाल ही में पाकयोंग, उमरोई और ईटानगर जैसे हवाईअड्डे पर हवाई सेवाएं शुरू हुई हैं।

नदियां, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाती हैं।विभाजन से पहले कई नौगम्य परिवहन मार्ग उपलब्ध थे जिससे माल तक पहुंचना सुलभ था। अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के टूट जाने से लोगों के लिए आर्थिक अवसर समाप्त हो गए। आश्चर्यजनक रूप से, अंतर्देशीय जलमार्ग संपर्क को बहाल करने में सात दशक लग गए। कुल 19 नए राष्ट्रीय जलमार्ग (2014 तक केवल एक के साथ) और बांग्लादेश के साथ अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) प्रोटोकॉल तथा चटगांव एवं मोंगला बंदरगाहों के उपयोग सहित विभिन्न द्विपक्षीय समझौते, आसियान और पड़ोसी देशों के साथ व्यापार को आगे बढ़ाते हुएनए आर्थिक अवसरोंका मार्ग प्रशस्त करेंगे।

चूंकि कनेक्टिविटी के बदलते प्रतिमान आर्थिक परिदृश्य से कहीं आगे तक जाने वाले लाभों के साथ जबरदस्त प्रभाव पैदा करतेहैं, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र न केवल बुनियादी ढांचे के मामले में समृद्ध हो रहा है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाओंको भी निखार रहा है। उभरते उद्यमियों से लेकर विश्वस्तरीय खेल सितारों तक, इस क्षेत्र में अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। मणिपुर में देश का पहला खेल विश्वविद्यालय और 2018 से खेलो इंडिया के तहत पर्याप्त आवंटन जैसी पहल इस क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं का निखारने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इसके अलावा, दिसंबर 2022 तक लगभग 4000 स्टार्टअप का पंजीकरण और 670 करोड़ से अधिक के माइक्रोफाइनेंस ऋण की मंजूरी उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के भीतर त्वरित विकास और व्यापक संभावनाओं को रेखांकित करती है।

पिछले दशक में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में हासिल की गई प्रगति ने इस क्षेत्र को भारत के एक सुदूरवर्तीइलाके से बदलकर विकास के नए इंजन के रूप में स्थापित कर दिया है। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में आई क्रांति ने ऐसे रास्ते खोले हैं जिनपर पहले कभी ध्यान भी नहीं दियागया था। आज हम इस क्षेत्र के पर्यटन, अर्थव्यवस्था, कृषि-आधारित उद्योग, सेवा क्षेत्र की संभावनाओंएवं युवा श्रमशक्ति, प्राकृतिक व जैविक खेती, नवीकरणीय ऊर्जा और दशकों तक अछूते रहे कई अन्य क्षेत्रों का दोहन करके इस क्षेत्र के आर्थिक विकास के विभिन्न मोर्चों पर एक साथ काम कर रहे हैं। हमने इस क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है तथा अभी कई और उपलब्धियां हासिल करनी हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने आधी लड़ाई जीत ली है। निम्नलिखित पंक्तियां भारत के पूर्वोत्तर में एक नई सुबह के प्रति हमारी दृष्टिकोण और दृढ़ संकल्प को दशार्ती हैं:एक नई सुबह को गले लगाते हुए, एक यात्रा को इतना उज्ज्वल बनाते हुए,

उत्तर-पूर्व की यात्रा, एक चमकता हुआ प्रकाशस्तंभऊंची उड़ान भरने को उत्साहित, महत्वाकांक्षाओंसे प्रेरित,उत्तर-पूर्वविकास की एक ऐसी गाथा है, जो सुनाईजानी है।

(लेखक, भारत सरकार के केन्द्रीयउत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं)

# चेतना की सभी विद्याओं का स्रोत - माँ सरस्वती

**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

सरस्वती कोई व्यक्ति नहीं है। चेतना का वह तत्व जो कभी नीरस नहीं होता बल्कि जीवन के उत्साह और सार से परिपूर्ण होता है, वह सरस्वती है। देवी सरस्वती ज्ञान, संगीत और ध्यान का अवतार हैं।

### विद्या की देवी सरस्वती का स्वरूप एवं संकल्पना विश्व में अद्वितीय है।

यदि हम देवी सरस्वती के प्रतीकात्मक स्वरुप को देखें तो उनके एक हाथ में वीणा है और दूसरे हाथ में पुस्तक है। पुस्तक बाएं मस्तिष्क की गतिविधियों का प्रतिनिधित्व करती है, और वीणा, जो संगीत संकाय का प्रतिनिधित्व करती है वह रचनात्मक पक्ष को दशार्ती है और दाएं मस्तिष्क को सक्रिय करती है। उनके हाथ में जप माला है जो जीवन के ध्यान संबंधी पक्ष को दशार्ती है। शिक्षा गान (संगीत), ज्ञान (बौद्धिक ज्ञान), और ध्यान (ध्यान) इन तीनों तत्वों से ही परिपूर्ण हो सकती है। केवल जब कोई इन तीनों में पारंगत हो, तभी आप किसी को शिक्षित या सभ्य कह सकते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि बच्चे संगीत और योग सीखें और हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनमें वैज्ञानिक सोच भी हो। जैसे-जैसे वे बड़े हों, उनमें जिज्ञासु मन और वैज्ञानिक सोच बनाए रखने के लिए प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करें।

माँ सरस्वती का वाहन हंस दशार्या गया है। ऐसा कहा जाता है कि यदि हंस के सामने दूध और पानी का मिश्रण रखा जाए तो वह पानी और दूध को अलग कर देगा। यह विवेक की शक्ति का प्रतीक है, जिसका उपयोग करके हम जीवन के अनुभवों से सकारात्मक शिक्षा लेते हैं और नकारात्मकता को पीछे छोड़ देते हैं। आप देखेंगे कि देवी सरस्वती के साथ मोर भी है। मोर हर समय नृत्य नहीं करता बल्कि बारिश से ठीक पहले नृत्य करता है और अपने शानदार रंग प्रदर्शित करता है। यह सही ज्ञान को सही स्थान और सही समय पर व्यक्त करने की क्षमता को दशार्ता है।

देवी सरस्वती वह चेतना हैं जो विभिन्न प्रकार की विद्याओं से



स्पंदित होती हैं। वे आध्यात्मिक प्रकाश का स्रोत हैं तथा सभी अज्ञानता को दूर करने वाली है। देवी सरस्वती सभी ज्ञान का स्रोत हैं।

वे वीणा वादन करती हैं। वीणा मानव शरीर का प्रतिनिधित्व करती है। जिस प्रकार वीणा में 7 तार होते हैं, उसी प्रकार हम भी पूरे शरीर में पाई जाने वाली सात धातुओं से बने हैं। यदि वीणा को ठीक से सुर दिया जाए तो उससे बजने वाला संगीत कानों को मधुर लगता है और जब जीवन को अच्छे से सुर में बांधा जाए तो दिव्यता और आनंद प्राप्त होता है।

देवी सरस्वती की मूर्ति हमें कई शिक्षण संस्थानों में दिखती है। ज्ञान की देवी, सीखने और शिक्षा की समग्रता का प्रतिनिधित्व करती हैं। देवी को एक चट्टान पर बैठे हुए दिखाया गया है जो स्थिर है। ज्ञान आपको चट्टान की तरह दृढ़ता और स्थिरता प्रदान करता है।

आध्यात्मिकता सर्व-समावेशी है और जो कुछ भी आत्मा के विकास में सहायता करता है वही आध्यात्मिकता है। बौद्धिक ज्ञान, संगीत, कला, संस्कृति, नृत्य और ध्यान सभी आध्यात्मिकता का अंश हैं; ये सभी देवी सरस्वती के अवतार का अंश हैं। यदि इनमें से किसी एक भी घटक की कमी हो तो शिक्षा पूर्ण नहीं मानी जा सकती।

# उत्तराखंड मे रांची की योग विशेषज्ञा डॉ अर्चना कुमारी योगिनी अवार्ड से सम्मानित

परमार्थ निकेतन ऋषिकेश, उत्तराखंड और एडु गर्ल लाइफ के संयुक्त तत्वाधान में तीसरी अंतरराष्ट्रीय योगिनी अवार्ड समारोह एवं सेमिनार में रांची की योग विशेषज्ञा डॉक्टर अर्चना कुमारी को योगिनी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे कैवल्यधाम, लोनावला के सीईओ और भारतीय योग संघ के सचिव डॉ. सुबोध तिवारी के हाथो उक्त समारोह मे दिया गया।

डॉ अर्चना कुमारी झारखण्ड की एकमात्र ऐसी उम्मीदवार थी, जिन्हे इस अवार्ड से नवाजा गया।

योगिनी अवार्ड योग के क्षेत्र में महिलाओं को मिलने वाला प्रतिष्ठित सम्मान है, जिसे देश और विदेश में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को दिया जाता है।इस अवसर पर परमार्थ निकेतन के संस्थापक स्वामी चिदानंद सरस्वती, पूज्य साध्वी भगवती जी, एडु गर्ल लाइफ के संस्थापक के अलावा उत्तराखंड के कई माननीय मंत्री एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि डॉ अर्चना कुमारी रांची के अरगोड़ा निवासी श्री ललन प्रसाद की सुपुत्री है।



डॉ अर्चना कुमारी ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार, उत्तराखंड से योग विज्ञान में मास्टर्स एवं पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आयुष निदेशालय में कार्यरत है।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग प्रतियोगिताओं में उन्हें स्वर्ण पदक के अलावा कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। योग पर आधारित उनकी तीन पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है।

लगभग 20 वर्षों से डॉ अर्चना कुमारी योग के क्षेत्र से जुड़ी हुई है तथा शोध के अतिरिक्त योग के प्रचार प्रसार के साथ शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों एवं सरकारी योजनाओं में योग को बढ़ावा देने हेतु कार्य कर रही है।

चंचल भट्टाचार्य, जगदीश सिंह जग्गू, डॉक्टर राजेश गुप्ता और शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और अच्छे भविष्य की कामना की।

# क्या पूरे देश में लागू होगी समान नागरिक संहिता



**सत्यनारायण गुप्ता**

समान नागरिक संहिता अर्थात यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी)विधेयक 7 फरवरी को उत्तराखंड विधानसभा से पारित हो गया।जिसमें कुछ अपवादों को छोड़कर सभी धर्म-संप्रदाय के को मानने वाले लोगों के लिए एक समान विवाह, तलाक, उत्तराधिकार एवं लिविंग रिलेशनशिप संबंधी प्रावधान शामिल किए गए हैं। स्वतंत्रता के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है।गोवा में भी समान नागरिक संहिता लागू है लेकिन यह क स्वतंत्रता के पूर्व से लागू है ?। पुर्तगाली शासन से स्वतंत्रता के बाद गोवा ने अपने यहां समान नागरिक संहिता कानून को बनाए रखा है

ऐसा माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी पारित होने के उपरांत अखिल भारतीय स्तर पर इसे लागू करने हेतु कानून लाने की तैयारी है (यदि एनडीए की सरकार लोक सभा चुनाव के बाद फिर से बनती है तो)।

आमतौर पर समान नागरिक संहिता को सांप्रदायिक नजरिये से देखा जाता है।अनेक लोग तो समान नागरिक संहिता के संबंध में मात्र इतना ज्ञान रखते हैं कि‟ इससे मुसलमान पुरुषों के चार विवाह करने में प्रतिबंध लग जाएगा‟। लेकिन समान नागरिक संहिता सिर्फ इतना ही नहीं है ?।देश में सभी धर्म, पंथ व संप्रदायों के लिए एक समान अपराधिक कानून हैं ,जो सभी को स्वीकार्य हैं। लेकिन एक समान नागरिक संहिता की चर्चा शुरू होते ही विवाद शुरू हो जाता है ।

संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 तक धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार तथा 29 एवं 30 में नागरिकों को सांस्कृतिक तथा शिक्षा का अधिकार दिया गया है।

समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य की नीति निदेशक तत्व का अंग है ।अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि‟ राज्य , भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा।‟ निदेशक तत्व कानूनी रूप



से बाध्यकारी तो नहीं होते लेकिन नीति निर्माण में राज्य के मार्गदर्शक होते हैं।

भारत विविध धर्म ,संस्कृतियों और परंपराओं का देश है प्रत्येक समुदाय के अपने व्यक्तिगत कानूनी रीति रिवाज हैं ,जो उनके नागरिक मामलों को नियंत्रित करते हैं ।यह कानून और प्रथाएं विभिन्न क्षेत्रों संप्रदाय और समूह में व्यापक रूप से अलग-अलग हैं।

देश में न केवल मुस्लिम बल्कि हिंदू ,जैन ,बौद्ध ,सिख पारसी और यहूदियों के भी अपने पर्सनल लॉ हैं ।एक स्पेशल मैरिज एक्ट भी है।

समान नागरिक संहिता की आवश्यकता नागरिकों के बीच एक समान पहचान और अपनेपन की भावना पैदा करने ,राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और उत्पीड़न को दूर करके लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और उन्हें समान अधिकार और दर्जा प्रदान करने और अनेक कुप्रथाओं का अंत करने के लिए आवश्यक है।

आमतौर से सरकारें लोगों के निजी रीति-रिवाज में हस्तक्षेप से बचती रही हैं।आजादी के पूर्व भी ब्रिटिश काल में सरकार का यही रूख था ।लेकिन समाज सुधारकों के दबाव में अंग्रेजी सरकार ने सती प्रथा का अंत, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक और विवाह का उम्र तय करने जैसे कानून बनाए थे। लेकिन यह सुधार हिंदू रीति रिवाज के संबंध में ही हुए । संभवतः उग्र विरोध की आशंका या फिर फूट डालो या और शासन करो की नीति के तहत अंग्रेजों ने मुस्लिम समाज में व्याप्त कुप्रथाओं के अंत के लिए कोई कदम नहीं उठाया न उनके निजी मामलों में दखल दी। आजादी के बाद भी हिंदू कोड बिल पारित हुआ और हिंदुओं के अनेक प्रतिगामी कुप्रथाओं पर रोक लगी। लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ अभी भी शरिया से दिशा निर्देशित होती है और उसमें सरकारी सुधार की बात करना अल्पसंख्यकों के निजी मामले में छेड़छाड़ करार दिया जाता है।

न्यायपालिका द्वारा मुस्लिम महिलाओं के साथ होने वाले कुछ अन्यायों के संबंध में निर्णय दिए गए। 1985 में शाहबानो बनाम मोहम्मद अहमद खान मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने मुस्लिम महिला को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अपने पति से भरण पोषण का दावा करने के अधिकार की पुष्टि की। 1995 में सरला मुद्गल बना भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एक हिंदू पति अपनी पहली शादी को समाप्त किए बिना इस्लाम धर्म अपनाकर दूसरी महिला से विवाह नहीं कर सकता ।1917 में सर्वोच्च न्यायालय ने तीन तलाक की प्रथा को असंवैधानिक और मुस्लिम महिलाओं की गरिमा एवं समानता का उल्लंघन करार दिया तथा कहा कि संसद को मुस्लिम विवाह और तलाक को भी नियमित करने के लिए कानून का निर्माण करना चाहिए।

आदर्श स्थिति तो वह होती की कुप्रथाओं का अंत के लिए कानून बनाने की मांग उस समाज की ओर से ही उठती । लेकिन इस तरह की पहल होने पर राजनीति और भावनाएं दोनों हावी हो जाती हैं ।इसलिए दृढ़ इच्छा शक्ति वाली सरकार है समान नागरिक संहिता लागू करने जैसा कदम उठा सकती है। देखना है कि 2024 के आम चुनाव के बाद आने वाली सरकार यह इच्छा शक्ति दिखला पाती है या नहीं।

## स्पीड न्यूज

### अखिल झारखंड छात्र संघ ने चलाया हस्ताक्षर अभियान




**टंडवा (चतरा)।** जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ द्वारा मुख्यालय एवं महाविद्यालयो में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मामले को लेकर सभी छात्र छात्रों ने सीबीआई जांच की मांग की है। मौके पर सदस्य केंद्रीय सदस्य रंजीत कुमार गुप्ता छात्र संघ जिला अध्यक्ष जानकी महतो, प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र महतो अशोक महतो, सुरेंद्र सोनी, सिकंदर मुंडा, धनेशर विश्कर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

### डायन बिसाही को लेकर महिलाओं को किया गया जागरूक



**सिमरिया।** प्रखण्ड के एदला पंचायत सचिवालय में महिलाओं की एक सभा आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता एदला पंचायत की मुखिया शकुंतला देवी ने की। जहां मुखिया ने महिलाओं को डायन विसाही, सरकार से मिलने वाले सभी प्रकार के योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। साथ हीं महिलाओं के हितों के लिए योजना बनाने संबंधी जागरूक किया गया है। शकुंतला देवी ने बताई की इन दिनों समाज में काफी डायन विसाही एवं भूत प्रेत का प्रचलन है। जिसके कारण गरीब लोग तंग व तबाह हो रहा है। वहीं उसका गाढ़ी कमाई का एक हिस्सा ओझा गुनी में पार हो जाता है।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**मरकच्चो (कोडरमा)।** सरस्वती पूजा को लेकर मरकच्चो थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मरकच्चो पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, सीओ परमेश्वर कुशवाहा, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, मुखिया रणजीत सिंह, समाजसेवी डॉ. जावेद अख्तर, रविशंकर तिवारी मंटू, एस आई गोविंद सिंह, एएसआई मदन मोहन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं प्रमुख विजय कुमार सिंह ने कहा कि विद्या की देवी है वह अनुशासन में रहने की सीख देती है इसलिए हमें पूजा पाठ अनुशासन में रहकर ही करना चाहिए। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। वहीं सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने कहा कि मरकच्चो बराबर से कौमी एकता का मिसाल पेश करता आया है और हमें आशा है यह मिसाल आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पूजा पंडाल के अयक्ष सचिव व जनप्रतिनिाि पूजा के दौरान कड़ी निगरानी रखेंगे।

### पांच दिवसीय भगवान श्री चित्रगुप्त प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ की कलश यात्रा



**कोडरमा।** राजा तालाब सूर्य मंदिर के समीप श्री चित्रगुप्त भगवान मंदिर प्राण पांच दिवसीय प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। जहां राजा तालाब से होते हुए, कोडरमा बाजार, हनुमान मंदिर, राजेंद्र चौक से अरघोती नदी पहुंचकर ब्राह्मणों के द्वारा विाि विाान से कलश में जल भरवाया गया। जिसके बाद महिलाएं कलश लेकर वापस चित्रगुप्त मंदिर पहुंची। इस कलश यात्रा में वजाारी ााम के महंत महंदलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सुखदेव दास जी महाराज शामिल हुए। मौके पर सनत कुमार दा, शालिनी गुप्ता, मयंक कुमार, संतोष सहाय, गोपाल कुमार गुतुल, अरुण सिन्हा, पिंटू सिन्हा, आनंद मोहन वर्मा, संजीव प्राान, संजय सिन्हा, नवीन लाल, सुजीत सिन्हा एवं कमेटी के सभी वरिष्ठ सदस्य एवं महिलाएं मौजूद थे।

# सरयू राय ने किया स्टेडियम समेत 1.75 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने पूर्व में अपने किए गए घोषणा के अनुरूप बिरसानगर, सिद्धु-कान्हु चैक के समीप 1 करोड़ 14 लाख रु. की लागत से निर्माण होने वाले एक स्टेडियम की सौगात दी है। श्री राय ने इस योजना का आज शिलान्यास किया।

इस मौके पर विधायक श्री राय ने कहा कि स्टेडियम का निर्माण हो जाने से बिरसानगर एवं आसपास के लोगों को जेआरडी की तरह ही अपने ही क्षेत्र में स्टेडियम की सुविधा मिल पाएगी। इससे यहाँ के निवासियों को खेल का अभ्यास करने एवं अन्य गतिविधियों की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं गुणवत्तायुक्त हों और निर्धारित समय से



सिद्धो-कान्हू चौक के पास स्टेडियम का शिलान्यास करते विधायक सरयू राय।

पूर्ण हो। इसके साथ ही लगभग 45 रु. लागत से गोलमुरी, न्यू डीएस फ्लैट केरला पब्लिक स्कूल के पीछे से गाढ़ाबासा जाने वाली सड़क में पेवर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन कार्य और गोलमुरी, केबल टाऊन, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के समीप शौचालय का निर्माण का शिलान्यास भी शामिल है। ये सभी योजनाएं 15वीं आयोग के मद से क्रियान्वित होनी है। इसके साथ ही उन्होंने अपने विधायक निधि से लगभग 15 लाख रु. की लागत से गोलमुरी राजेन्द्र भवन का सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन भी किया। आपको बता दें कि कल दिनांक 13.02.2024 को भी विधायक सरयू राय 2 करोड़ रु. से अधिक की लागत के 5 योजनाअें का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

#### इन योजनाओं का होगा शिलान्यास

शिलान्यास किए जाने वाले योजनाओं में एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में ऑपेन जिम का अधिष्ठापन का का उद्घाटन, टेल्को, स्वामी विवेकानंद उद्यान का सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन, मनीफीट, काली पूजा मैदान में शौचालय का निर्माण का उद्घाटन, बजरंग चैक बारीडीह होते हुए भोजपुर कॉलोनी पार्क तक सड़क का कालीकरण, फ्लैंक में पेवर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन एवं नाली का निर्माण का शिलान्यास तथा बागुनहातु चैक फुटबॉल मैदान, गड्ढा मैदान होते हुए तिलक नगर तक सड़क का कालीकरण, फ्लैंक में पेवर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन किया जाएगा।

## दुमका : एनजीओ संचालक से 40 हजार की साइबर ठगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** गोड्डा डीसी के फेसबुक एकाउंट के माध्यम से मैसेंजर पर मैसेज देकर एनजीओ संचालक सह अधिवक्ता मधुर सिंह से 40 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया। साईबर अपराध का शिकार एनजीओ संचालक ने नगर थाना पुलिस को लिखित शिकायत की है। शिकायत में आपबीती सुनाते हुए मधुर सिंह ने बताया कि बीते 11 फरवरी को दोपहर में उनके मैसेंजर पर डीसीए गोड्डा के फेसबुक एकाउंट से मैसेज आया। जिसमे उनके किसी सीआरपीएफ में काम करने वाले दोस्त को तबादला होने के कारण फर्नीचर बेचने की बात कह मधुर सिंह का नंबर देने की बात कही। जिसमे मधुर सिंह ने हामी भरी। करीब एक घंटे बाद मोबाइल नंबर 9124243374 से सीआरपीएफ ऑफिस से संतोष कुमार नामक व्यक्ति ने कॉल कर कहा कि आपको सर से बात हुई है। बताया कि समान की डिलिवरी सीआरपीएफ वैन से करा दिया जायेगा। कुल समान का दाम 85 हजार बताया। चुकी डीसी का रिफ्रेन्श होने के कारण ज्यादा सवाल नहीं करते हुए फर्नीचर की आवश्यकता होने के कारण हामी भर दी। तत्काल 40 हजार रुपए बैंक ऑफ इंडिया के खाता संख्या 718718210001901 में भुगतान की बात कही।

#### एनजीओ संचालक ने ठग के खाते में भेज दिये पैसे

एनजीओ संचालक मधुर सिंह ने पे.फ़ोन के माध्यम से 20-20 हजार दो बार मे उक्त खाता में भुगतान कर दिया। उसके बाद पुनः 21750 रुपये भुगतान की बात कही। जिसपर संदेह हुआ की वह धोखाधड़ी का शिकार हो गया। भागकर नगर थाना पहुंच और हेल्पलाइन 1930 एवं पेमेंट मैसेज नबर पर कॉल कियाए लेकिन संपर्क नहीं हो सका। बाद में इसकी सूचना साइबर डीएसपी को दी। आवेदन में तत्काल उक्त खाता को होल्ड करते हुए कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया है।

### केंद्रीय नीतियों के खिलाफ बीसीकेयू का प्रदर्शन

**कुमारधुबी ।** ईसीएल बचाओए कोल बचाओए देश बचाओ को लेकर बिहार कोलयरी कामगार यूनियन के बैनर तले केंद्र सरकार के नीतियों के खिलाफ सोमवार को विक्षोभ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में धनबादए निरसाए कलियासोलए मैथनए कुमारधुबी व चिरकुंडा सहित अन्य स्थानों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस के साथ कार्यक्रम स्थल पहुँचे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सह बीसीकेयू के महासचिव अरूप चटर्जी ने कहा कि केंद्र में बीजेपी की सरकार एक के बाद एक सरकारी कारखानेए संस्था व कोलियरीयों को गैर सरकारी मालिको को बेचा जा रहा है।

### आजसू पार्टी छोड़ आज भाजपा ज्वाइन करेंगे समरेश सिंह

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी जमशेदपुर महानगर संयोजक समरेश सिंह के नेतृत्व मे जमशेदपुर महानगर के ढ़ेर सारे मंडल अध्यक्ष, सचिव, अनुसंगी इकाई के पदाधिकारी एवं सैंकड़ो कार्यकर्ता एवं शिव सेना के पूर्व जिला अध्यक्ष देवांशु शेखर कल चांडिल रिसोर्ट मे बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता मे होने जा रहें विराट जनसभा मे पूर्व विधायक अरविन्द सिंह के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इसी कड़ी मे आज भाजपा के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा से मिलकर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस मौके पर समरेश सिंह ने बताया की आजसू पार्टी मे बिताया वक़्त हमेशा मेरे दिल मे खुशनुमा एहसास की तरह रहेगा। आजसू पार्टी ने मेरे राजनैतिक जीवन मे प्राथमिक विद्यालय की तरह अहम भूमिका निभाया है। अब मै उच्च शिक्षा हेतु भाजपा मे जा रहा हूं। अयोध्या में राम मंदिर बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हम सभी हिंदुस्तान वाशियों का दिल जीत लिया है।

## स्कूल में विद्यार्थियों ने की तालाबंदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बलियापुर थाना क्षेत्र स्थित राजकीय बुनियादी उत्क्रमित 2 उच्च विद्यालय परसबनिया के कक्षा 8 में पढ़ रहे छात्र छात्राओं ने सोमवार की सुबह विद्यालय में तालाबंदी की। उनकी माँग थी कि रविवार को हुए मेधा छात्रवृत्ति में भरे गए 18 छात्र छात्राओं का एडमिट कार्ड विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नहीं कराने वाले दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जिला शिक्षा अधीक्षक के आश्वासन के बाद शून्य उपस्थिति के साथ विद्यालय पुनः खोल दिया गया।इस घटनाक्रम में परसबनिया पंचायत समिति सदस्य रोहित महतो ने अगुवाई करते हुए कहा कि छात्र




छात्राओं के भविष्य के साथ विद्यालय प्रबंधन खिलवाड़ कर रहा है। 18 छात्र छात्राओं ने मेधा छात्रवृत्ति की परीक्षा के लिए फार्म उक्त विद्यालय में जमा किया था। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन और जिला शिक्षा कार्यालय के द्वारा उक्त छात्रों का एडमिट कार्ड नहीं भेजा गया। इससे छात्रों को आगे पढ़ाई करने में दिक्कतें आ सकती हैं। उन्होंने माँग की है कि ग्रामीणों पर कार्रवाई नहीं करते हुए इसके दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। दोषियों के खोजबीन तक स्कूल प्रबंधन में कोई फेरबदल नहीं किया जाना चाहिए।

## बोलेरो-बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत

सड़क हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकई गोसाईटोला के समीप सोमवार दोपहर करीब एक बजे मोटरसाइकिल व बोलेरो के टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार डोमचांच थाना क्षेत्र के नावाडीह सपही निवासी 17 वर्षीय मजहर अंसारी पिता समसुद्दीन अंसारी व गुड़ीटांड सपही निवासी 17 वर्षीय अब्दुल समद पिता नईम उद्दीन अंसारी इंदरवा देहाती स्कूल से बोर्ड परीक्षा देकर मोटरसाइकिल संख्या जेएच 12पी/3914 से इंदरवा से कोडरमा की ओर आने के क्रम में गोसाई टोला के समीप बोलेरो में सीाा टक्कर मार दिया। जिसमें उक्त दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद कोडरमा थाना पुलिस दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने मजहर अंसारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### नुक्कड़ नाटक से हेलमेट पहनने को किया जागरूक

**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी तथा पुलिस उपाधीक्षक ;यातायातद्ध अरविंद कुमार सिंह के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के अवसर पर सिटी सेंटरए रणधीर वर्मा चौक तथा श्रमिक चौक पर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट दिया। साथ ही वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने को कहा गया। मौके पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर अजय मिंजए जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमारए ट्रैफिक पुलिसए परिवहन कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे। पुटकी थाना मोड़ए झरिया और धनसार मोड़ में नुक्कड़ नाटक का हुआ। नुक्कड़ नाटक से लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई।

### अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में चार अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट लगाया गया है तथा एसपी के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आाार पर प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी सतगावां दिवाकर कुमार के नेतृत्व में सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत नासरगंज चेकपोस्ट के रास्ते एक बाइक से 20 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब रयल स्टेक 750 एमएल का 12 बोतल एवं बी7 के 750 एमएल 8 बोतल के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

### सरस्वती पूजा सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना परिसर में सरस्वती पूजा सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर गिद्धौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव एवं संचालन थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र अंतर्गत जहां जहां भी सरस्वती पूजा मनाया जाता है, उसका जायजा लिया गया एवं शांति पूर्ण ढंग से विधिवत पूजा को सफल बनाने की अपील की गई। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सरस्वती पूजा को लेकर डीजे साउंड, शराब की सेवन, हुड़दंगी एवं पूजा व जुलूस से सम्बंधित कई बातें रखा साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। जिसे सुनकर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने कहा कि पुलिस प्रशासन के द्वारा पब्लिक के लिए जितना भी सहयोग हो सके जरूर करूंगा। यदि कही कोई घटना की संकेत मिले तो गिद्धौर पुलिस को जरूर सूचना दें, ताकि उसे समाधान किया जा सके एवं क्षेत्र की शांति व्यवस्था के साथ साथ गिद्धौर का सर्वांगीण विकास के लिए भी विडियो स की मदद से पहल करने की बात कही। वही राहुल देव ने कहा कि पूजा को धार्मिक रूप लेकर शांति पूर्वक पूजा को सफल बनायें एवं पूजा एवं जुलूस में आपत्तिजनक गाना एवं शराब की सेवन करना वर्जित है।

इस मौके स्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा मुखिया निर्मला देवी मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती पप्पू कुमार शर्मा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा लखन दांगी सुनील कुमार पांडे चमारी दांगी महादेव दांगी उपस्थित थे।

## प्रशिक्षुओं ने पूरा किया सफल शैक्षणिक सर्वेक्षण कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड सत्र 23-25 के प्रशिक्षुओं ने आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सफल शैक्षणिक सर्वेक्षण कार्य कोडरमा प्रखंड अंतर्गत महाविद्यालय के निकट गूमो में पुरा किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशिक्षु उक्त ग्राम के विभिन्न मोहल्ले में डोर टू डोर जाकर सर्वेक्षण से संबंाित विविध आंकड़ें (परिवार नाम, परिवार के मुखिया, आयु, पेशा, वार्षिक आय, आय के श्रोत, जाति का नाम, परिवार का आकार, शैक्षणिक संस्थानों में नामांकित बच्चों की संख्या, गृह से शैक्षणिक संस्थानों की दुरी, शिक्षा न ग्रहण करने के कारण आदि) एकत्र



किये। साथ ही भिन्न भिन्न स्थितियों से अवगत होते हुए अभिनव अनुभव प्राप्त किए। वहीं उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वेक्षण कार्य से हमारे अंतर्निहित विविध प्रभावोत्पादक कौशलों के विकास के साथ-साथ आमजनों के स्थितियों एवं उनके अनसुलझे समस्याओं से प्रत्यक्ष ओतप्रोत होने का अवसर मिलती है। कार्यक्रम के परियोजना कॉर्डिनेटर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं को सफल सर्वेक्षण कार्य करने हेतू बधाई दी। साथ ही कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार दास, मनीष कुमार सिन्हा एवं सीता राम यादव को उनके निरंतर कर्मठ सहयोग की सराहना की। मौके पर निशा कुमारी, नूतन कुमारी, पुजा कुमारी, सुरज कुमार, पुजा रवि, ललिता कुमारी, रवि कुमार यादव मीनल कुमारी, मुरली यादव, अर्चना कुमारी, अजीत यादव, खुशबू कुमारी सिन्हा, दीपक पाण्डेय, चुन्नु कुमार, निशा कुमारी, मुख्तार आलम, सुधीर साव आदि मौजूद थे।

### वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत

**मेदिनीनगर।** पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ के तेतराई नहर के समीप सोमवार की दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गयी। जिसमें बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार अनियंत्रित जाइलो वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। मृतक की पहचान पांकी के भुइयां कुरहा निवासी विनोद सिंह के रूप में हुई है। वहीं उनके सगे भाई रामा सिंह भी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के लोगों ने दोनों को एमएमसीएच भेजा, जहां चिकित्सकों ने विनोद की मौत की पुष्टि कर दी। वहीं रामा को रेफर कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पांकी के कर्पूरी ठाकुर चौक के समीप मुख्य पथ को जाम कर दिया। मृतक के आश्रितों को 25 लाख देने की मांग की। जानकारी होने के बाद पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद समेत अन्य प्रतिनिधि भी धरना स्थल पर पहुंच चुके हैं। पांकी थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह बीडीओ भी मृतक के परिजनों समेत आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। पांकी विधायक ने कहा कि यह दुर्घटना नहीं बल्कि जान मरने की नियत थी- धक्का मारने के बाद पुनः गाड़ी घुमाकर फिर से रौंदना। उन्होंने प्रशासन से घटना मे शामिल व्यक्ति पर 302 का मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तार कर जनता के समक्ष प्रस्तुत करने की मांग की है।

# सीएम चंपई, मंत्री सत्यानंद और मंत्री आलमगीर ने रांची में आयोजित राज्य स्तरीय महिला महासम्मेलन से ऑनलाइन जुड़ महिलाओं को किया संबोधित

- सखी मंडल की महिलाओं का प्रमंडलीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर सह महिला महासम्मेलन संपन्न

खबर मन्त्र टोली

**मेदिनीनगर।** सखी मंडल की महिलाओं का प्रमंडलीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर सह महिला महासम्मेलन शिवाजी मैदान में किया गया। इसमें पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले के सखी मंडल से जुड़ी करीब दस हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं मंत्री आलमगीर आलम सहित राज्यस्तरीय अन्य वरीय पदाधिकारी रांची में आयोजित राज्यस्तरीय महिला महासम्मेलन से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर महिलाओं को संबोधित किया। साथ ही प्रमंडल स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों ने सखी मंडल की महिलाओं की आर्थिक समृद्धि, उत्थान, उनके बदलाव एवं राज्य के विकास में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। मौके पर परिसंपत्तियों व नियुक्ति पत्र का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में सखी मंडल की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर अतिथियों ने सम्मानित किया।

**सखी मंडल की दीदियों के संवर्धन, आर्थिक मजबूती के लिए बनेगा हॉल : विधायक डॉ शशिभूषण** - पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से महिलाओं में जागृति आयी है। समूह से जुड़ने से महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ा है। उन्होंने सखी मंडल की दीदियों के संवर्धन, आर्थिक मजबूती के लिए पांकी विधानसभा क्षेत्र में क्लस्टर स्तर पर हॉल बनाने की घोषणा की, ताकि दीदियों को बैठक में सहूलियत हो। साथ ही पांकी विधानसभा क्षेत्र के समूह की करीब पांच हजार से अधिक दीदियों को बैठने हेतु दरी एवं बक्शा उपलब्ध कराने की बातें कही।



**सखी मंडल से महिलाओं में हो रहा बौद्धिक, आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन : लातेहार विधायक** : लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि देश की आधी आबादी आगे आ रहीं हैं। सखी में से जुड़कर महिलाएं सबल बन रही हैं। महिलाओं में बौद्धिक, आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन हुआ है। आत्मसम्मान में जागृति आई है। कल तक गृहिणी बनकर चौखट के अंदर तक रहने वाली महिलाओं में आज आत्मविश्वास बढ़ा है।



**सखी मंडल से जुड़कर मजबूत हो रहीं महिलाएं : मनिका विधायक**- मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि सखी मंडल से जुड़कर महिलाएं मजबूत हो रही हैं। सरकार उनके लिए नई-नई योजनाएं लाकर उन्हें मजबूत कर रही है।

**लखपति गांव बनाने की दिशा में हो रहा कार्य : उपायुक्त शशि रंजन**- उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि महासम्मेलन में तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा और लातेहार की 10 हजार से ज्यादा दीदियां भाग ले रही हैं। प्रमंडल में चार लाख 50 हजार से ज्यादा महिलाएं जुड़ चुकी हैं।

**ये भी थे उपस्थित :** छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, डीडीसी रवि आनंद, लातेहार डीडीसी सुरजीत सिंह, जेएसएलपीएस के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (नन फॉर्म) नीतीश सिन्हा, राज्य परियोजना समन्वयक (जोहार) संजय दास, पलामू डीपीएम शांति मार्डी, लातेहार डीपीएम संतोष कुमार, गढ़वा डीपीएम सुशील दास, जिला प्रबंधक (वित्त) इमरान अहमद, एसएमआईबी अख्तर अंसारी, जिला प्रबंधक (जॉब एंड स्टील) नवल किशोर राजू, डीएमएफआई विकास खलखो, कुमार कविश एवं जोश लकड़ा सहित पलामू प्रमंडल क्षेत्र के जेएसएलपीएस कर्मी एवं बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं उपस्थित थीं।

### भारत जोड़ो यात्रा : नये रूट का कांग्रेसियों ने लिया जायजा

**विश्रामपुर (पलामू)।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट बदल दिया गया है। राहुल गांधी की यात्रा 14 फरवरी को पूर्व निर्धारित समय से विश्रामपुर पहुंचेगी लेकिन यात्रा का रूट बदल गया है। अब राहुल बी मोड़ से पड़वा मोड़ होते हुए नावा बाजार जायेंगे। पहले उन्हें विश्रामपुर इटको होते हुए नावा बाजार जाना था, जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। वरीय कांग्रेसी नेता सह पूर्व विस प्रत्याशी अमृत शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी के कई नेताओं कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बदले हुए रूट का जायजा लिया। इसके बाद श्री शुक्ला ने बी मोड़ पर प्रेसवार्ता भी की। उन्होंने न्याय यात्रा से देश में उत्साह का माहौल बताया है। इस न्याय यात्रा के बाद देश का राजनीतिक हालात भी बदलेगा। कांग्रेस गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ 2024 में केंद्र में सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान राहुल गांधी को जनता का अपार समर्थन भी प्राप्त हो रहा है जिससे भाजपा घबराई हुई है क्योंकि राहुल गांधी भाजपा को बेरोजगारी और महंगाई पर घेर रहे हैं। श्री शुक्ला ने दावा किया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हजारों समर्थकों के साथ वे खुद भी शामिल होंगे। विश्रामपुर में यह यात्रा ऐतिहासिक रहेगा।

# सौरभ तिवारी ने लिया क्रिकेट से संन्यास

## कभी कहा जाता था 'नेक्स्ट धोनी', तीन वनडे के बाद बंद गये टीम इंडिया दरवाजे

**एजेंसी**

**जमशेदपुर।** स्टार बल्लेबाज बल्लेबाज सौरभ तिवारी ने प्रोफेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। झारखंड का यह बल्लेबाज बड़े-बड़े छक्के लगाने के लिए मशहूर रहे। उन्हें कभी 'नेक्स धोनी' कहा जाता था। हालांकि, सौरभ का इंटरनेशनल करियर कभी धोनी की तरह परवान नहीं चढ़ पाया। उन्होंने साल 2010 में भारत के लिए तीन वनडे मैच खेले। उन्होंने साल 2010 में इंटरनेशनल डेब्यू किया और तीन वनडे मैच खेलने के बाद टीम इंडिया के दरवाजे बंद हो गये।

उन्होंने तीन वनडे में 49 रन बनाए थे। 34 वर्षीय सौरभ फिलहाल रणजी ट्रॉफी में खेल रहे हैं। 15 फरवरी से झारखंड बनाम राजस्थान रणजी मैच आयोजित होगा, जो उनके करियर का आखिरी मुकाबला होगा।

**थोड़ा कठिन जरूर लग रहा है :** सौरभ ने सोमवार को जमशेदपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इस सफर को अलविदा कहना थोड़ा कठिन है जो मैंने अपनी स्कूलिंग से पहले शुरू किया था। लेकिन मुझे यकीन है कि यह इसके लिए सही समय है। मुझे लगता है कि अगर आप राष्ट्रीय टीम और आईपीएल में नहीं हैं तो किसी युवा खिलाड़ी



के लिए राज्य टीम में जगह खाली करना बेहतर है। हमारी टीम में अभी युवाओं को भरपूर मौके दिया जा रहे है और इसलिए मैं यह फैसला ले रहा हूं।

**11 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया :** सौरभ पिछले कुछ समय से घुटने की चोट से परेशान थे लेकिन वह लगातार घरेलू क्रिकेट खेल रहे थे। उन्होंने 11 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। सौरभ ने 17 साल की उम्र में 2006-07 के रणजी ट्रॉफी सीजन में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया। उन्होंने 115 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 47.51 की औसत से 8030 रन बटोरे हैं। वह 22 शतक और 34 फिफ्टी ठोक चुके हैं।

सौरभ ने फर्स्ट क्लास में धोनी से अधिक अधिक रन बनाए हैं। धोनी के बल्ले से 131 मैचों में 7038 रन निकले हैं।

**अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता टीम के हिस्सा थे :** सौरभ 2008 में अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे, जिसकी कमान विराट कोहली ने संभाली। तिवारी ने 2008 में मुंबई इंडियंस (एमआई) की ओर से आईपीएल में पदार्पण किया। वह आईपीएल में मुंबई के अलावा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स का हिस्सा रहे। उन्होंने 93 आईपीएल मैचों में 28.73 की औसत और 120.1 के स्ट्राइक रेट से 1244 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान 8 अर्धशतक जमाए। सौरभ को आईपीएल 2010 में शानदार प्रदर्शन करने के बाद एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चुना गया था। उन्हें एशिया कप में प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। उन्होंने अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में डेब्यू किया था।

## आइसीसी अंडर-19 टी20 विश्व कप टीम ऑफ द टूनार्मेंट में 4 भारतीय

**नयी दिल्ली।** आइसीसी ने सोमवार को आइसीसी अंडर-19 टी20 विश्व कप टीम ऑफ द टूनार्मेंट की घोषणा की है। टीम में भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन सहित चार भारतीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। सहारन के अलावा टीम में शामिल अन्य भारतीयों में मुशीर खान, सचिन धस और सौम्य पांडेय हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू विबगेन को टीम की कमान सौंपी गयी है। ऑस्ट्रेलिया से टीम में तीन खिलाड़ी शामिल हैं। द. अफ्रीका से दो खिलाड़ी तथा वेस्टइंडीज और पाकिस्तान से एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं। चयन पैनल में कमेंटरी प्रतिनिधि इयान बिशप, मेलिंडा फैरेल और अभिनव मुकुंद, मीडिया प्रतिनिधि टेलफोर्ड वाइस और आईसीसी इवेंट प्रमुख क्रिस टेटली शामिल थे।

**टीम इस प्रकार है:** लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, हैरी डिक्सन, ह्यू विबगेन (कप्तान), नाथन एडवर्ड कैलम विडलर उबैद शाह , क्वेना मफाका और उदय सहारन, मुशीर खान, सचिन धस सौम्य पांडे (भारत)।

## तीसरे टेस्ट से पहले भारत को बड़ा झटका

# राजकोट में नहीं खेलेंगे केएल राहुल इस खिलाड़ी की चमकी किस्मत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट गुरुवार से राजकोट में खेला जाना है। भारत को राजकोट टेस्ट से पहले बड़ा झटका लगा है। धाकड़ बल्लेबाज केएल राहुल अनफिट होने के चलते तीसरे टेस्ट से बाहर हो गये हैं। ऐसे में देवदत्त पडिक्कल की किस्मत चमकी है। राहुल के रिप्लेसमेंट के रूप में भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है, जिसकी पुष्टि सोमवार को बीसीसीआई ने की। पडिक्कल साल 2021 में भारत के लिए दो टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 38 रन बनाये थे।

राहुल इंजरी के कारण विशाखापट्टनम में दूसरे मैच में नहीं खेले थे। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए तीन मैचों के लिए स्क्वॉड में शामिल किया गया था। बोर्ड ने अब आधिकारिक बयान में कहा, "केएल राहुल ने 90 प्रतिशत मैच फिटनेस हासिल कर ली है। वह बीसीसीआई मेडिकल टीम की देखरेख में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। वह चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए पूरी तरह से फिट होने के लिए बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में अपना रिकवरी प्रोसेस जारी रखेंगे। राहुल ने हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट के दौरान क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत की थी। उन्होंने हैदराबाद में 86 और 22 रन की पारी खेली थी। रविंद्र जडेजा इंजरी की वजह से विशाखापट्टनम में मैदान पर नहीं उतरे थे। सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है।

**तीसरे टेस्ट में टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, सरफराज खान, रजत पाटीदार, रवींद्र जडेजा, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, आर अश्विन, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर। जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप, देवदत्त पडिक्कल।

## स्पीड न्यूज

### शरारती तत्वों ने मवि अलौदिया में विधुत वायर किया क्षतिग्रस्त



बैठक में मौजूद ग्रामीण।

● शरारती तत्वों की करतूत से प्रबंधन व विद्यार्थी परेशान, अभिभावको के साथ की बैठक

**चंदवा।** विद्या की मंदिर कही जाने वाली स्कूलों को भी शरारती तत्व नुकसान पहुंचाने से बाज नही आ रहे है। ताजा मामला प्रखण्ड के अलौदिया ग्राम से आया है जहां शरारती तत्वों ने विद्यालय के विद्युत वायर को क्षतिग्रस्त कर दिया। पूर्व में भी कई बार शरारती तत्वों के द्वारा विद्यालय में लगे पंखों की चोरों व वायर को काटा जा चुका है। बार बार घटित हो रहे इस प्रकार के कृत्य से परेशान विद्यालय प्रबंधन के सोमवार को अभिभावकों के साथ बैठक की। बैठक में अभिभावकों को पूरे घटना से अवगत कराया गया। अभिभावकों ने कहा कि जो भी शरारती तत्व इस प्रकार की हरकत कर रहा है प्रशासन उसके साथ सख्ती से निपटे, ताकि ऐसी घटना की पूर्णवृति न हो। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वीणा भगत समेत कई अभिभावक मौजूद थे।

### डुमारो में अज्ञात वाहन के धक्के से मजदूर की मौत

● जिप प्रतिनिधि रोहित यादव ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती डुमारो ग्राम में रविवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान डुमारो ग्राम निवासी मुंगेश्वर सिंह (उम्र 45 वर्ष)पिता रामवृक्ष सिंह के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार मुंगेश्वर तिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। रविवार की शाम वह मजदूरी कर घर वापस लौट रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, घटना के बाद वाहन भागने में सफल रहा। दुर्घटना में मुंगेश्वर के मौत होने की सूचना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। सूचना पर जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी के प्रतिनिधि रोहित यादव रात में ही डुमारो गांव पहुंचे व परिजनों को सांत्वना दी व हर संभव मदद का भी भरोसा दिया। बता दें कि मृतक की दो छोटी बेटियां हैं। रोहित यादव ने बच्चों की परवरिश के लिए सहायता राशि देने की बात कही है। साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया करने की बात भी कहीं है।इधर सूचना के बाद सोमवार की सुबह पुलिस शव को कब्जे में लेकर अन्तःप्रेरणा हेतु लातेहार भेज दिया व जांच पड़ताल में जुट गई है।

### दीवार लेखन कर फिर एक बार मोदी सरकार को लाने का दिलाया संकल्प




दीवार लेखन करते सांसद प्रतिनिधि।

**बरवाडीह।** वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने सोमवार को कुचिला और छिपादोहर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत गांव चलो अभियान के तहत दीवार लेखन कर फिर एक बार मोदी सरकार को लाने की अपील लोगों से की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनहितैषी योजनाओं से गरीबों के सपने सच हो रहे हैं। हम सभी कार्यकताओं के परिश्रम से 2024 में एक बार फिर से मोदी सरकार प्रचण्ड बहुमत से बनकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जुटेगी।

### देश की तरक्की में किसानों की भागीदारी सबसे महत्त्वपूर्ण है : रेशमा रेखा मिंज



कार्यक्रम का उदघाटन करते बीडीओ व जनप्रतिनिधि।

**बरवाडीह।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखण्ड स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रखण्ड प्रमुख सुशीला देवी, जिप सदस्य संतोषी शेखर, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज और सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां बीडीओ ने किसानों को खरीफ फसल की जानकारी देते हुए खरीफ फसल की सही उपज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की में किसानों की भागीदारी सबसे महत्त्वपूर्ण है, और ऐसे में किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ते हुए किसानों की पैदावार को बेहतर बनाने काम करना है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को किसी भी तरह की समस्या होने पर किसान प्रखंड कृषि विभाग से सम्पर्क कर सकते है। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी देवलाल राम ने किसानों को कृषि विभाग के द्वारा आने वाले खरीफ फसल की बेहतर पैदावार के साथ-साथ मोटे अनाज के पैदावार को बढ़ावा देने को लेकर सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जोड़ने को लेकर जानकारियां दी गई। मोके पर रोशन कुजूर और सूरजमल प्रसाद समेत कई किसान मौजूद थे।

## मध्यान्न भोजन का चावल घर ले गए प्रधानाध्यापक, ग्रामीणों ने लगाया आरोप

# शिकायत मिली है मामले की करायी जायेगी जांच : बीडइओ

● प्रधानाध्यापक ने कहा, बेबुनियाद है मेरे ऊपर लगाए गए आरोप

**बरवाडीह के राजकीय उत्कर्मित मध्य विद्यालय कचनपुर का मामला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के केचकी पंचायत के ग्राम कचनपुर में संचालित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मध्यान भोजन का चावल प्रधानाध्यापक द्वारा घर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। सोमवार को विद्यालय के समक्ष कचनपुर निवासी बिकी सिंह, दिलीप सिंह, पांडेय सिंह और मुकेश ठाकुर समेत कई लोगो ने बताया की विगत कुछ दिन पहले कचनपुर के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर राय के द्वारा स्कूल में बच्चों के मध्यान भोजन के लिए मिले चावल की बोरी को अपने मोटर साइकिल पर लोड करके अपने घर लेकर चले गए। वहीं ग्रामीणों ने बताया की प्रधानाध्यापक द्वारा यह काम स्कूल के बंद हो जाने के बाद किया गया है। जिसका प्रमाण हम सभी के पास में उपलब्ध है।



जानकारी देते स्थानीय ग्रामीण।

वहीं इस संबंध में स्कूल के अध्यक्ष भगवती देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जब मुझे इसकी जानकारी मिली की नंदकिशोर सर स्कूल का चावल को अपने घर ले गए है, तो हमने इस बारे में उनसे पूछा तो उन्होंने जवाब दिया की जब सकूल में चावल खत्म हो जाता है, और ब्लॉक से मिलने में लेट होता है तो हम अपने जेब से खरीद कर चावल स्कूल में लाते है और बच्चो को खिलाते है। इसलिए जितना चावल हम अपने जेब का पैसा से लाए थे उतना चावल को गए है। वहीं वार्ड सदस्य ममता देवी ने बताया कि प्रधानाध्यापक नंदकिशोर राय द्वारा चावल लेकर जाते हमने देखा तो नहीं है और इस बात को लेकर पूरे गांव में चर्चा है। वहीं सोमवार को प्रधानाध्यापक नंदकिशोर राय अपने विद्यालय में उपस्थित नही थे। जिसके बाद दूरभाष पर पूछने पर उन्होंने बताया की हम अभी परीक्षा का कॉपी पहुंचाने लातेहार आए है। उन्होंने बताया की स्कूल से चावल को घर ले जाने का मेरे ऊपर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है, जिसने भी आरोप लगाया है वो साबित करें की मेरे द्वारा कब चावल को ले जाया गया है। उन्होंने कहा की अगर हमको चावल घर लेकर जाना ही होता तो हम बरवाडीह गोदाम से चावल को स्कूल में क्यों लाते उधर से ही लेकर घर चले जाते।

**क्या कहते है बीईईओ**

मामले को लेकर बरवाडीह प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि सोमवार को कचनपुर से कुछ ग्रामीणों ने मुझे फोन करके इस बारे में बता रहे थे पर इसकी मुझे कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पर इस मामले की गहनता से जांच कराई जाएगी।

## गांव चलो अभियान कार्यक्रम हेरहंज मंडल के सभी बूथों पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी का गांव चलो अभियान कार्यक्रम हेरहंज मंडल के सभी बूथों पर चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल गांव चलो अभियान के संयोजक कन्हाई प्रसाद अवधेश यादव मंडल के पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष सभी बूथ के अध्यक्ष बूथ के प्रभारी संयोजक और पंचायत प्रभारी भाजपा कार्यकर्ता बूथ पर जाकर कार्यक्रम कर रहे है। गांव चलो अभियान में केंद्र सरकार की सभी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं में पीएम आवास ,उज्ज्वला योजना, शौचालय, गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड बहुत सारे योजना चलाया जा रहा है जिससे गांव में रहने वाले लाभ



कार्यक्रम में शामिल भाजपाई।

मिल रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम भाजपा पार्टी द्वारा पूरे देश में किया जा रहा है चुनाव बहुत नजदीक है आने वाले 2024 में लोकसभा का चुनाव होगा। देश की जनता फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार बनाएगी, भाजपा पार्टी ने नारा दिया है अबकी बार 400 पार ओ आंकड़ा पार्टी का सही है। गांव चलो अभियान से पार्टी का बूथ जो है मजबूत हो रहा है, जिसका लाभ लोकसभा और विधानसभा में देखने को मिलेगा। गांव चलो अभियान में दीवाल लेखन का भी कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम के संयोजक हिमांशु रंजन को बनाया गया है। दीवाल लेखन का नारा है एक बार फिर से मोदी सरकार जो की सभी कार्यकर्ताओ द्वारा दीवाल पर कमल का फूल बना कर नारा को भी लिखा जा रहा है। गांव चलो अभियान के तहत बूथ नंबर 2, 3, ,4 6, 10, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 20, 22, 23, 24, 25, 26, 28 में सफल कार्यक्रम किया गया। जिसमे प्रभारी अवधेश यादव कैलाश ठाकुर मनोज यादव बिहारी प्रसाद संजय यादव अवध किशोर सिंह ओमप्रकाश जायसवाल मनोहर सिंह अखिलेश यादव विजय गुप्ता कृष्णा साव प्रमोद सिंह शंकर साव सकेस्वर राम परमेश्वर विश्वकर्मा अजय सिंह विजय यादव रोशन कुमार रवि कुमार उपेंद्र यादव शिव सिंह अरुण साव जितेंद्र यादव अशोक यादव सहित भाजपा के कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## लातेहार में आयोजित होगा विधिक सशक्तिकरण शिविर



बैठक में शामिल अधिकारी।

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में 14 फरवरी को टॉउन हॉल, लातेहार में आयोजित होने वाले विधिक सशक्तिकरण शिविर के सफल आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 14 फरवरी को लातेहार जिला के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाना है। विधिक सशक्तिकरण शिविर के आयोजन का उद्देश्य लातेहार जिले में आम नागरिकों तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार नालसा, नई दिल्ली और झालसा, रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 14 फरवरी को जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले विधिक सशक्तिकरण शिविर को सफल बनाने में सहयोग करें। जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डीएलएसए लातेहार, हिमांशू मोहन उपायुक्त सह उपाध्यक्ष, डीएलएसए, लातेहार, अमित कुमार विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो, सिविल कोर्ट, लातेहार, अंजनी अंजन पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, डीएलएसए, लातेहार करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि विधिक सशक्तिकरण शिविर को सफल बनाने के लिए हर संभव कदम उठाते हुए कार्यक्रम को सफल करना है।

# जनता से सीधा संवाद करेंगे राहुल गांधी : नसीम अंसारी

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बरवाडीह से शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता : प्रिंस गुप्ता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** राहुल गांधी की देश भर में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 फरवरी को पलामू प्रमंडल में पहुंचेगी। जिसे लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन में प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम और विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। जहां प्रिंस गुप्ता ने बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर पूरे बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के कार्यकताओं में उत्साह हैं। विधायक रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रखण्ड क्षेत्र से



बैठक में उपस्थित कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता।

हजारों कार्यकर्ता और पदाधिकारी न्याय यात्रा में शामिल होंगे। कांग्रेस कमेटी के द्वारा कार्यकताओं की लिस्ट तैयार कर ली गई है। बताया कि देश विरोधी ताकतों के साथ मिलकर भाजपा भारतवर्ष को तोड़ने का काम कर रही है। आगामी चुनाव में देश की जनता भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत विचारधारा और देश को तोड़ने की साजिश के खिलाफ राहुल गांधी द्वारा लगातार भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम में चलाया जा रहा है। बताया कि इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी सीधे जनता के संपर्क में आएंगे और आम जनता से रूबरू होकर उनसे बात करेंगे। वहीं बैठक में सभी कार्यकताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई। मौके पर नगर अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, प्रखण्ड उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, अजीत गुप्ता, बलदेव परहिया, इस्माइल अंसारी, शाहिद आलम, अवधेश मेहरा, रविंद्र पासवान, नरेश सिंह, संतोष प्रसाद राना प्रताप सिंह, शमशुल अंसारी, आनंद यादव, संजय सिंह, राजदेव यादव और राजा ठाकुर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### पत्रकार अजय सिन्हा का अंतिम संस्कार औरंगा नदी मुक्तिधाम में किया गया

**लातेहार।** दिवगंत पत्रकार अजय कुमार सिन्हा का अंतिम संस्कार सोमवार को रेलवे स्टेशन रोड के औरंगा नदी मुक्तिधाम में किया गया। उसके 12 वर्षीय पुत्र ने मुखाग्नि दी। इस दौरान उसे फफक कर रोता देख कर अन्य लोगों की भी आंखें नम हो गयी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में पत्रकारों के अलावा स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बता दें कि रविवार की सुबह लातेहार व डेमू रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे लाइन में से पत्रकार का शव बरामद किया गया था। पुलिस के अनुसार उसकी मौत एक मालगाड़ी की चपेट में आने से हुई है। घटना के बाद से पत्रकार अजय कुमार सिन्हा के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दिवंगत सिन्हा के पत्नी के अलावा एक पुत्र व एक पुत्री है। स्थानीय पत्रकारों ने दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और इस विषम घड़ी में परिजनों के साथ खड़े होने की बात कही। पत्रकारों ने सामूहिक रूप से आर्थिक सहयोग भी किया। इस मौके पर काफी संख्या में पत्रकार मौजूद थे।

### बारियातू मे इंटर आट्र्स के 6 व मैट्रिक सामाजिक विज्ञान विषय के 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**बारियातू।** प्रखंड में बनाये गए परिक्षा केंद्र प्रोजेक्ट प्लस हाई स्कूल में मैट्रिक व इंटरमीडिएट के परीक्षा सोमवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल बारियातू प्रथम पाली मे मैट्रिक विषय सामाजिक विज्ञान की परिक्षा में 498 परीक्षार्थी मे 496 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 02 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली मे इंटरमिडिएट आट्र्स विषय भूगोल मे 375 मे 369 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 06 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं विज्ञान व कंप्यूटर साइंस के विषय मे सभी 18 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर व दंडाधिकारी आशिस कुमार गुप्ता तथा राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय मे केन्द्राधिक्षक अनिता देवी ने परिक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाए। मौके पर विक्षक अजय बैठा, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, सत्येन्द्र राम, इमरेंसिया कुजुर, द्वारिका राम, रामाधार राम, संजीत कुमार, महेंद्र प्रसाद जमुनाधर मिश्र, बाबूलाल कुजुर सहित कई विक्षक का परिक्षा संपन्न कराने में अहम भुमिका रहा।

### चंदवा में कदाचार मुक्त वातावरण में चल रही है मैट्रिक व इंटर की परीक्षा



परीक्षा केन्द्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी।

● मैट्रिक में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 1702 उपस्थित व 14 रहे अनुपस्थित, इंटरमीडिएट भूगोल की परीक्षा में 6 रहे अनुपस्थित

**चंदवा।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा संचालित वार्षिक 10वीं बोर्ड व इंटरमीडिएट की परीक्षा चंदवा में शांतिपूर्ण चल रही है। सोमवार को पहली पाली में आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा दी। उक्त विषय के चंदवा से कुल 1716 विद्यार्थियों थे, जिसमे 1702 उपस्थित व 14 अनुपस्थित रहे। मैट्रिक के लिए बनाए गए पांच परीक्षा केंद्रों में से खीस्त राजा में 539 में 534 विद्यार्थी उपस्थित, 5 अनुपस्थित, ग्रीन फील्ड विद्यालय में 246 में 242 विद्यार्थी उपस्थित व 4 अनुपस्थिति, बालिका उच्च विद्यालय में 265 में सभी उपस्थित, मवि चंदवा में 188 में 187 उपस्थित, एक अनुपस्थित, वहीं प्लस 2 उच्च विद्यालय में 478 में 474 उपस्थित व 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में विद्यार्थियों ने भूगोल विषय की परीक्षा में भाग लिया। जिसमे खीस्त राजा विद्यालय में 284 में 380 उपस्थित, 4 अनुपस्थित, बालिका उच्च विद्यालय में सभी 114 उपस्थित व प्लस 2 उच्च विद्यालय में 274 चंदवा में 272 उपस्थित व 2 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। इधर परीक्षा को कदाचार मुक्त व शांति पूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर प्रखण्ड प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद देखी गयी। सीओ जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी शुभम कुमार के द्वारा सुरक्षा के परीक्षा केंद्रों में पुख्ता इंतेजाम किया गया है। परीक्षा को सपन्न कराने में केंद्राधीक्षक, वीक्षक, मजिस्ट्रेट अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं।

### लातेहार पत्रकार अजय सिन्हा की मौत से बारियातू मर्माहत, रखा मौन

**बारियातू।** प्रखंड के पत्रकारों ने हिंदी दैनिक अखबार के जिला ब्यूरोचीफ की मौत से काफी मर्माहत हैं। पत्रकारों ने उनके दिव्यांगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मौन रखने वालों मे अरशद अजमी, संजय राम, सत्येंद्र प्रसाद, मो कुतुबउद्दीन, रुपेश कुमार, रामप्रीत लोहरा उपस्थित थे। पत्रकार की रेलवे ट्रेक से रविवार को शव बरामद की गई। पत्रकारों ने परिवार के सहयोग के लिए सरकार से 25 लाख व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी का मांग किया है। अजय सिन्हा की मौत की प्रशासन से समुचित जाँच की मांग किया।

# स्वांग हवाई अड्डा जनता का धरोहर : योगेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** गोमिया हवाई अड्डा जनता का धरोहर इसे क्षति पहुंचाना जनमानस के भावना से खिलवाड़: उक्त बातें रविवार को गोमिया प्रखण्ड के हजारी पंचायत स्थित वैध टोला के मनसा मन्दिर प्रांगण में राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद महतो ने कहा उन्होंने कहा कि इस जन पंचायत के माध्यम से हजारी की जनता ने अपनी भावना से अवगत कराते हुए यह साबित किया है की हवाई अड्डा के साथ छेड़ छाड़ जनमानस और उनकी भावना के साथ छेड़ छाड़ है, जो कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा, उन्होंने कहा हवाई अड्डा क्षेत्र का धरोहर हैं उसे नुकसान पहुंचाया जाना जनता को ब्रदास्त नही होगा, श्री महतो ने कहा कि हवाई अड्डा बचाने का आंदोलन जनता का आंदोलन है,इसे संवैधानिक रूप से सीसीएल प्रबंधन और प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा, अगर संवैधानिक तरीके से समस्या का समाधान होता है तो ठीक है, नहीं तो जन आक्रोश फूटेगा और जन आंदोलन के रूप में हजारों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण महिला पुरुष हजारी हवाई अड्डा में डेरा डालो घेरा डालो का आंदोलन करेंगे, उन्होंने स्थानीय लोगों से राज्य के मुख्यमंत्री और बोकारो जिला उपयुक्त के नाम पत्र लिखकर मामले की जानकारी देने की बात कही, इससे पूर्व पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान, माकपा नेता राकेश कुमार, मुखिया शांति देवी, बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक कुलदीप प्रजापति, गणेश यादव, नरेश प्रजापति ने भी आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा आंदोलन इक्को पार्क के खिलाफ नही बल्कि इक्को पार्क के स्थान को लेकर चल रहा है, उन्होंने एक स्वर में कहा आगर इक्को पार्क हवाई अड्डा से स्थानांतरण नही होगा तो हम ग्रामीण जन आंदोलन को धारदार करेंगे, इससे पूर्व ग्रामिणो द्वारा राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष श्री महतो का फूल माला और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया, भव्य मो असरफ, केदार नाथ स्वर्णकार, हरि प्रजापति, मंटू यादव, सरमिला देवी, अमित पासवान, नरेश प्रजापति, बिनोद रजक, त्रिभुवान दास, रामचन्द्र मांझु, दुर्गा नायक, राजेश जयसवाल, वासुदेव राम, बिनोद यादव, सुनिल कुमार , आमोद प्रजापति, महंगू नायक, हुलास पासवान, भगत पासवान, कल्याणी देवी, परमेश्वर यादव, गौतम प्रसाद, बिट्टू प्रसाद, बद्री पासवान, आदि मंच संचालन केदार नाथ स्वर्णकार ने किया।

## एक नजर में

### थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**बेरमो।** सरस्वती पूजा शांति व सौहादपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने को लेकर रविवार को बोकारो थर्मल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता ने किया। बैठक में बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत आरमों पंचायत, गोविंदपुर के सभी छः पंचायत, कथारा बोडिया पंचायत एवं जारंगडीह पंचायत में होने वाले सभी सरस्वती पूजा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी पूजा समिति के लोगो सहित पंचायत प्रतिनिधियों से लिया गया। यहां थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता ने उपस्थित पूजा कमिटी के लोगो को बोकारो उपायुक्त के निदेशी की जानकारी देते हुवे कहे कि 14 फरवरी को सरस्वती पूजा करने के बाद 15 फरवरी को प्रतिमा की विसर्जन करना अनिवार्य है। साथ ही जहां भी सरस्वती पूजा हो रहीं हैं। आयोजनकर्ता को थाना में पूजा से संबंधित लिखित सूचना देना अनिवार्य है। इसके अलावे डीजे में अश्लील एवं भरकाव गाना बजाने वालों पर करवाई की जाएंगी। यहा बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र में लगभग 50 स्थानों पर सरस्वती पूजा होने से संबंधित जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा दी गई। वहीं धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी जोगेंद्र गिरी ने दिया। इस अवसर पर बोकारो थर्मल थाना के एसआई जे.गुड़िया, सुनीता देवी, मनोज कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव घांसी, जोगेंद्र गिरी, अख्तर अंसारी, सुजायत हुसैन, मंजूर आलम, मनीर आलम, भुनेश्वर साहू, बब्लू फ्रांडिस, मुखिया कामेश्वर महतो, बबलू सिंह, मुखिया सुदेश मुंडा, मो. शाहजहां, करीम अंसारी थे।

## स्पीड न्यूज

### मुखिया ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



शिलान्यास करते मुखिया।

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के बेलाबार गांव में सोमवार को मुखिया मूंगा साह ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उक्त पीसीसी पथ 15वें वित्त की राशि 2.50 लाख रुपए से हकीमुद्दीन अंसारी के घर से आयुब अंसारी के घर तक बनेगा। मौके पर मुखिया ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के सभी कच्ची सड़क का धीरे-धीरे पक्कीकरण किया जा रहा है। मुखिया ने कहा कि विकर्मा लोहार के घर से जमालुद्दीन अंसारी के घर तक मनरेगा योजना से इस सड़क का निर्माण जल्द कराया जायेगा। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सहुलियत होगी। मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, कसमुद्दीन अंसारी, कुण्डल सिंह, साबित अंसारी, मुजाहिदीन अंसारी, निसार अंसारी, जुबैर अंसारी, फुजैल अंसारी, सकील अंसारी, ओमनारायण गुप्ता, राकेश कुमार, असलम अंसारी, फरमान अंसारी, इरफान अंसारी, अरबिंद गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

### स्वदेशी मेला के विभिन्न कार्यक्रमों में लोग हुए आनंदित



**बोकारो।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा मेला में आए दर्शकों और राष्ट्र प्रेमियों के लिए सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम पाली में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं के बीच स्वावलंबी गांव को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता एवं छात्राओं व महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओ के सफल संचालन व आयोजन में शशांक शेखर अवधेश सिंह कमलेश्वरी मनीष श्रीवास्तव व प्रेम प्रकाश ने अहम भूमिका निभाई। सायं काल में आयोजित संगीत संध्या आकर्षण का केंद्र रही।

### चिन्मय एलुमनी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**बोकारो।** चिन्मय एलुमनी संगठन द्वारा इंडियन रेड क्रॉस समिति के सहयोग से चिन्मय विद्यालय बोकारो में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 76 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर में चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती विद्यालय के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार एवं एलुमिनी संगठन के अध्यक्ष रंजीत सचिव शशिकांत संजीव मिश्रा शैवाल गुप्ता मनीष त्रिपाठी सोनाली गुप्ता चंदन भाटिया अंशु प्रवीण सिंह डॉ पल्लव अजय रजनीश चौधरी रणविजय ओझा रणधीर नारायण प्रवीण कुमार सिन्हा रश्मि शुक्ल श्रेया गुप्ता मनीषा श्रीवास्तव नेहा सिंह प्रतिभा आभा सिंह दिनेश कुमार सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के डॉ यू मोहन्ती एवं उनकी टीम के साथ विद्यालय के शिक्षकों एवं एलुमनी के सदस्यों ने भरपूर सहयोग किया।

## विधायक अमर बाउरी ने किया सड़क का शिलान्यास



**बोकारो/तालगड़िया।** चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के बाटबिनोर गांव में पक्की सड़क का शिलान्यास करते हुए चंदनकियारी विधायक सह प्रतिपक्ष नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हर गांव को पक्की सड़क से जिला मुख्यालय तक जोड़ने की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की थी। आज लोग इससे लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के क्षेत्र में चंदनकियारी काफी अव्वल रहा है। कुल नौ सड़क का शिलान्यास किया गया जो कुल 39 किमी है एवं जिसकी लागत 15 करोड़ की होगी। मौके पर जिप सदस्य अंबिका देवी मुखिया रोबिन दास भाजपा के वरीय नेता हेमंत शेखर राधेश्याम सिंह समाजसेवी रामपद दास रतिलाल कुम्भकार राकेश मुखर्जी समेत अन्य मौजूद रहे।

## अबुआ आवास योजना की सूची से योग्य लाभुकों का नाम काटने पर ग्रामीणों ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते आजसू नेता।

**भवनाथपुर।** अबुआ आवास योजना की सूची से योग्य लाभुकों का नाम काटे जाने से क्षुब्द ग्रामीणों ने आजसू नेता जयराम पासवान के नेतृत्व प्रखंड परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए आजसू नेता जयराम पासवान ने कहा कि अबुआ आवास में सरकार के गाईडलाइन से हटकर के सर्वेक्षण कताओं द्वारा लाभुक चयन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किया गया है। प्रखंड के सभी पंचायतो में अबुआ आवास की प्राथमिक सूची में ऐसे अयोग्य लाभुकों का चयन कर उनका जिओ टैग कर लिया गया है, जिन्हें पूर्व में पीएम आवास का लाभ मिल चुका है, साथ ही कई ऐसे लाभुकों का चयन कर आवास हेतु जिओ टैग कर लिया है, जिनके पास तीन पहिया व चार पहिया वाहन के साथ साथ पक्का मकान और जमीन जायदाद है। कहा कि अगर ऐसे लाभुकों का नाम फाइनल सूची से हटाते हुए झोपडी व कच्चे मकानों में निवास करने वाले योग्य गरीब लाभुकों का चयन कर उन्हें अबुआ आवास का लाभ नहीं दिया गया तो भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई जारी रहेगी। धरना के अंत में मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्री मांग पत्र सौपा गया। ग्रामीणों ने बीडीओ के प्रतिनिधि के रूप में धरनास्थल पर पहुंचे अबुआ आवास के प्रखंड समन्वयक अशोक प्रसाद को मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर आजसू नेता व कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 51 बहनों की शादी को लेकर भाजपाईयों ने घर घर जाकर दिया आमंत्रण

खबर मन्त्र संवाददाता



धन भिक्षाटन करते ग्रामीण।

**भवनाथपुर।** 28 फरवरी को नवजवान संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस पर 51 बहनों की शादी का आमंत्रण बनसानी पंचायत में भाजपा नेता निरंजन पाठक के नेतृत्व में ग्रामीणों को आमंत्रण दिया जा रहा है। लोगो को इस कार्यक्रम में आने व नवदाम्पत्य जोड़ो को आशीर्वाद देने का अनुरोध किया गया। ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए धन भिक्षाटन भी किया। ग्रामीणों मे इस कार्यक्रम को लेकर पंचायत में एक खुशनुमा माहौल बना हुआ है। बनसानी पंचायत में महिलाओं में भानु प्रताप शाही के द्वारा कराए जा रहे शादी को लेकर एक उत्साह का माहौल है लोग इसमें शामिल होकर आनादित हो रहे है। आमंत्रण का कार्य और निधि संग्रह बुथ संख्या 103, 102, 105, 107, 108 पे जोर शोर से चल रहा है। मौके पर ओबीसी मोर्चा के भवनाथपुर मंडल अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, वरिष्ठ भाजपा नेता रामपति बैठा, बुथ अध्यक्ष अभय पांडेय, मदन साह, दिलीप राम, सूर्यदेव ठाकुर, सूरज पाठक, विनय प्रजापति, शिवनंदन मेहता, विष्णुकांत कुशवाहा, जेपी गुप्ता, बिनोद सिंह, विद्या पासवान, विजय यादव, दयानंद यादव, राजेश्वर पासवान, मनमोहन यादव, देवधारि राम, अभिषेक साह, बिनोद बैठा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तेनुघाट मे जारी आंदोलन 69 वें दिन भी धरना जारी



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बेरमो अनुमण्डल जिला बनाने की मांग को लेकर अनुमण्डल मुख्यालय तेनुघाट में बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम के 69 वां दिन सोमवार को भी जारी रहा बेरमो अनुमण्डल जिला बनाने की मांग का समर्थन आज संतोष कुमार नायक के सहयोग में हजारी पंचायत के मुखिया श्रीमती तारामणि देवी एवं विस्थापित नेता नरेश प्रजापति और समाज सेवी हरी प्रजापति, मन्टु यादव, आदि गणमान्य लोग धरना में शामिल हुए।

## छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के मंजूरा निवासी जन वितरण प्रणाली दुकानदार कृपा शंकर जायसवाल को कसमार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश की रहने वाली 11 वर्षीय पीड़िता अपनी मामी के साथ आरोपी के घर राशन लेने गयी थी। वह लगभग एक साल से अपनी मां के साथ नानी घर में रह रही है। चावल लेने के क्रम में आरोपी पीड़िता का हाथ पकड़कर अपने घर के अन्दर रूम में हो गया और छेड़खानी करने लगा तथा बलात्कार करने का प्रयास किया जिस पर पीड़िता जोर जोर से चिल्लाने लगी। तब आरोपी ने छोड़ दिया और धमकी दिया कि ये सब किसी को बोलेगी तो जान से मार देंगे। पीड़िता व उसकी मामी घर आकर घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने घटना की जानकारी कसमार पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। पीड़िता दूसरे समुदाय के होने के कारण घटना से गांव में तनावपूर्ण स्थिति है।

## संयुक्त मोर्चा ने ढोरी खास मे पीट मिटिंग कर हड़ताल सफल बनाने का किया आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता



**फुसरो(बेरमो)।** संयुक्त ट्रेड यूनियन के द्वारा सीसीएल ढोरी क्षेत्र अंतर्गत ढोरी खास परियोजना के इनकलाईन नंबर 7-8 में 16 फरवरी को जन आक्रोश रैली के तहत देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए पिट मीटिंग आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता इंटक के रीजनल अध्यक्ष गिरिजा शंकर पांडेय तथा संचालन एटक के क्षेत्रीय सचिव जवाहरलाल यादव ने की। इस दौरान उपस्थित नेताओं ने 16 फरवरी के देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आग्रह किया। मोदी हटाओ देश बचाओ के नारे से पिट मीटिंग की शुभारंभ करते हुए कहा कि अगर मोदी को सत्ता से बेदखल नही किया गया तो कोयला इंडस्ट्रीज के साथ देश के तमाम इंडस्ट्रीज खत्म हो जाएगा। कहा कि मोदी सरकार सारे सरकारी तंत्र को बेचने का काम कर रहा है। यह सरकार फिर से देश को गुलामी की राह पर ले जा रहा हैं। मजदूरों के लिया बनाया गया 44 श्रम कानून को बदल कर 4 श्रम कानून बना दिया है। कहा कि 16 फरवरी को देश व्यापी जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया है। यह आंदोलन महंगाई, बेरोजगारी, कानून का उल्लंघन, आमिर परस्त नीति, अति अमीरों को राहत, करो का बोझ, सब्सिडी और सामाजिक सुरक्षा में कटौती, वेतन में कमी, जन अधिकार और जनवादी आंदोलन को कुचलना की कोशिश तथा आस्था के नाम पर मेहनतकशों को बांटने की साजिश के खिलाफ यह आंदोलन किया जाएगा। मौके पर संयुक्त मोर्चा के बताई में शिवनंदन चौहान, जयनाथ मेहता, मनोज ठाकुर, राजू बुकिया के अलावा तुलसी महतो, विकास सिंह, संजीव कुमार राय, देवीलाल मांझी सहित दर्जनों श्रमिक उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### लालू राज में...

**लंबे समय से जारी सियासी खेल खत्म :** फ्लोर टेस्ट से में सरकार के सफल होते ही लंबे समय से बिहार में चल रहा सियासी खेल खत्म हो गया। महागठबंधन का दावा था कि सरकार अल्पमत में है, लेकिन, फ्लोर टेस्ट में विपक्ष का ये दावा गलत साबित हुआ। सदन में बहुमत साबित करने के लिए 122 विधायकों की ही नीतीश सरकार को जरुरत थी। एनडीए गठबंधन का शुरू से ही दावा था कि उसके पास 128 विधायकों का संख्या बल मौजूद है। इनमें भाजपा के 78, जदयू के 45, हम के 4 और एक निर्दलीय सुमित कुमार सिंह शामिल हैं। **सदन में तेजस्वी यादव का संबोधन :** चर्चा के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, हम नयी सरकार के विपक्ष में खड़े हैं। माननीय नीतीशजी ने 9 बार शपथ लेकर रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। एक टर्म में तीन-तीन बार शपथ लिया, ये अद्भुत नजारा हमने देखा। मोदी की गारंटीवाले क्या यह गारंटी दे सकते हैं क माननीय नीतीश जी फिर पलटी नहीं मारेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार हमेशा से आदरणीय थे और रहेंगे। आप लोगों के मन में राम हैं, लेकिन मैं नीतीश जी को दशरथ की तरह पिता तुल्य मानता हूं। इन्होंने (नीतीश कुमार) मुझे वनवास पर नहीं भेजा, हालांकि, नीतीश जी कैकेयी जरूर चाहती थी कि राम वनवास जायें। आप सरकार चलाइये, लेकिन कैकेयी को पहचानिये।

### हेमंत की याचिका...

अब रिट पर फाइनल बहस होगी। उन्होंने बताया कि याचिका में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और समन को चुनौती दी गयी है। कपिल सिब्बल की ओर से कहा गया कि मामला लिबर्टी का है। ईडी वैसे मैटर की बात कर रही है जो उससे संबंधित नहीं है। इसपर इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी।

### राज्य में जेट परीक्षा...

चतुर्थ चरण में अंगीभूत कॉलेजों के एससीएसटी शिक्षकों की नियुक्ति के समय शैक्षणिक अर्हता को राज्यपाल के शिथिल करने के बाद 22 एससीएसटी शिक्षकों का सेवा सामंजन एवं वेतन निर्धारण उपलब्ध सृजित पदों के विरुद्ध स्वीकृति दी गयी। इसके अलावे शिक्षा निदेशालय, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में शिक्षक एवं अन्य पदों पर नियुक्ति के लिये भर्ती एवं सेवा शर्तों के लिए झारखंड तकनीकी शिक्षा सेवा नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति भी दी गयी। **इन प्रस्तावों को भी मंजूरी :** गढ़वा डेंटल मोड़ 75 पर से नावाडोहरी 343 पर भाया हुर चारमुहान पथ कुल लंबाई.15.132 किमी को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण एवं वृक्षारोपण सहित कार्य के 97 करोड़ साठ लाख सोलह हजार दो सौ मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति। गिरिडीह अन्तर्गत शिबरनी ;विराजपुर खेसखारी भाया बेलना, चितनखारी, ताराटांड, बराडीह झरखी पथ कुल लंबाई. 22.215 किमी को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुये चौड़ीकरण, मजबूतीकरण, पुनर्निर्माण कार्य, पुल कार्य 80,38,06,100 की प्रशासनिक स्वीकृति। केंद्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 अमृत एवं विश्व बैंक संपोषित झारखंड म्युनीसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट अंतर्गत 14436.84 लाख रु की लागत पर तकनीकी अनुमोदन प्राप्त लोहरदगा शहरी जलापूर्ति परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति। रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र अन्तर्गत निमार्णाधीन झारखंड सरकार के 11 कैबिनेट मंत्री के आवास के लिए 114,47,21,100 के पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्राप्त प्राक्कलन पर पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति। कोल्हान विवि के जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में संचालित विधि संकाय को जमशेदपुर को ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के रूप में अंगीभूत कर स्वीकृत एवं स्थापित करने की स्वीकृति। बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के लोक, निजी भागीदारी की पद्धति के आधार पर कार्यान्वयन के लिये 15722.45 की योजना की प्रशासनिक स्वीकृति। राज्यपाल सचिवालय की स्थापना में राज्यपाल के वरीय आप्त सचिव का एक पद सृजित करने की मंजूरी। झारखंड में बिजली आच्छादन योजना के शेष बचे हुए कार्यों को पूर्ण करने के लिए मार्च 2024 तक योजना के अवधि विस्तार। झारखंड राज्य विधि आयोग की कार्यावधि 14 नवंबर 2023 से 13 नवंबर 2025 तक भूतलक्षी प्रभाव से विस्तारित करने की घटनोत्तर स्वीकृति। पंचम राज्य वित्त आयोग के गठन की स्वीकृति। नक्सली-उग्रवादी घटनाओं में मारे गये इंडिया रिजर्व बटालियन के जवानों-कर्मियों के शेष कर्त्तव्य अवधि के वेतन के समतुल्य राशि उनके आश्रितों को भुगतान करने की स्वीकृति।

### फांसी से मुक्त...

खाड़ी देश की अदालत की तरफ से जब मौत की सजा का ऐलान किया गया था, तो भारत ने अपने कूटनीतिक चतुराई पेश करते हुए, इसके खिलाफ अपील की थी। इसका फायदा भी देखने को मिला था, क्योंकि 28 दिसंबर, 2023 को भारत की अपील को ध्यान में रखते हुए आठों नागरिकों को सुनाई गई मौत की सजा पर रोक लगा दी दी गयी थी। अजीत डोभाल ने निभायी अहम भूमिका : इंडिया की कूटनीतिक जीत के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की अहम भूमिका रही। उन्होंने पर्दे के पीछे की कूटनीति से यह सुनिश्चित किया कि भारतीय नौसेना के इन आठ पूर्व कर्मियों को रिहा किया जाये। उन्होंने कतर अधिकारियों संग कई बैठकें कीं। इसे भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत कहा गया और इसके हीरो पीएम नरेंद्र मोदी माने गये। पीएम मोदी के अलावा इस जीत में डोभाल भी हीरो भी रहे, जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर 8 पूर्व नौसैनिकों की रिहाई में बड़ी भूमिका निभायी। पीएम मोदी ने एक तरफ जहां 1 दिसंबर 2023 को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ मुलाकात कर इस मुद्दे पर बात की थी तो वहीं दूसरी तरफ एनएसए डोभाल ने पर्दे के पीछे की कूटनीति से यह सुनिश्चित किया कि भारतीय नौसेना के इन 8 पूर्व कर्मियों को रिहा किया जाये। अजीत डोभाल की कोशिशों के बाद ही कतर सरकार ने इन्हें रिहा किया। यही नहीं, कतर ने 8 भारतीयों के साथ ही एक अमेरिकी और एक रूसी को भी हिरासत से रिहा कर दिया।

## पत्रकारों ने मुख्यमंत्री, राजपाल के नाम बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



मांग पत्र सौंपते पत्रकार।

**मझिआंव।** मझिआंव-बरडीहा प्रखंड के पत्रकारों द्वारा ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले लातेहार के पत्रकार अजय सिन्हा की संदेहास्पद मौत की सीआईडी जांच की मांग करते हुए छह सूत्री मांग पत्र झारखंड मुख्यमंत्री एवं महामहिम राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें निवेदन पूर्वक आवेदन के माध्यम से कहा गया है कि राज्य में पत्रकार हित में यह बहुत दुखद स्थिति बनी है कि झारखंड के पत्रकार साथियों को आज तक कोई भी सुविधा तो नहीं मिल रही है। इसके बावजूद भी सीमित संसाधनों के साथ राज्य के पत्रकार लगातार अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सच के खिलाफ लिखने के लिए अब तो पत्रकारों की जान भी खतरे में पड़ रही है। ताजा मामला 11 फरवरी दिन रविवार को लातेहार से संज्ञान में आया है जहां संगठन को पत्रकार साथियों ने जो जानकारी दी है वह बेहद दुखद है। जैसा कि बताया गया है कि 11 फरवरी को लातेहार में संगठन के पलामू प्रमंडल के प्रभारी और राष्ट्रीय नवीन मेल के ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा कल रेलवे ट्रैक के किनारे क्षत विक्षत अवस्था में मिला है। इस संदेहास्पद घटना की कड़ी निंदा करते हुए मझिआंव-बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के पत्रकार एआईएसएमजेडब्ल्यूए के बैनर तले अखिलेश ठाकुर, विनय कुमार, उपेंद्र कुमार, सूर्य प्रकाश मेहता, चंदन मेहता, जिला अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम जयसवाल, जिला महासचिव अमित कुमार मेहता हम सभी लोग सीआईडी जांच की मांग करते हैं। इसके साथ पत्रकार अजय सिन्हा की किन लोगों से दुश्मनी थी। वर्ष 2023-24 में अजय सिन्हा ने किन-किन मुद्दों पर बेबाकी से खबरें लिखी थी क्या अजय सिन्हा को किसी ने धमकी या किसी तरह का प्रलोभन दिया था। 11 फरवरी 2024 को अजय सिन्हा रेलवे ट्रैक तक कैसे और क्यों पहुंचे। अजय सिन्हा की मौत की सूचना सबसे पहले किसने और किसको दी। अजय सिन्हा के आश्रित पत्नी को 10 लाख रुपए मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दी जाए। अतः निवेदन है कि राज्य सरकार शीघ्र इस गंभीर विषय पर ठोस कार्रवाई करें क्योंकि इस संदेहास्पद मौत को लेकर पत्रकारों में काफी रोष व्याप्त है। साथ ही संगठन के बैनर तले प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम जयसवाल जिला महासचिव अमित कुमार मेहता के द्वारा गढ़वा जिला उपयुक्त को एवं चंदन मेहता एवं सुशील कुमार यादव द्वारा सभी बिंदुओं पर मांग करते हुए मुख्यमंत्री एवं महामहिम राजपाल के नाम बरडीहा प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया है। इधर अजय सिन्हा की हत्या को लेकर अखिलेश ठाकुर, उपेंद्र कुमार, विनय कुमार सहित सभी पत्रकारों ने कहा कि इस तरह से झारखंड राज्य में पत्रकारों पर हमला बहुत ही निंदनीय है। कहा की पत्रकार निस्वार्थ भाव से काम करते आ रहे हैं और करते रहेंगे। अजय सिन्हा सहित अन्य पत्रकार के परिजनों को न्याय नहीं मिलता है तो संघ के बैनर तले हम सब न्याय दिलाने का काम करेंगे। साथ ही सारे पत्रकार सोमवार को काला बिल्ला लगाकर हत्या का विरोध जताया और अपना लेखनी का कार्य किये।

## स्पीड न्यूज



### रणबीर की रामायण में बिग बी की एंट्री

**मुंबई।** नितेश तिवारी की रामायण के लिए इस वक्त कास्टिंग जोर-शोर से चल रही है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान श्रीराम की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि अभिनेत्री साई पल्लवी सीता की भूमिका निभाएंगी। अब फिल्म रामायण में महानायक अमिताभ बच्चन की भी एंट्री हो गई है और वह दशरथ का किरदार निभाएंगे। पहले भी अमिताभ को फिल्म द लीजेंड ऑफ रामा के लिए दशरथ का रोल ऑफर किया गया था।

### डिप्टी सीएम का पद संविधान का उल्लंघन नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में उप मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री सिर्फ एक पदवी है, जो किसी भी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती है।

### रूस ने यूक्रेन पर 45 ड्रोन हमले किये

**कीव।** यूक्रेन पर रूस ने साढ़े पांच घंटों के दौरान 45 ड्रोन से हमले किए। यूक्रेन की वायुसेना ने एक बयान जारी कर बताया कि रूस द्वारा भेजे गए ईरान निर्मित 40 शाहिद ड्रोन को राजधानी कीव के बाहरी इलाके सहित देश के नौ क्षेत्रों में मार गिराया। मायकोलाइव क्षेत्र में एक हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया।

# महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**चव्हाण ने विधायक पद से भी दिया इस्तीफा, भाजपा में जाने की संभावना**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक शंकरराव चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनके बहुत जल्द भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। चव्हाण ने सोमवार को सुबह विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मिलकर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था लेकिन इसकी अधिकृत घोषणा नहीं की थी। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को पत्र लिखकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। अभी अशोक चव्हाण की ओर से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है लेकिन भाजपा नेताओं के बयानों से उनके बहुत जल्द भाजपा में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

भाजपा सांसद प्रताप पाटिल

## प्रधानमंत्री से मिला कर्पूरी ठाकुर के परिजन



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कपूरी जी पिछड़े और वंचित वर्गों के मसीहा रहे हैं, जिनका जीवन व आदर्श देशवासियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

प्रधानमंत्री ने एक लाख से अधिक युवाओं को दिये नियुक्ति पत्र, कहा

# सरकार ने बहाली की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया

- भाजपा ने पूर्ववर्ती सरकार की तुलना में डेढ़ गुना अधिक सरकारी नौकरियां दीं: मोदी
- नयी दिल्ली में कर्मयोगी भवन के पहले चरण की आधारशिला भी रखी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में डेढ़ गुना अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि हमने केंद्र सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त युवाओं को 1 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर नई दिल्ली में इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स ह्यकर्मयोगी भवनह्व के प्रथम चरण की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि इस नए ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स से क्षमता निर्माण की हमारी पहल को और मजबूती मिलेगी। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न हिस्सों के बीच सहयोग और तालमेल को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री मोदी ने नवनियुक्त युवाओं और उनके परिवारों को सरकारी नौकरी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने अपनी कड़ी मेहनत से इस सफलता को हासिल किया है। रोजगार मेले राष्ट्र निर्माण में हमारी युवा शक्ति के योगदान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार में युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने का अभियान जोरों से जारी है। पहले की सरकारों में नौकरी के लिए विज्ञापन जारी होने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक बहुत लंबा समय लग जाता था। इस देरी का फायदा उठाकर उस दौरान रिश्वत का खेल भी जमकर होता था। हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक युवा को अपनी क्षमताएं प्रदर्शित करने के समान अवसर प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल के साथ अपनी नौकरी की स्थिति को मजबूत कर सकते हैं।

# अब कक्षा 9 से 12 के लिए भी होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

एनसीटीइ-सीबीएसइ तैयार कर रहे हैं सिलेबस

- अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन में हुयी अनुशंसा
- शिक्षा नीति में विभिन्न स्तरों पर टीईटी को लागू करने की अनुशंसा की गयी है : शेरपा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) ने माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से कक्षा 12 तक) पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। अब तक शिक्षकों के लिए टीईटी की परीक्षा सिर्फ 9वीं तक हुआ करती थी। सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित एनसीटीई द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के आलोक में टीईटी पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन में इसकी अनुशंसा की गई । एनसीटीई की सदस्य सचिव केसांग वाई. शेरपा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विभिन्न स्तरों पर टीईटी को लागू करने की अनुशंसा की गई है। एनसीटीई माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से कक्षा 12 तक) पर टीईटी को प्रस्तावित एवं कार्यान्वित करने की दिशा में काम कर रहा है।

सीबीएसई की अध्यक्ष निधि छिब्बर ने कहा कि एक शिक्षक की क्षमता ही कक्षा में एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करती है, इसलिए शिक्षक पात्रता परीक्षा, एक शिक्षक की क्षमता एवं दक्षता को समझने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई लंबे समय से टीईटी की परीक्षा आयोजित करता रहा है, जिससे उसके पास एक लंबा अनुभव है, हम एनसीटीई के साथ इस संदर्भ का डेटा का साझा करेंगे और भावी योजना को साथ मिलकर क्रियान्वित करेंगे। इनकम टैक्स के प्रिंसिपल कमिश्नर विक्रम सहाय ने कहा कि शिक्षा के अलग-अलग स्तरों पर चुनौतियों के स्तर में भी बदलाव आता है, इसलिए हर स्तर की पात्रता के लिए मानकीकरण भी आवश्यक है।

एम्स-एसबीआइ डिजिटल रोगी देखभाल कार्ड लांच

# जल्द ही सभी एम्स में मिलेगी यह सुविधा

**नयी दिल्ली।** एम्स-एसबीआई डिजिटल रोगी देखभाल कार्ड सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया द्वारा एम्स नई दिल्ली के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास और एसबीआई के महाप्रबंधक मंजीत सिंह की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने इसे डिजिटल इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह वन नेशन, वन एम्स, वन कार्ड की दिशा में पहला कदम है। इस कार्ड से एम्स नई दिल्ली में कैंटीन सहित किसी भी स्वास्थ्य सेवा शुल्क का भुगतान कर सकता है। एक मरीज इस कार्ड में राशि जमा कर सकता है और इसे एम्स के विभिन्न ब्लॉकों में विभिन्न बिंदुओं पर रिचार्ज कर सकता है। जल्द ही इसे देश के अन्य 22 एम्स तक भी बढ़ाया जाएगा। अब सभी लेनदेन कैशलेस होंगे और इस कार्ड का उपयोग किया जाएगा। उपचार पूरा होने पर कार्ड में शेष राशि मरीज को वापस उनके खाते में स्थानांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह रोगी देखभाल में गेम-चेंजर साबित होगा। एम्स-एसबीआई स्मार्ट पेमेंट कार्ड निशुल्क उपलब्ध है। एम्स में मरीज के भर्ती होने के बाद उसे कार्ड जारी किया जाएगा । यह कार्ड मरीज के आभा नंबर या फिर अस्पताल में दिए जाने वाले यूनिक पहचान नंबर दिया जाएगा। यह कार्ड सभी सेवाओं के लिए कैश काउंटरों पर 24 घंटे कैशलेस भुगतान की सुविधा प्रदान करता है।

### बिहार विस के अध्यक्ष होंगे नंद किशोर यादव



**पटना।** बिहार में एनडीए की सरकार के फ्लोर टेस्ट के बाद भाजपा विधायक नंद किशोर यादव बिहार विधानसभा के नए अध्यक्ष बनेंगे। विधायक नंद किशोर यादव मंगलवार को नामांकन करेंगे। नंद किशोर यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और बिहार सरकार में लंबे समय तक मंत्री रहे हैं। 1978 में पहली बार नंदकिशोर यादव पटना नगर निगम से पार्षद का चुनाव जीते और 1982 में पटना के उप महापौर चुने गए। साल 1983 में पटना महानगर अध्यक्ष और 1990 में भाजपा के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए। साल 1995 में नंदकिशोर यादव पटना के पूर्वी क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़े और विधायक चुने गए।







